आषाढ़ कृष्ण पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 27 जून 2024
वर्ष 4, अंक 130, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





अंग्रेजों से हार का बदला लेने को तैयार टीम इंडिया 13

पिता की पुण्यतिथि पर याद कर भावुक हुए करण जौहर 14


## सड़कें अच्छी हालत में न हों तो टोल न वसूलें

नई दिल्ली, एजेंसी



- राजमार्ग एजेंसियों से बोले सड़क परिवहन मंत्री गडकरी

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि अगर सड़कें अच्छी हालत में नहीं हैं तो राजमार्ग का संचालन करने वाली एजेंसियों को उपयोगकर्ताओं से टोल नहीं वसूलना चाहिए।

गडकरी उपग्रह-आधारित टोल संग्रह प्रणाली पर आयोजित एक वैश्विक कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। इस प्रणाली को चालू वित्त वर्ष में ही 5,000 किलोमीटर से अधिक लंबे राजमार्गों पर लागू किया जाना है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आपको उसी जगह पर उपयोगकर्ता शुल्क वसूलना चाहिए, जहां आप सबसे अच्छी गुणवत्ता वाली सड़क मुहैया करा रहे हैं। अगर आप गड्ढों और कीचड़ वाली सड़कों पर भी टोल वसूलते हैं, तो आपको लोगों की प्रतिक्रिया का भी सामना करना होगा। एनएचएआई मौजूदा फास्टैग व्यवस्था के भीतर ही जीएनएसएस पर आधारित इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह व्यवस्था लागू करने की योजना बना रहा है।

**शासन की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदूर गांव तक पहुंचाने की योजना, संबंधित जिलों के डीएम और सीएमओ से शासन ने मांगा प्रस्ताव**

## बरेली, कानपुर, मुरादाबाद समेत 40 जिलों में बनेंगे 5 हजार स्वास्थ्य उपकेंद्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : राज्य सरकार को तलाश है ऐसी जगहों की जहां बढ़ी जनसंख्या की जरुरतों को देखते हुए स्वास्थ्य उपकेन्द्र खोले जा सकें। शुरुआत में ऐसे नए हेल्थ सबसेंटर किराए के भवन में संचालित किए जा सकते हैं लेकिन बाद में जमीन लेकर इसके लिए सरकार भवन भी बनवाएगी।

बरेली, कानपुर, पीलीभीत, मुरादाबाद समेत 40 जिलों में 5 हजार स्वास्थ्य उपकेंद्र स्थापित करने के लिए शासन ने प्रस्ताव मांगे हैं। शासन की ओर से इन जिलों के डीएम और सीएमओ को पत्र भेज दिया गया है। इसमें उनसे स्वास्थ्य उपकेंद्र के लिए प्रस्ताव मांगा गया है। जगह तय होने के बाद जल्द ही उपकेंद्र स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। शर्त यह रखी गई है कि स्वास्थ्य उपकेंद्र के लिए जगह का निर्धारण वहां की जनसंख्या के अनुसार किया जाए। दरअसल, जिस इलाके में जनसंख्या बढ़ी है, वहां जरूरत को देखते हुए ही ऐसे केन्द्र खोलने का प्रस्ताव किया जाए।

### इन जिलों में बनेंगे स्वास्थ्य उपकेंद्र

बरेली के साथ ही पीलीभीत, शाहजहांपुर, आगरा, फिरोजाबाद, प्रतापगढ़, फतेहपुर, प्रयागराज, ललितपुर, चित्रकूट, बाराबंकी, गोण्डा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बलिया, मऊ, गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, सिद्धार्थनगर बस्ती, सन्त कबीरनगर, कानपुर देहात, इटावा, औरैया, रायबरेली, सीतापुर, उन्नाव, हरदोई, गाजियाबाद, बुलन्दशहर, बिजनौर, मुरादाबाद, अमरोहा, रामपुर, सोनुरुद्र, भदोही, वाराणासी, चन्दौली एवं गाजीपुर में स्वास्थ्य उपकेंद्र बनेंगे।

### 12 अस्पतालों को अल्ट्रासाउंड मशीन

पेट संबंधी जांच व गर्भवती महिलाओं के इलाज में उपयोगी अल्ट्रासाउंड मशीनों की उपलब्धता आठ जिलों के 12 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कराई जा रही है। करीब 10 लाख रुपये प्रति मशीन के आधार पर राज्य सरकार ने एक करोड़ 20 लाख रुपये भेजे हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक के मुताबिक, ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एमबीबीएस चिकित्सकों को अल्ट्रासाउंड जांच की ट्रेनिंग भी करा दी गई है। राजधानी में गुडंबा व नगराम सीएचसी में, फिरोजाबाद में तीन, गाजियाबाद में दो, इसके अलावा कानपुर देहात, अंबेडकरनगर, कौशाम्बी, प्रतापगढ़ व रायबरेली में एक-एक मशीन भेजी जा रही हैं।

### 48 जिलों में 150 सीएचसी को देंगे डेंटल चेयर

ग्रामीण क्षेत्रों में दांतों की समस्या के लिए मरीजों को शहर के अस्पतालों में नहीं आना पड़ेगा। इसके लिए राज्य सरकार 48 जिलों में 150 सीएचसी पर दंत चिकित्सा सेवाएं दुरुस्त कराने के लिए डेंटल चेयर भेजेगी। इसके लिए 2.8 लाख की प्रति डेंटल चेयर के आधार पर कुल चार करोड़ 20 लाख रुपये स्वास्थ्य विभाग को स्वीकृत कर दिए गए हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.बृजेश राठौर ने बताया कि नौ चेयर अयोध्या के विभिन्न सीएचसी के लिए मिलेंगी। जौनपुर व प्रयागराज में आठ-आठ, मेरठ में सात, आगरा को छह, अमरोहा, कन्नौज, कानपुर देहात, प्रतापगढ़, बिजनौर, आजमगढ़ में पांच-पांच, बुलंदशहर, भदोही, कानपुर नगर को चार-चार, शामली, बदायूं, बहराइच, मिर्जापुर, कौशांबी, बरेली और सुल्तानपुर में तीन-तीन, उन्नाव, बांदा, झांसी, रायबरेली, फतेहपुर, बलिया, संभल, चंदौली व गोंडा में दो-दो, ललितपुर, अमेठी, औरैया, इटावा, हापुड़, चित्रकूट,मुरादाबाद, बागपत, देवरिया,मऊ, सहारनपुर, फर्रुखाबाद, कासगंज व गोरखपुर में एक-एक डेंटल चेयर उपलब्ध कराई जाएगी।






## ओम बिरला फिर बने लोस अध्यक्ष

### दूसरी बार दायित्व : ध्वनिमत से सदन का फैसला, विपक्ष ने नहीं की मत विभाजन की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद ओम बिरला को बुधवार को ध्वनिमत से लोकसभा अध्यक्ष चुन लिया गया। वह दूसरी बार यह उत्तरदायित्व संभाल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अध्यक्ष पद के लिए बिरला के नाम का प्रस्ताव रखा जिसका रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अनुमोदन किया। इस प्रस्ताव को कार्यवाहक अध्यक्ष भर्तृहरि महताब ने सदन में मतदान के लिए रखा और जिसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस सांसद कोडिकुन्नील सुरेश को अपना प्रत्याशी बनाया था, लेकिन मत-विभाजन कराने पर जोर नहीं दिया। इसके बाद कार्यवाहक अध्यक्ष महताब ने बिरला को लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिरला के पास जाकर उन्हें बधाई दी। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिरला को बधाई दी और प्रधानमंत्री मोदी से भी हाथ मिलाया। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू, बिरला को अध्यक्षीय आसन तक लेकर गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत विपक्ष के कई नेताओं ने बिरला को बधाई दी। विपक्ष के नेताओं ने उम्मीद जताई कि उन्हें सदन में जनता की आवाज उठाने का पर्याप्त समय मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर ओम बिरला को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनकी अध्यक्षता में 18वीं लोकसभा देश के नागरिकों के सपनों को सफलतापूर्वक पूरा करेगी। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिरला को बधाई देते हुए कहा कि मैं आपके दूसरी बार अध्यक्ष चुने जाने पर आपको बधाई देना चाहता हूं।



ओम बिरला को बधाई देते नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, साथ में प्रधानमंत्री मोदी और रीजीजू।

- प्रधानमंत्री मोदी, राहुल गांधी और संसदीय कार्यमंत्री रीजीजू अध्यक्षीय आसन तक लेकर गए
- विपक्ष के नेताओं ने बिरला से सदन में अपनी आवाज भी सुने जाने की उम्मीद जताई

### जनअपेक्षाओं पर खरा उतरने का काम करें : बिरला

लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद बिरला (61) ने कहा कि सभी सदस्यों को संसदीय परंपराओं के अनुरूप सामूहिक रूप से राष्ट्रहित के लिए काम करना चाहिए तथा सड़क और संसद में विरोध के अंतर को समझते हुए सहमति-असहमति व्यक्त करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे पुन: इस महान सदन के पीठासीन अधिकारी के रूप में दायित्व निर्वहन करने का अवसर प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्रिपरिषद, सभी दलों के नेताओं और सभी सदस्यों का हार्दिक आभार। बिरला ने कहा कि हम सबका दायित्व हो जाता है कि जनता की आकांक्षाओं और अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए सामूहिक प्रयास करें।

### आपातकाल पर निंदा प्रस्ताव, विपक्ष ने किया हंगामा

बिरला ने अध्यक्ष के रूप में कामकाज संभालने के बाद 1975 में कांग्रेस सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल की लोकसभा में निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पढ़ा और कहा कि वह कालखंड काले अध्याय के रूप में दर्ज है जब देश में तानाशाही थोप दी गई थी, लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचला गया था और अभिव्यक्ति की आजादी का गला घोंट दिया गया था। इस दौरान सदन में कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने जोरदार हंगामा किया और नारेबाजी की। आपातकाल के खिलाफ आज जहां भाजपा के सांसदों ने संसद भवन के बाहर प्रदर्शन किया, वहीं सदन में आपातकाल पर प्रस्ताव रखे जाने के विरुद्ध विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया।

### कांग्रेस का चरित्र आज भी अधिनायकवादी : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संसद में आपातकाल के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की ओर से पढ़े गए निंदा प्रस्ताव का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि देश की वर्तमान पीढ़ी को ये जानने का अधिकार है कि कांग्रेस ने आजादी के बाद लोकतंत्र और संविधान के खिलाफ किस प्रकार का बर्ताव किया था। योगी ने कहा कि कांग्रेस में आज भले ही चेहरे बदल गए हों, मगर इसका चरित्र अधिनायकवादी और तानाशाही पूर्ण है।

## केजरीवाल को कोर्ट ने दी तीन दिन की सीबीआई रिमांड

नई दिल्ली, एजेंसी



- औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर कोर्ट से मांगी थी 5 दिन की हिरासत
- मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट से वापस ली अपनी अंतरिम जमानत याचिका

आबकारी नीति कथित घोटाला से जुड़े धन शोधन मामले में आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को यहां की एक विशेष अदालत ने बुधवार को तीन दिनों के लिए सीबीआई की हिरासत में भेजने का आदेश पारित किया। राऊज एवेन्यू स्थित अवकाशकालीन विशेष न्यायाधीश अमिताभ रावत की अदालत के समक्ष सीबीआई ने केजरीवाल से पूछताछ के लिए उनकी पांच दिनों की हिरासत की गुहार लगाई थी।

सीबीआई ने धन शोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की गिरफ्तारी के बाद तिहाड़ जेल में न्यायिक हिरासत में बंद केजरीवाल से मंगलवार को पूछताछ की थी। अदालती आदेश पर पूछताछ के बाद बुधवार को उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। इससे पहले केजरीवाल ने विशेष अदालत की ओर से 20 जून को दी गई जमानत के आदेश पर दिल्ली हाईकोर्ट की 21 जून के अंतरिम रोक के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती थी और उन्होंने अपनी याचिका (बुधवार को) वापस ले ली।

न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने उन्हें अपनी यह याचिका वापस लेने की अनुमति दी। पीठ ने हालांकि उन्हें जमानत आदेश के क्रियान्वयन को निलंबित करने वाले उच्च न्यायालय के 25 जून के आदेश को चुनौती देने वाली नई याचिका दायर करने की छूट दे दी।

### एक नजर

#### हिजाब पर प्रतिबंध के खिलाफ याचिका खारिज

**मुंबई।** बम्बई हाईकोर्ट ने बुधवार को छात्राओं के एक समूह की ओर से दायर वह याचिका खारिज कर दी, जिसमें मुंबई के एक कॉलेज के निर्धारित ड्रेस कोड को चुनौती दी गयी थी। न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर और न्यायमूर्ति राजेश पाटिल की खंडपीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि हम हस्तक्षेप करने के लिए इच्छुक नहीं हैं।

#### सेंसेक्स और निफ्टी फिर नई ऊंचाई पर पहुंचे

**मुंबई।** स्थानीय स्तर पर पेट्रोलियम समेत अलग-अलग क्षेत्रों में कारोबार करने वाली दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज की चार प्रतिशत से अधिक की छलांग से बुधवार को शेयर बाजार को पंख लग गए। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 620.73 अंक अर्थात 0.80 प्रतिशत की छलांग लगाकर 78,674.25 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। निफ्टी भी 147.50 अंक यानी 0.62 प्रतिशत मजबूत होकर 23,868.80 अंक के सार्वकालिक स्तर पर रहा।

**नीट प्रश्न-पत्र लीक मामला**

## दो अभियुक्तों की सीबीआई रिमांड

पटना, एजेंसी

- केंद्रीय जांच एजेंसी 4 जुलाई तक करेगी पूछताछ

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की बिहार में पटना स्थित एक विशेष अदालत ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के प्रश्न-पत्र लीक मामले में जेल में बंद दो अभियुक्तों को एक सप्ताह की पुलिस रिमांड पर पूछताछ के लिए बुधवार को सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया। सीबीआई के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी हर्षवर्धन सिंह की अदालत ने यह आदेश सीबीआई के आवेदन पर सुनवाई के बाद दिया है। विशेष अदालत ने जेल में बंद अभियुक्त चिंटू उर्फ बलदेव और मुकेश को हिरासती पूछताछ के लिए 27 जून से 04 जुलाई तक के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश आदर्श केंद्रीय कारागार बेउर के अधीक्षक को दिया है।

अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि दोनों अभियुक्तों की चिकित्सकीय जांच करने के बाद उनसे पूछताछ की जाएगी और फिर चिकित्सकीय जांच कराकर 04 जुलाई को दिन के 11 बजे तक न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करना है। सीबीआई ने इस मामले में पटना के शास्त्रीनगर थाना में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर 23 जून को अपनी प्राथमिकी दर्ज की है और जांच अपने हाथ में ले लिया है।

### सीट दिलाने के लिए वसूले 12 लाख रुपये

**कोलकाता।** कोलकाता के एक शिक्षण संस्थान से जुड़े एक व्यक्ति को एक छात्र के माता-पिता से पैसे लेकर नीट परीक्षा की मेरिट सूची में स्थान दिलाने का वादा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि आरोपी ने छात्र को 12 लाख में कोलकाता के एक मेडिकल कॉलेज में सीट दिलाने का भी आश्वासन दिया था। जिसमें से 5 लाख रुपये ले भी लिए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शेक्सपियर सरानी पुलिस थाने में दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर आरोपी को मंगलवार रात को गिरफ्तार किया गया था।

### महाराष्ट्र के लातूर से एक और आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** नीट-यूजी पेपर लीक घोटाला मामले के तीसरे आरोपी संजय जाधव को महाराष्ट्र के लातूर से पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। जाधव से पूछताछ में इस घोटाले में शिक्षा क्षेत्र के कई लोग, छात्र और अभिभावकों के भी शामिल होने का पता चला है। पुलिल ने बताया कि एक निजी स्कूल में विज्ञान शिक्षक जाधव ने दिल्ली के मास्टरमाइंड गंगाधर मुंडे और महाराष्ट्र के दो आरोपियों- हेडमास्टर पठान और इरन्ना कोंगलवार के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाई है।

## नानकमत्ता में बिजली गिरने से किसान की गई जान

संवाददाता, नानकमत्ता

**अमृत विचार :** नानकमत्ता में बिजली गिरने से खेत की सिंचाई कर एक किसान की मौत हो गई। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भिजवा दिया है। ग्राम मगरसंडा निवासी सचिन सिंह राणा (35) पुत्र नरेश सिंह राणा मंगलवार रात धान रोपाई के लिए खेत की सिंचाई कर रहा था। इस दौरान लगातार बारिश हो रही थी। एकाएक मूसलाधार बारिश के बीच एकाएक कड़कड़ाती हुई बिजली खेत में आकर गिर गई। जिससे सिंचाई कर रहा सचिन करंट की चपेट में आ गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।



सचिन सिंह राणा (फाइल फोटो)

तहसीलदार पूजा शर्मा व नायब तहसीलदार जगमोहन त्रिपाठी ने मौके का मुआयना किया। मृतक अपने पीछे पत्नी मधु देवी, पांच वर्षीय पुत्र, छोटे भाई व वृद्ध मां को छोड़ गया है। दो दिनों पहले खटीमा क्षेत्र में बिजली गिरने से खेत में धान की रोपाई कर रहे भाई-बहन की मौत हो गई थी। विधायक गोपाल सिंह राणा और पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा ने घटनास्थल पर पहुंचकर शोक जताया।

## पूर्व विदेश सचिव मुचकुंद दुबे का निधन



**नई दिल्ली।** वर्ष 1990 से 1991 के तक भारत के विदेश सचिव रहे मुचकुंद दुबे (90) का बुधवार को अपरान्ह दिल्ली स्थित एक अस्पताल में निधन हो गया। वह कुछ हफ्तों से बीमार चल रहे थे। उन्हें हृदय संबंधी बीमारी थी। गुरुवार शाम लोधी रोड श्मशान घाट पर उनका दाह संस्कार किया जाएगा। मुचकुंद दुबे ने बांग्लादेश में भारत के उच्चायुक्त और संयुक्त राष्ट्र संगठन जेनेवा में भारत के स्थायी प्रतिनिधि की भी भूमिका निभाई थी। पूर्व विदेश सचिव को निःशस्त्रीकरण मामलों का विशेषज्ञ माना जाता था।

## वज्रपात से 11 की मौत, कई झुलसे

समाचार डेस्क, लखनऊ

- पीलीभीत व शाहजहांपुर में 4, संभल में 3, जालौन व बहराइच में एक-एक व लखीमपुर में 2 की गई जान

**अमृत विचार** : प्रदेश के कई जिलों में आंधी-बारिश के बीच हुए वज्रपात में 11 लोगों की जान चली गई है। पीलीभीत व शाहजहांपुर में 4 ,लखीमपुर खीरी में 2, जालौन व बहराइच में एक-एक व संभल में 3 लोगों की मौत हुई है। आकाशीय बिजली (वज्रपात) गिरने से कई लोग झुलस भी गए हैं।

पीलीभीत के सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम खजुराह के खूबचंद का 17 वर्षीय पुत्र अर्जुन बुधवार सुबह खेत पर गया था। उसके साथ गांव का विपिन, धर्मेंद्र, जितेंद्र भी थे। चारों आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। इलाज के दौरान अर्जुन की मौत हो गई। घुंघचिहाई के मटेहना कॉलोनी के सरवन कुमार (50) धान की रोपाई कर रहे थे। बिजली गिरने से वह अचेत हो गए। उन्हें सीएचसी पूरनपुर ले जाया गया, जहां मृत घोषित कर दिया। शाहजहांपुर में जलालाबाद के नयागांव गुलरिया के नीलेश (17) की जान भी आकाशीय बिजली गिरने से चली गई।

सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के बरेंग गांव में बीए की छात्रा राजकुमारी (19) बुधवार दोपहर बारिश में छत पर नहा रही थी। तेज चमक के साथ बिजली गिरी इससे छत में गड्ढा हो गया और राजकुमारी की झुलसकर मौत हो गई।

लखीमपुर खीरी जिले के गांव पड़री निवासी तेजपाल के दो बेटे आनंद (10) अपने छोटे भाई अभय राज (6) और परिवार के ही प्रेमपाल के पुत्र विनीत (6) व नीरज (11) के साथ घर के बाहर खेल रहे थे। वज्रपात से चारों झुलस गए। इलाज के दौरान आनंद व अभय की मौत हो गई। जालौन के कालपी तहसील के करमचंदपुर में पुत्तूलाल यादव व बहराइच के गांव फकीरपुरी में रामनिवास(12) पुत्र अजीत कुमार की मौत भी वज्रपात से हो गई। संभल में नखासा थाना क्षेत्र के गांव ततारपुर संदल निवासी मालती देवी बिजली गिरने से झुलस गई, इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## पीआरडी जवानों के मानदेय में 80 रुपये की वृद्धि

**ब्यूरो, देहरादून।** प्रदेश सरकार ने पीआरडी जवानों के मानदेय में 80 रुपये प्रतिदिन की बढ़ोत्तरी कर दी है। अब पीआरडी जवानों को प्रतिदिन 570 रुपये मानदेय के बजाय अब 650 रुपये प्रतिदिन मानदेय मिलेगा।

विभागीय मंत्री रेखा आर्या ने यह जानकारी देते हुए कहा कि पीआरडी स्वयं सेवक विभिन्न विभागों में अपनी सेवाएं देते हैं। ऐसे में पीआरडी द्वारा लगातार अपनी कई मांगों से राज्य सरकार को अवगत कराया जाता रहा है। अब सरकार ने उनके मानदेय में बढ़ोत्तरी कर दी है। इस निर्णय से लगभग 9400 जवानों को लाभ प्राप्त होगा।

## गलत मूल्यांकन करने वाले शिक्षक होंगे डिबार : रावत

ब्यूरो, देहरादून

- श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय में उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में गड़बड़ी का मामला

**अमृत विचार :** श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय में उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में हुई गड़बड़ी को उच्च शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने गलत मूल्यांकन करने वाले परीक्षकों को दस साल के लिए डिबार करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कुलपति को स्थायी परीक्षा नियंत्रक की नियुक्ति करने को कहा है। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए कुलपति को जांच के निर्देश दिए गए हैं। जांच में जो भी पहलू सामने आएंगे, उसके मुताबिक ठोस कार्रवाई की जाएगी। उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में लापरवाही बरतने वाले परीक्षकों को दस साल के लिए परीक्षा मूल्यांकन से डिबार जाएगा। उच्च शिक्षा मंत्री ने विश्वविद्यालया में स्थायी परीक्षा नियंत्रक न होने पर नाराजगी जताई।



डॉ. धन सिंह रावत
उच्च शिक्षा मंत्री

### निजी संस्थानों में होगा शिक्षकों का सत्यापन

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा कि शैक्षिक गुणवत्ता को दृष्टिगत रखते हुए श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी निजी शिक्षण संस्थानों में कार्यरत फैकल्टी का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। जिससे यह पता लग सके कि निजी शिक्षण संस्थानों में तैनात फैकल्टी यूजीसी एवं विश्वविद्यालय के नियमों के अनुरूप नियुक्त की गई हैं या नहीं। इस संबंध में विश्वविद्यालय प्रशासन को संबद्ध निजी संस्थानों की जांच के निर्देश दिए गए हैं।

## गैंगरेप और हत्या का आरोपी भाजपा नेता पार्टी से निष्कासित

ब्यूरो, देहरादून

- अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य पद से भी हटाया

**अमृत विचार :** हरिद्वार जिले में 13 साल की बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म व हत्या के मामले में नामजद भाजपा नेता को पार्टी ने सभी पदों से निष्कासित कर दिया है। साथ ही शासन ने भी उसे अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य पद से हटा दिया है।

हरिद्वार के बहादराबाद थाना क्षेत्र में 24 जून को तड़के पतंजलि योगपीठ के पास 13 साल की बच्ची का खून से लथपथ शव मिला था। काफी देर बाद शिनाख्त होने पर बच्ची के परिजनों ने गांव के ही अमित सैनी व प्रधानपति आदित्य राज सैनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। पुलिस के मुताबिक अमित सैनी बच्ची को 23 जून की शाम सात बजे बहला-फुसला कर ले गया था। अमित प्रधान पति आदित्य राज सैनी के पास काम करता है। बच्ची के नहीं आने पर परिजन आदित्य राज सैनी के पास गए वह टालमटोल करने लगा।

इधर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने भाजपा ओबीसी मोर्चा की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया है। वहीं प्रदेश सरकार में सचिव बृजेश संत ने आदित्य को उत्तराखंड अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य के पद से पदमुक्त कर दिया है।

## सार-संक्षेप

### गेठिया में जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**नैनीताल :** नैनीताल के गेठिया क्षेत्र में मंगलवार की रात 25 वर्षीय युवक की जहर खाने से मौत हो गई। गेठिया निवासी 25 वर्षीय युवक चन्द्रकान्त मंगलवार की शाम घर पर था। रोज की तरह वह खाना खाकर सो गया। देर रात तबियत बिगड़ने पर परिजनों ने युवक को देख तो वह उसको अस्पताल ले गए, जहां युवक की ओर से जहरीला पदार्थ खाने की पुष्टि हुई। प्राथमिक उपचार के बाद परिजन युवक को हल्द्वानी के अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि युवक की ओर से जहरीला पदार्थ खाने की सूचना मिली है। मौत के स्पष्ठ कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा। स्तानीय लोगों से पता चला कि युवक का एक वर्ष पहले तलाख हो चुका था। इन दिनों युवक क्षेत्र के एक टैंट हाउस में काम करता था।

### सरकारी कार्यालयों में ली नशा नहीं करने की शपथ

**नैनीताल :** अन्तर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर नैनीताल में जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सभी शासकीय विभागों में नशा मुक्त किये जाने की शपथ दिलाई। जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल ने कहा कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य बच्चे-बड़े सभी को नशे से छुटकारा दिलाना है। साथ ही नशा तस्करी पर भी लगाम कसना है, ताकि बच्चों का भविष्य अंधकारमय होने की बजाय उज्ज्वल और स्वर्णिम रहे। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर जनपद में विभिन्न कार्यालयों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशा मुक्त किये जाने की शपथ दिलाई गई। उन्होंने कहा कि जनपद में नशामुक्त भारत अभियान 30 जून तक चलाया जायेगा।



नशा मुक्त जिला बनाने के लिए विकास भवन में शपथ लेते कर्मचारी व अधिकारी।

### जिले को नशामुक्त बनाने की शपथ ली

**भीमताल :** जिला प्रशासन और जिला समाज कल्याण अधिकारी, नैनीताल की ओर से नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर जनपद के समस्त सरकारी विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों ने जिले को नशा मुक्त किए जाने की शपथ दिलाई। जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल ने बताया कि भारत सरकार की ओर से नशीली दवाओं की मांग में कमी के लिए राष्ट्रीय कार्ययोजना के अन्तर्गत देशभर में नशामुक्त अभियान संचालित किया जा रहा है। प्रदेश में 26 से 30 जून तक नशामुक्त भारत अभियान सप्ताह के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया।

### ताइक्वांडो चैंपियनशिप में पहुंचे विभिन्न राज्यों के खिलाड़ी

**नैनीताल।** बिड़ला विद्या मंदिर में बुधवार को ऑल इंडिया आईपीएससी ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। दो दिवसीय चैंपियनशिप में बिड़ला विद्या मंदिर नैनीताल, असम वैली स्कूल असम, हैदराबाद पब्लिक स्कूल हैदराबाद, एम्राल्ड हाइट इंटरनेशनल स्कूल इंदौर, संस्कार वैली स्कूल भोपाल, राज कुमार कॉलेज राजकोट, पेस्टल वीड स्कूल देहरादून, जीडी बिड़ला स्कूल रानीखेत के छात्रों ने प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि ताइक्वांडो, कोरियाई मार्शल आर्ट है। यह न केवल शारीरिक फिटनेस और आत्मरक्षा के लिए जानी जाती है, बल्कि यह आत्म-नियंत्रण, अनुशासन और मानसिक शक्ति का भी अद्भुत समावेश करता है। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हॉकी के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी नरेन्द्र सिंह बिष्ट मौजूदर रहे। इस दौरान विशिष्ट अतिथि उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष मुखर्जी निर्वाण, बिड़ला विद्या मंदिर के वित्त प्रबंधक संजय गुप्ता आईपीएससी के ऑब्जर्वर राकेश शर्मा, उप प्रधानाचार्य राकेश मुलासी, हेड मास्टर अजय शर्मा आदि मौजूद रहे।


ताइक्वांडो चैंपियनशिप में भिड़ते खिलाड़ी।

# बारिश के बाद कोहरे के आगोश में सरोवर नगरी, सैलानी भी घटने लगे

## पर्यटन सीजन अंतिम चरण में पहुंचा, वीकेंड पर रहती है अब कारोबारियों की नजर


नैनीताल की पहाड़ी पर छाया कोहरा। ● अमृत विचार


पंत पार्क में बारिश के बीच जाते सैलानी। ● अमृत विचार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** प्री-मानसून में बीते पांच दिनों से नगर में लगातार बारिश का दौर जारी है, जिससे सरोवर नगरी का मौसम भी काफी खुशनुमा हो चुका है।

बुधवार को भी नगर में सुबह करीब एक घंटे तक बारिश का सिलसिला जारी रहा, हालांकि उसके बाद झील के ऊपर व पहाड़ियों पर कोहरा छाया रहा। इस मनोरम मौसम के बीच सैलानियों ने नैनीझील में नौकायन कर रोप-वे की सवारी कर स्नो व्यू की यात्रा की। जहां से नगर की नैसर्गिक सुंदरता को अपने कैमरों में कैद किया। मौसम केंद्र जीजीआईसी के अनुसार बुधवार को नगर में अधिकतम तापमान 19 डिग्री तो वहीं न्यूनतम 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### बारिश में सुरक्षा के मद्देनजर लोग नहीं करते नैनीताल का रुख

**नैनीताल।** बीते पांच दिनों से लगातार हो रही बारिश का असर अब पर्यटन पर भी पड़ने लगा है। वहीं ईद के बाद से यूपी के रामपुर, मुरादाबाद आदि क्षेत्रों के लोगों को छोड़ दिया जाए तो बाकी दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान आदि शहरों से पहुंचने वाले सैलानियों की आमद अब धीरे-धीरे कम होने लगी है। वहीं पर्यटन कारोबारी का कहना है कि मानसून के रफ्तार पकड़ते ही पर्यटन सीजन भी समाप्त हो जाता है क्योंकि बारिश के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर लोग नैनीताल का रुख करना बंद कर देते हैं।

> अब मात्र एक सप्ताह का पर्यटन सीजन बचा हुआ है। मानसून सीजन शुरू होते ही पर्यटन सीजन समाप्त हो जाता है। उसके बाद व्यापारियों को केवल वीकेंड पर ही निर्भर रहना पड़ता है, हालांकि जुलाई से अगस्त तक मानसून अपने चरम सीमा पर होता है, तो ऐसे में सैलानियों की आमद जीरो हो जाती है।
> **-रमनजीत सिंह,** उपसचिव, होटल एसोसिएशन, नैनीताल




डीएम और एसएसपी के साथ वार्ता करते राज्यपाल। ● अमृत विचार

# विकास में तेजी लाकर कानून का पालन कराएं

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह से बुधवार को राजभवन नैनीताल में डीआईजी कुमाऊं मंडल डॉ. योगेंद्र रावत ने शिष्टाचार भेंट की।

राज्यपाल ने डीआईजी से कुमाऊं मंडल की कानून व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। राज्यपाल ने इसके बाद जिलाधिकारी वंदना सिंह के साथ बैठक कर जिले में चल रहे विकास कार्यों और जनता के लिए लाभकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान राज्यपाल ने एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा से जिले की विभिन्न समसामयिक विषयों और कानून व्यवस्था के बारे में जानकारी लेते हुए कानूनी नियमों का कड़ाई के साथ पालन करने के निर्देश दिए।

### महिलाओं के लिए ऐपण प्रशिक्षण शुरू

**नैनीताल।** नगर पालिका की ओर से संचालित डे एनयूएलएम योजना के तहत गठित महिला समूह की महिलाओं के लिए छह दिवसीय ऐपण प्रशिक्षण कार्यक्रम का बुधवार को नगर पालिका सभागार में शुभारंभ किया गया। बतौर मुख्य अतिथि लीड बैंक मैनेजर केआर आर्या की ओर से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कर महिलाओं को उत्तराखंड की लोक कला ऐपण को पुनर्जीवित करने का आह्वान किया गया व महिलाओं को इस कार्य के लिए किसी भी वित्तीय सहायता के लिए मदद का भरोसा दिलाया। मुख्य प्रशिक्षक रितिका भट्ट की ओर से महिलाओं को कपड़े में ऐपण की जानकारी 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदान की जाएगी। नगर पालिका द्वारा बड़ौदा स्वरोजगार केंद्र आरसेटी के सहयोग से प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में आर सेटी हल्द्वानी से वित्तीय एवं साक्षरता अधिकारी सुरेश बिष्ट, हेम कृष्ण, प्रकाश गोस्वामी, नगर पालिका से जितेन्द्र राणा, चंदन भंडारी, सोनू तिवारी, सीमा कुंवर आदि मौजूद रहे।

# बेटियों ने रूस में दिखाया दमखम



विदेश में जीत का परचम फहराकर लौटे खिलाड़ी। ● अमृत विचार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** ब्रिक्स खेलों में भारतीय महिला मुकेबाजों ने अपना लोहा मनाया है, 19 से 22 जून तक कजान रूस में आयोजित मुक्केबाजी प्रतियोगिता में भारतीय मुक्केबाज ने बेटियों ने 2 स्वर्ण, 3 रजत और 5 कांस्य पदक अपने नाम किए हैं। जानकारी देते हुए भारतीय महिला मुक्केबाजी टीम के कोच अभिषेक शाह ने बताया कि कजान रूस में भारतीय महिला मुक्केबाजों में विश्व के कई बड़े मुक्केबाजों को हराकर पदक अपने नाम का देश का नाम रोशन किया है।

अभिषेक ने बताया मुक्केबाजी प्रतियोगिता में विश्व के करीब 22 देशों की महिला टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें भारत की टीम का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ कर रहा है।

#### पदक जीतने वाले खिलाड़ी

1. मिनाक्षी 48 किलोग्राम (स्वर्ण)
2. अनामिका 50 किलोग्राम (स्वर्ण)
3. ज्योति 52 किलोग्राम (रजत)
4. सोनिया 54 किलोग्राम (भागीदारी)
5. साक्षी 57 किलोग्राम (रजत)
6. मनीषा 60 किलोग्राम (रजत)
7. प्राची 63 किलोग्राम (कांस्य)
8. मंजू बंबोरिया 66 किलोग्राम (कांस्य)
9. ललिता 70 किलोग्राम (कांस्य)
10. पूजा रानी 75 किग्रा (कांस्य)
11. स्वीटी 81 किलोग्राम (भागीदारी)
12. नूपुर 81+ किलोग्राम (कांस्य)

#### भारतीय महिला बॉक्सिंग टीम को मिले इतने पदक

- 2 स्वर्ण
- 3 रजत
- 5 कांस्य


रामगढ़ में पौधे लगाते सहज योग संस्था के सदस्य। ● अमृत विचार

### पर्यावरण के लिए पौधरोपण

**भीमताल :** पर्यावरण संरक्षण के तहत उत्तराखंड सहज योग संस्था के सदस्यों ने रामगढ़ में पौधरोपण किया। कार्यक्रम के तहत बुधवार को झूतिया रामगढ़ में सहज योग संस्था के सदस्यों ने फलदार पौधे आम, अमरूद आदि का रोपण किया। इस अवसर पर संस्था के पूर्व स्टेट कोऑर्डिनेटर धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना आवश्यक है। इस अवसर पर मदन मेर, रेवती मेर, ममता मेर, निधि, नंदी, पावनी आदि थे।

### पूर्व प्रधानाचार्य ने तैयार करवाया शौचालय

**गरमपानी :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे पर नैनीपुल बाजार क्षेत्र में पूर्व प्रधानाचार्य व स्थानीय जसौद सिंह जीना ने खुद के खर्चे से शौचालय स्थापित कर दिया है। शौचालय स्थापित होने से हाईवे पर आवाजाही करने वाले पर्यटकों व यात्रियों को इसका लाभ मिल सकेगा। व्यापारियों ने पूर्व प्रधानाचार्य के कार्य की सराहना की। हाईवे पर छड़ा से क्वारब क्षेत्र तक करीब 30 किमी दायरे में सुलभ शौचालय के न होने से आवाजाही करने वाले पर्यटकों व यात्रियों को तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। आसपास के गांवों से हाईवे पर स्थित बाजार क्षेत्र में खरीदारी को पहुंचने वाले गांवों के बाशिंदे भी व्यवस्था न होने से परेशान रहते हैं। इसको देखते हुए सिरसा गांव निवासी पूर्व प्रधानाचार्य जसौद सिंह जीना ने बाजार क्षेत्र में सुलभ शौचालय के निर्माण का मन बनाकर नैनीपुल क्षेत्र में सुलभ शौचालय बनवाया। ग्राम प्रधान इंदु जीना, व्यापारी नेता कुबेर सिंह जीना आदि ने पूर्व प्रधानाचार्य की पहल को सराहनीय करार दिया है।

#### पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

# चिड़ियाघर में घटे वन्यजीव

- 40 प्रतिशत जानवरों की उम्र पूरी
- अन्य चिड़ियाघरों से जानवर नहीं मिलने से नई प्रजातियों का संकट

गौरव जोशी, नैनीताल

**अमृत विचार:** नैनीताल चिड़ियाघर में बुजुर्ग जानवरों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। उम्र पूरी कर चुके जानवरों के दुनिया को अलविदा कहने के कारण यहां विभिन्न प्रजातियां भी तेजी से कम हुई हैं। देश के चिड़ियाघरों से नए जानवरों की अदला-बदली की प्रक्रिया ठप होने से भी नई प्रजातियों की गिनती आगे नहीं बढ़ पा रही है।

नैनीताल को पर्यटकों के लिए और आकर्षक बनाने के लिए 1995 में गोविंद बल्लभ पंत प्राणी उद्यान की स्थापना की गई थी। समुद्र की सतह से करीब 2100 मीटर की ऊंचाई पर स्थित इस चिड़ियाघर को उत्तर भारत का एकमात्र हाई एल्टीट्यूट चिड़ियाघर माना जाता है। चिड़ियाघर की उम्र बढ़ने के साथ ही अब यहां के जानवर भी तेजी से बूढ़े हो रहे हैं। चिड़ियाघर में आज 20 फीसदी से अधिक जानवर उम्र के अंतिम पड़ाव पर हैं। चिड़ियाघर की शान माने जाने वाले भालू, लेपर्ड, टाइगर और भेड़िया सबसे वरिष्ठ सदस्यों में से हैं, हालांकि चिड़ियाघर प्रबंधन अन्य प्राणी उद्यानों से पत्राचार कर नए जानवर लाने का प्रयास कर रहा है।

### दर्जनभर नए मेहमानों के पहुंचने की उम्मीद

नैनीताल चिड़ियाघर के रेजर प्रमोद तिवारी बताते हैं, वन्यजीवों की कमी के चलते देश के विभिन्न चिड़ियाघरों से पत्राचार किया है। उनका सकारात्मक जवाब भी मिला है। स्न्हे लेपड मंगाने की कवायद काफी पहले से की जा रही है। दर्जनभर नए मेहमान नैनीताल चिड़ियाघर में लाए जाने की कवायद की जा रही है। पूर्व में दार्जिलिंग जू से एक मादा मरखोर नैनीताल लाई गई है। जल्द दूसरे स्थानों से भी दूसरे जानवर लाने की योजना बनाई जा रही है।

#### पांच साल में घट गए 33 जानवर

नैनीताल चिड़ियाघर में पांच साल पहले तक 33 प्रजातियों के 231 जानवर रहते थे, लेकिन आज चिड़ियाघर में जानवरों की संख्या 200 के आसपास आकर सिमट गई है। साइबेरियन टाइगर और स्नों लेपर्ड जैसी प्रजातियां तो पूरी तरह खत्म हो गई हैं। इसके अलावा कुछ पक्षियों की प्रजातियां भी पूरी तरह समान हो गई है।


जनसंवाद कार्यक्रम के तहत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते ब्लॉक प्रमुख।

### विकास कार्यों को तीव्र गति से पूर्ण करें अधिकारी : डॉ. बिष्ट

**भीमताल :** जनसंवाद दिवस में ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की समस्याओं को सुनकर अति शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। ग्रामीण निर्माण विभाग को नवनिर्मित ब्लॉक कार्यालय भवन में सभी कर्मियों को एक माह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। ब्लॉक प्रमुख ने मानसून को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की और सभी से अलर्ट रहने की अपील की। इस दौरान ब्लॉक के अन्तर्गत चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। विभागीय अधिकारियों को समय पर कार्य की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखकर पूर्ण करने के निर्देश दिए। जन संवाद में राशन कार्ड, कृषि, जल निगम, जल जीवन मिशन, मनरेगा सहित अन्य विभागीय मुद्दे ग्रामीणों ने प्रमुखता से रखे। ब्लॉक प्रमुख ने सभी समस्याओं का समाधान करने का अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान प्रधान विपिन जंतवाल, कमलेश आर्य, मनोज, मुन्नी देवी, पूर्व कनिष्ठ प्रमुख कुंदन नयाल, राजू सजवान, सहायक बीडीओ जगदीश पंत, अभियंता ग्रानिवि कुंदन आधिकारी, एलडी आर्य, उत्तम गोस्वामी, मोहन आर्य, राजेंद्र प्रसाद, जनप्रतिनिधि, ग्रामीण उपस्थित रहे।

**अनदेखी** — कांग्रेस ने इस संदर्भ में भीमताल विकास भवन में आज दोपहर 12 बजे सीडीओ से मिलने का ऐलान किया

# आलू की बीमा राशि जारी नहीं होने पर किसान चिंतित

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** आलू उत्पादकों को वर्ष 2023 से 2024 तक आलू बीमा की राशि नहीं मिल पाई है, इस कारण किसान चिंतित हैं। एक ओर स्थानीय जनप्रतिनिधि समय-समय पर देहरादून में आलू बीमा देने की मांग कर रहे हैं वहीं कांग्रेस को भी सरकार को घेरने का मौका मिल गया है।

कांग्रेस ने अब इस संदर्भ में भीमताल विकास भवन में 27 जून को 12 बजे जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में पर्वतीय क्षेत्र के किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए मुख्य विकास अधिकारी नैनीताल से भीमताल स्थित विकास भवन में मिलने का ऐलान किया। नगर कांग्रेस अध्यक्ष डीके डालाकोटी ने बताया कि इस दौरान आलू उत्पादक किसानों को आलू फसल का वर्ष और 2023-2024 का बीमा दिलवाने तथा आलू उत्पादक किसानों के फसली ऋण की वसूली को पूर्व की भांति किए जाने के संबंध में वार्ता की जाएगी। नई ऋण वसूली की जो डिमांड 1 अप्रैल की प्रक्रिया इस वर्ष अपनाई गई है वह पर्वतीय क्षेत्र के आलू उत्पादक किसानों के साथ घोर अन्याय है, जिसे कांग्रेस बर्दास्त नहीं करेगी। उन्होंने पर्वतीय क्षेत्र के किसानों से मांग के संबंध में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

### केन्द्र ने जारी करनी है बीमा राशि की किस्त

**भीमताल :** आलू बीमा के लिए भले ही पर्वतीय क्षेत्रों में और राजनीति गलियारों में कोहराम मचा हो, पर विभाग की भी मजबूरी है कि वह बिना धन के बीमा कैसे काश्तकारों को दे। विभाग के मुताबिक वर्ष 2023 2024 में खरीफ का बीमा नैनीताल जनपद से लगभग 19 हजार लोगों ने कराया था जिसकी बीमा राशि मिलनी है जो कि पहले अप्रैल-मई में जारी हो जाती थी। इस बार संभवत: लोक सभा चुनाव के चलते जारी नहीं हुई है। वहीं बताते हैं कि खरीफ की फसल जिसमें आलू के साथ साथ नीबू प्रजाति सेब, आड़, अदरक समेत और अन्य फसल सम्मलित हैं जनका बीमा दिया जाना है। वहीं बताते हैं कि कितनी राशि है इसकी जानकारी विभाग के पास नहीं होती है। यह बीमा करने वाली कंपनी को पता होता है। वहीं बताते हैं कि वर्ष 2024-2025 के लिए बीमा कराने की अंतिम तारीख 15 जून थी, जिसको वर्तमान में अपडेट किया जा रहा है।

> पर्वतीय क्षेत्र में काश्तकार बीमा इसलिए कराता है कि सही समय पर बीमा की राशि मिल सके। इस बार काफी देर हो गई है। सरकार को चाहिए कि पर्वतीय क्षेत्रों के काश्तकारों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए तुरंत बीमा की किस्त जारी करे।
> **-लाखन नेगी,** पूर्व विधायक प्रत्याशी, भीमताल विधान सभा



> केन्द्र से अभी किस्त जारी होनी है। किस्त जारी होने के तुरंत बाद वर्ष 2023-2024 की बीमा राशि दे दी जाएगी।
> **-आरके सिंह, मुख्य कृषि अधिकारी**



बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India / Medical Council Of India / Dental Council of India / Pharmacy Council of India / Indian Nursing Council / Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council / Association of Indian Universities / Uttar Pradesh State Medical Faculty
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

**आज का मौसम**

हल्की गरज के साथ तूफान और बारिश

29.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.15 | सूर्यास्त 07.15

# लालकुआं के श्रीलंका टापू में बनाया अस्थायी हेलीपैड

## जिला प्रशासन ने मानसून में आपदा प्रबंधन के तहत बनाया हेलीपैड, तीन माह का राशन व अन्य सामान गांव तक पहुंचाया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन ने मानसून में आपदा से निपटने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। लालकुआं के श्रीलंका टापू में अस्थायी हेलीपैड बनाया गया है, ताकि आपदा में बचाव व राहत कार्य प्रभावित नहीं हो और प्रभावितों को त्वरित मदद मिल सके।

लालकुआं का श्रीलंका टापू गौला नदी के बीचों-बीच बने टापू पर बसा हुआ गांव है। इस गांव में लगभग 50 परिवार रहते हैं। बारिश में गौला नदी का जल स्तर बढ़ने पर इस गांव का तहसील एवं जिला मुख्यालय से संपर्क कट जाता है। गांव से लोग आवाजाही नहीं कर पाते हैं। मानसून के दौरान बाढ़ का भी खतरा बना रहता है। इधर, मौसम विभाग ने 29 जून से बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। यदि चेतावनी के अनुसार बारिश हुई तो गौला नदी का उफान पर आना तय है। ऐसे में श्रीलंका टापू का मुख्यालय से संपर्क कटना भी तय माना जा रहा है।

इसको देखते हुए प्रशासन ने अभी से तैयारियां कर ली हैं। प्रशासन ने टापू पर अस्थायी हेलीपैड बनाया है। इस हेलीपैड से आपदा के दौरान आपात स्थिति में हेलीकॉप्टर से लोगों को रेस्क्यू किया जा सकता है। प्रशासन व बचाव एजेंसियां को भी मौके पर पहुंचने में मदद मिलेगी। इसके अलावा तीन माह का राशन, सिलेंडर, जीवन रक्षक दवाइयां भी स्टोर की गई हैं।



श्रीलंका टापू पर बनाया गया अस्थायी हेलीपैड। ● अमृत विचार

### ऐसे बना श्रीलंका टापू

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, वर्ष 1985 में अक्टूबर माह में गौला नदी में भीषण पानी आया और नदी ने दिशा बदल दी। नदी ने खुरिया खत्ता को काटना शुरू किया। जब तक बाढ़ समाप्त हुई तब तक खुरिया खत्ता दो हिस्सों में बंट चुका था। इसमें एक हिस्सा टापू नुमा था, जिसे श्रीलंका टापू नाम दिया। जबकि दूसरा हिस्सा खुरिया खत्ता ही है।

### वन बैरियर होंगे सक्रिय

एसडीएम परितोष वर्मा ने कहा हल्द्वानी तहसील के अंतर्गत बरसाती नालों की सफाई व नालों में पानी की मात्रा की देखरेख की जा रही है। चोरगलिया रोड पर शेर नाला व सूर्या नाला में पानी आने पर ट्रैफिक रोका जाएगा। नाले के पास वन विभाग का बैरियर है, इसे विभाग से समन्वय बनाकर सक्रिय किया जाएगा, ताकि नाले में पानी बढ़ने की सूचना समय से मिल सके।

> आपदा प्रबंधन के मद्देनजर श्रीलंका टापू में अस्थायी हेलीपैड बनाया गया है। वहां तीन माह का राशन, रसोई गैस व जरूरी दवाइयां उपलब्ध करा दी गई हैं। प्रशासन पल-पल की नजर बनाए हुए है। **-परितोष वर्मा,** एसडीएम हल्द्वानी



कुमाऊं मंडल विकास निगम के कांप्लेक्स का निरीक्षण करते एसडीएम परितोष वर्मा व अन्य। ● अमृत विचार

### कुमंविनि के कांप्लेक्स में शिफ्ट होगा उपकोषागार, शिल्पी हाट में तहसील

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** जिला प्रशासन ने प्रस्तावित बहुउद्देशीय नमो भवन के लिए कवायद तेज कर दी है। बुधवार को अधिकारियों ने तहसील, उप कोषागार और रोडवेज को शिफ्ट करने के लिए चयनित स्थानों का निरीक्षण किया। इसकी रिपोर्ट आला अधिकारियों को सौंपी जाएगी और जल्द ही शिफ्टिंग की प्रक्रिया शुरू होगी। एसडीएम परितोष वर्मा के नेतृत्व में टीम सबसे पहले कुमाऊं मंडल विकास निगम के कांप्लेक्स पहुंची। यहां कांप्लेक्स में बने हॉल देखे गए, जहां उपकोषागार व पेंशन कार्यालय शिफ्ट किया जाएगा। यहां वाहनों की पार्किंग, सुरक्षा, सुलभता और स्थान की उपलब्धता देखी गई। इसके बाद टीम ट्रांसपोर्ट नगर पहुंची, जहां अस्थाई बस अड्डा बनाया जाना है। इसको लेकर ट्रांसपोर्ट नगर की ओर से अनापत्ति दे दी गई है। अब परिवहन निगम प्री-फैब्रिकेटेड बस अड्डे का आगणन बनाकर एडीबी को देगा और एडीबी बजट देगा। इसके बाद अस्थायी बस अड्डे का निर्माण शुरू होगा। वहीं, तहसील कार्यालय को बरेली रोड शिल्पी हाट में शिफ्ट किया जाएगा। वहां भी व्यवस्थाएं देखी गईं। मालूम हो कि एडीबी के अंतर्गत 350 करोड़ का बहुउद्देश्यीय नमो भवन प्रस्तावित है। यह भवन बस अड्डा, तहसील, उप कोषागार को हटाकर समूचे क्षेत्र में बनाया जाएगा। इसके लिए इन सभी कार्यालयों को शिफ्ट किया जाना है। इस भवन में कई सरकारी दफ्तर, बस अड्डा, वाहनों की पार्किंग, ऑडिटोरियम वगैरह प्रस्तावित हैं। एसडीएम वर्मा ने बताया कि सरकारी दफ्तरों की शिफ्टिंग को लेकर निरीक्षण किया गया है। उपकोषागार को कुमंविनि के कांप्लेक्स, तहसील को शिल्पी हाट और बस अड्डे को टीपी नगर में शिफ्ट किया जाना है। निरीक्षण की रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी जाएगी। औपचारिकताएं पूरी होने के बाद जल्द ही शिफ्टिंग की प्रक्रिया शुरू होने के आसार हैं।

## गंदगी मिलने पर 16 सफाई कर्मियों का वेतन रोका

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** यातायात नगर अनुश्रवण समिति के अध्यक्ष एवं नगर मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने ट्रांसपोर्ट नगर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई नहीं होने पर सफाई कर्मचारियों का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं।

सिटी मजिस्ट्रेट वाजपेयी बुधवार की सायं ट्रांसपोर्ट नगर पहुंचे। यहां नालियां कूड़े से पटी हुई थी। सड़कों पर भी साफ-सफाई नहीं थी। इस पर उन्होंने लगभग 16 सफाई कर्मचारियों के वेतन रोकने के निर्देश दिए। वहीं, ट्रांसपोर्टर्स ने रोशनी की व्यवस्था की मांग की। इस पर उन्होंने बताया कि 20 से 25 स्ट्रीट लाइट बदलवा दी गई हैं। जल्द ही बाकी की स्ट्रीट लाइट चालू करा दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि बिजली के झूलते तारों व जर्जर पोलों की मरम्मत के लिए विद्युत विभाग को लिखा जाएगा। वाजपेयी ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर में पार्क के सौंदर्यीकरण के लिए एस्टीमेट बनाया जाएगा। इस अवसर पर ट्रांसपोर्ट व्यवसाइयों ने उनका बुके देकर स्वागत किया। साथ ही विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन भी सौंपा। इस दौरान कुंदन सिंह बिष्ट, देवभूमि ट्रक ऑनर्स के महासंघ अध्यक्ष राकेश जोशी, हरजीत चड्ढा, राकेश मेहरा, बृजेश तिवारी, दया किशन शर्मा आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### जिले में 58 शिक्षकों का हुआ नियमितीकरण

**हल्द्वानी :** नैनीताल जिले के प्राथमिक विद्यालयों में तैनात 58 सहायक अध्यापक व प्रधानाध्यापक का नियमितीकरण हो गया है। इस संबंध में बुधवार को जिला शिक्षा अधिकारी जगमोहन सोनी ने विज्ञप्ति जारी की है। जिसमें रामनगर के 36, कोटाबाग के 18 और धारी के 4 शिक्षक शामिल हैं। सोनी ने बताया कि सभी शिक्षकों को मौलिक नियुक्ति दी गई थी, लेकिन नियमितीकरणनहीं हुआ था। अधिकतम 5 वर्ष की सेवा के बाद स्थायी नियुक्ति दी जाती है।

### रोडवेज ट्रैफिक शाखा का धरना-प्रदर्शन कल

**हल्द्वानी :** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद की ट्रैफिक शाखा हल्द्वानी कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर शुक्रवार को धरना-प्रदर्शन करेगी। सुबह 10 बजे से हल्द्वानी स्टेशन में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। शाखा मंत्री अमित कुमार जंगवाल ने बुधवार को हल्द्वानी स्टेशन के वरिष्ठ स्टेशन प्रभारी को धरने में शामिल होने वाले कार्मिकों के अवकाश प्रार्थना पत्र दिए।

### शौक से शुरू होने वाला नशा बन जाता है लत

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** नशे की बढ़ती प्रवृति को देखते हुए निर्वाण नशा उन्मूलन एवं पुनर्वास केंद्र ने कार्यक्रम आयोजित किया। केंद्र की टीम ने नाटक के जरिये नशे के दुष्प्रभाव की जानकारी दी और लोगों से नशे से दूर रहने की अपील की। नाटक के जरिये यह दिखाने का प्रयास किया गया कि किस प्रकार एक व्यक्ति शौक अथवा दोस्तों के बहकावे में आकर नशे की शुरुआत करता है। फिर उसे बीमारियां घेर लेती हैं। उसका शारीरिक, आर्थिक, पारिवारिक, सामाजिक और व्यावसायिक जीवन खत्म जाता है। इस दौरान टीम ने नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शपथ दिलाई और हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस दौरान संस्था की प्रोजेक्ट डायरेक्टर रश्मि पंत, मनोवैज्ञानिक ललित कोश्यारी, दिनेश आगरी, धीरेंद्र जड़ौत, आनंद सिंह, गिरीश रिखाड़ी, नीरज जोशी आदि थे।

# नैनीताल में पार्किंग बनाने के लिए मांगी रक्षा संपदा विभाग की भूमि

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की और फिर से रक्षा मंत्रालय का दायित्व मिलने पर शुभकामनाएं दीं। साथ ही नैनीताल में पार्किंग बनाने के लिए रक्षा संपदा विभाग की भूमि राज्य सरकार को हस्तांतरित करने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि नैनीताल अब पर्यटन ही नहीं वरन आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हो गया है। जनपद में बाबा नीब करौरी महाराज के आश्रम कैंचीधाम में प्रतिवर्ष श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है। श्रद्धालु नैनीताल अथवा आसपास के होटल, गेस्ट हाउस में ही ठहरते हैं, लेकिन नैनीताल शहर में पार्किंग की बहुत समस्या है। उन्होंने कहा कि नैनी झील से 2 किमी की दूरी पर रक्षा संपदा विभाग की तीन एकड़ भूमि है। यदि इस भूमि को पार्किंग के लिए उपलब्ध करा दिया जाता है तो काफी हद तक पार्किंग की समस्या का समाधान हो जाएगा। इस पर रक्षा मंत्री सिंह ने मुख्यमंत्री धामी को यथा संभव सहयोग का आश्वासन दिया।



नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिलते सीएम धामी। ● अमृत विचार

## एसटीएच में ऑपरेशन के बाद महिला की मौत

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में एक गर्भवती महिला की ऑपरेशन के बाद मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल के चिकित्सकों पर लापरवाही करने का आरोप लगाया है। कंटोपा दिनेशपुर निवासी विश्वजीत मंडल अपनी गर्भवती पत्नी रंजना मंडल को डिलीवरी के लिए 24 जून को एसटीएच लाये थे। यहां ऑपरेशन के बाद रंजना ने बच्चे को जन्म दिया। इसके बाद एक और ऑपरेशन किया गया। जिसमें उसकी मौत हो गई।

मृतक के भाई राजकुमार ने बताया कि बहन के इलाज में चिकित्सकों ने लापरवाही की और गुमराह करते रहे। इधर, एमएस डॉ. जीएस तितियाल ने कहा कि इस संबंध में कोई शिकायत नहीं मिली है।

# दोस्तों संग घूमने आए रुद्रपुर के छात्र की गधेरे में डूबने से मौत

संवाददाता, नैनीताल/रुद्रपुर

**अमृत विचार :** दोस्तों के साथ नैनीताल घूमने आये एक युवक की गधेरे में डूबने से मौत हो गई। युवक रुद्रपुर के सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीए तृतीय वर्ष का छात्र है।

तल्लीताल थाने के एसओ रमेश बोरा ने बताया कि रुद्रपुर से पांच दोस्त बीते मंगलवार को नैनीताल घूमने आये थे। सभी नैनीताल घूमने के बाद वापस घर लौट रहे थे तभी ज्योलीकोट के पास नलेना गधेरे में नहाने चले गये। इसी दौरान 24 वर्षीय मोहित आर्या निवासी भूतबंगला बस्ती रुद्रपुर गहरे पानी में चला गया और डूब गया। दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो पाये। मोहित को डूबता देख सभी दोस्त डर गये और घर वापस आ गये। घर पहुंचने के बाद जब मोहित के परिजनों ने उसके बारे में पूछा तो सभी दोस्त बहाना बनाने लगे। सख्ती से पूछने के बाद उन्होंने मोहित के बड़े भाई को पूरी बात बताई। जिस पर वह ज्योलीकोट चौकी पुलिस के पास पहुंचा और घटना की जानकारी दी। बुधवार को पुलिस व एसडीआरएफ की टीम ने गधेरे में रेस्क्यू अभियान चलाकर शव को बरामद कर लिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### समय पर सूचना देते तो जिंदा होता मोहित



जिस गधरे में मोहित की डूबने से मौत हुई वो गधेरा प्रतिबंधित क्षेत्र में आता है। पुलिस ने पर्यटकों की इस क्षेत्र में आवाजाही पर रोक लगाई है। गांव के लोग भी यहां आने जाने से लोगों को मना करते हैं। बीते मंगलवार को मोहित और उसके दोस्त किसी तरह पुलिस व ग्रामीणों की नजर से बचते हुए गधेरे तक पहुंच गए और पानी में उतरकर मौज मस्ती करने लगे। मोहित गहरे पानी में चला गया और डूब गया। अगर समय रहते मोहित के दोस्त इसकी सूचना पुलिस या स्थानीय लोगों को दे देते तो शायद मोहित जिंदा होता।

# कोतवाली में रोया पति, पत्नी व बच्चों को ले गई दूसरी महिला

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कोतवाली में एक पति अपनी पत्नी और बच्चों के लिए फूट-फूटकर रोया। वह पुलिस से परिवार को बचाने की गुहार लगा रहा था। तभी पुलिस के सामने ही एक महिला उसकी पत्नी व बच्चों को अपने साथ ले गई।

कोतवाली स्थित महिला समाधान केंद्र में पहुंचे युवक ने बताया कि वह एक निजी कंपनी में काम करता है। उसकी दो बेटियां और दो बेटे हैं। पति-पत्नी में विवाद रहता था तो वह ससुराल आ गया। यहां वह किराए के कमरे में रहने लगा, लेकिन विवाद बंद नहीं हुए। पिछले कुछ माह से उसने घर का किराया भी नहीं दिया। इन्हीं सब को लेकर मामला कोतवाली और फिर महिला समाधान केंद्र पहुंच गया। महिला का कहना था कि पति न तो खर्च देता है और न ही घर का किराया। ऐसे में वह उसके साथ नहीं रहेगी। उसके साथ एक महिला और थी, जिसके साथ वह जाने लगी। पति पीछे-पीछे सड़क तक पहुंच गया। हाथ-पैर जोड़े, लेकिन पत्नी तो तरस नहीं आया। सभी फिर से महिला समाधान केंद्र पहुंच गए, जहां पति परिवार का हवाला देते हुए रोने लगा। पुलिस भी उसकी पत्नी को समझा नहीं सकी और वो अपनी बेटी के साथ दूसरी महिला के साथ चली गई।

### बस में हुई कहासुनी, पत्नी को स्टेशन पर छोड़ गया पति

**हल्द्वानी :** बस में कहासुनी के बाद एक पति अपनी पत्नी को बस स्टेशन पर छोड़ कर भाग गया। महिला रोते हुए पुलिस के पास पहुंची। जब लगा कि पति लौट कर नहीं आएगा तो उसने पुलिस को तहरीर दी। महिला ने बताया कि उसका पति गरुड़ बागेश्वर का रहने वाला है और दिल्ली के एक होटल में नौकरी करता है। वह उसके साथ ही रहती है। बुधवार को दोनों दिल्ली से बागेश्वर के लिए निकले थे। बस में सवार होने के बाद दोनों में किसी बात को लेकर बहस हो गई। बस हल्द्वानी बस स्टेशन पहुंची तो पति, महिला को यह बोलकर गायब हो गया कि कुछ देर में लौट कर आएगा। घंटों बीतने के बाद महिला रोते हुए कोतवाली पहुंची। पुलिस ने पति से फोन पर बात की और वीडियो कॉल पर पत्नी से भी बात कराई, लेकिन वह पत्नी को ले जाने के लिए राजी नहीं हुआ। जिसके बाद महिला ने पति के खिलाफ तहरीर दी। बताया यह उसकी दूसरी शादी है।

## बारिश का 28 व 30 जून को भारी अलर्ट

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** बुधवार को हल्द्वानी और आसपास के क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई। रूक-रूक कर हो रही बारिश से तापमान में गिरावट आई है। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। बारिश से हल्द्वानी का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि आद्रता 79 प्रतिशत और उत्तर दिशा से 6.7 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली।

गुरुवार को भी हल्की बारिश के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह अनुसार मैदानी क्षेत्रों में 5 एमएम व पर्वतीय क्षेत्रों में 10 एमएम तक बारिश हो सकती है। तेज हवा चलने के भी आसार हैं। 28 व 30 जून को प्रदेश के अधिकांश जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट किया गया है।

# बहन-बहनोई, दोस्त व मामा पर लगा पॉक्सो

**कार्रवाई**

- न्यायालय के समक्ष पेश कर आरोपियों को भेजा जेल
- किशोरियों को परिजनों के सुपुर्द किया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा से लापता किशोरियों के मामले में अपहरणकर्ताओं की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। पुलिस ने नाबालिग आरोपी के दोस्त, बहन-बहनोई और मामा पर अपहरण के साथ पॉक्सो एक्ट व मानव तस्करी की धारा लगाई है। उन्हें बुधवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया। वहीं बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश करने के बाद किशोरियों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

बनभूलपरा के जवाहरनगर से बीती 20 जून को 9वीं और 11वीं कक्षा में पढ़ने वाली दो किशोरियों का अपरहण किया गया। दोनों को उन्हीं के मोहल्ले में रहने वाला समुदाय विशेष का किशोर ले गया था। 25 जून को पुलिस ने किशोरियों को मंसूरपुर मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन से बरामद किया, जहां से आरोपी नाबालिग भी पकड़ा गया। पुलिस की पड़ताल में सामने आया कि इस पूरे मामले का मास्टर माइंड नाबालिग आरोपी का मामा लाइन नंबर 17 बनभूलपुरा निवासी अब्दुल समी उर्फ भोला था। इसी के कहने पर नाबालिग आरोपी ने किशोरियों को बरगलाया और अपहरण कर लिया।

वह भी सिर्फ इसलिए क्योंकि अब्दुल समी ने भी दूसरे समुदाय की लड़की से ठीक इसी तरह शादी की थी। बदायूं में रहने वाली आरोपी की बहन मृदाटोला सहसवान बदायूं निवासी निशा उर्फ नूरीन व उसके पति उजैर उर्फ आसिफ ने उन्हें अपने घर में न सिर्फ संरक्षण दिया, बल्कि भागने में मदद की और पुलिस को भी गुमराह किया। इस पूरे मामले में विहारी सिखेड़ा मुजफ्फरनगर निवासी आमिल भी शामिल था, जो आरोपी का दोस्त है। मंगलवार को इन सभी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने कड़ी पूछताछ की। बुधवार को सभी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से इन्हें जेल भेज दिया गया।

### मामा बढ़ाने वाला था किशोरियों की उम्र

**हल्द्वानी :** आरोपियों का प्लान था कि दिल्ली से दोनों छात्राओं को मुम्बई भेजा जाएगा। जहां उनकी शादी कराई जाएगी और वह वहीं नौकरी करेंगे। मामा के प्लान में था कि घर छोड़ने से पहले दोनों छात्राएं अपने साथ आधार कार्ड भी लगाएंगी। ताकि वह आधार कार्ड में उनकी उम्र बढ़ा कर 18 कर सके। इससे उन्हें मुम्बई में नौकरी और शादी करने में दिक्कत नहीं होती, लेकिन लड़कियां अपने साथ आधार कार्ड नहीं ले गई थीं। बावजूद इसके मामा ने प्लान नहीं बदला। बदलाव सिर्फ इतना हुआ कि उसने अपने भांजे से कहा कि जब वह बालिग हो जाएं तो शहर आ सकते हैं। इससे वह कानूनी शिकंजे में नहीं फसेंगे।



> आरोपियों के विरुद्ध पाक्सो एक्ट की धारा बढ़ाई गई है। गहनता से जांच की जा रही है। आगे जिस भी तरह के साक्ष्य मिलेंगे, कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल सभी आरोपियों को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया है। **– प्रह्लाद नारायण मीणा,** एसएसपी

**चिंताजनक** — पिछले छह माह में कुमाऊं मंडल का ऐसा कोई जनपद नहीं जहां नहीं हुए महिला अपराध

# महिला अपराधों का गढ़ पिथौरागढ़, अपराध में नंबर वन यूएस नगर

- ऊधमसिंह नगर जिले में हुई सबसे ज्यादा हत्याएं
- नैनीताल जिला भी 149 अपराधों के साथ दूसरे नंबर पर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शांत रहने वाले पहाड़ों पर अपराध तेजी से बढ़ रहा है और खास कर महिला के खिलाफ होने वाले अपराध। फिलहाल तो ऊधमसिंह नगर जिला हर तरह के अपराध में टॉप पर है।

पिछले छह माह के आपराधिक आंकड़ों पर नजर डालें तो पता लगता है कि पहाड़ी जिलों में पिथौरागढ़ में दुष्कर्म की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। दुष्कर्म, हत्या, व्यपहरण, शीलभंग, दहेज प्रताड़ना, यौन अपराध और मुस्लिम महिला विवाह अधिकार अधिनियम के तहत होने वाले सर्वाधिक 374 मामले (एक जनवरी 2024 से 31 मई 2024 के बीच) ऊधमसिंह नगर पुलिस ने दर्ज किए हैं। पहाड़ी और मैदानी इलाकों वाला नैनीताल जिला भी 149 अपराधों के साथ दूसरे नंबर है। बात पहाड़ी जिलों की करें तो महिला अपराध के मामले में पिथौरागढ़ जिला सबसे आगे है।

पिछले छह माह में इस जिले में 51 घटनाएं सामने आ चुकी हैं। जबकि चम्पावत में 40, अल्मोड़ा में 32 और बागेश्वर में 14 मामले दर्ज किए गए हैं।



### कुमाऊं के जिलों में हुई आपराधिक वारदातों का आंकड़ा

| अपराध | नैनीताल | यूएसनगर | अल्मोड़ा | बागेश्वर | पिथौरागढ़ | चम्पावत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| हत्या | 01 | 05 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| दहेज हत्या | 01 | 05 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| व्यपहरण | 06 | 25 | 3 | 0 | 2 | 1 |
| दुष्कर्म | 26 | 80 | 8 | 3 | 9 | 15 |
| शीलभंग | 33 | 47 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 498 ए व दहेज एक्ट व अन्य | 79 | 190 | 12 | 8 | 22 | 19 |

**बोले डीआईजी**



> महिला संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने और अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। लगातार निगरानी के साथ-साथ समीक्षा भी की जा रही है। **-डॉ. योगेंद्र सिंह रावत,** डीआईजी कुमाऊं

## सड़कों के डामरीकरण के लिए मांगा बजट

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** विधायक राम सिंह कैड़ा ने देहरादून सचिवालय में लोनिवि सचिव पंकज पांडे से मुलाकात कर ओखलकांडा, धारी, रामगढ़ व ब्लॉक के कई मोटर मार्गों के डामरीकरण की शासन स्तर पर लंबित डीपीआर को मंजूरी देने की मांग की।

विधायक कैड़ा ने कहा कि कुंडल से ल्वाडडोबा गोनियारो, जंगलियागांव से बूढ़ाधूरा, धारी से पोखराड चोखुटा-कसियालेख, सलड़ी-अंबेडकर नगर, भिड़ापानी से खुजेठी, भीमताल बाइपास नहर कवरिंग, डालकन्या से कुंडल भोलापुर आदि मार्ग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि डामरीकरण का बजट मिलने से मोटर मार्गों की मरम्मत होगी। जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों को काफी सुविधा होगी।

# धोखे में रखकर नर्स से की शादी, नौकरी छुड़वाई

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**मामला**

- शादी के बाद ससुराल पहुंचने पर खुली पोल
- महिला समाधान केंद्र पहुंचा मामला, चल रही काउंसलिंग

**अमृत विचार :** एक युवक ने युवती को धोखे में रखकर पहले उसकी नौकरी छुड़वाई और फिर उससे शादी कर ली। ससुराल पहुंचने पर युवक की पोल खुली तो महिला पुलिस के पास पहुंच गई। कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली महिला ने पुलिस को बताया कि वह शहर के एक बड़े अस्पताल में नौकरी करती थी। उसकी शादी बरेली के रहने वाले एक युवक से हुई थी।

शादी से पहले युवक ने कहा था कि उसका अपना अस्पताल है और उसे यहां नौकरी करने की जरूरत नहीं है। युवती ने शादी कर ली और जब वह ससुराल पहुंची तो पता लगा कि अस्पताल पति के रिश्तेदार का है और वो भी एक मामले में प्रशासन ने सील कर दिया है। जिसके बाद ससुराली उससे नौकरों की तरह बर्ताव करने लगे। जिसके बाद महिला ने हल्द्वानी कोतवाली में शिकायत की। अब मामला महिला समाधान केंद्र में है और दोनों पक्षों की काउंसलिंग चल रही है।

### रामनगर से यात्रा को जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजेंगे संगठन, पत्राचार के जरिये मांग को करेंगे साकार

# मातृ शक्ति ने किया रामनगर से चार धाम यात्रा का समर्थन

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** चार धाम यात्रा को रामनगर से जोड़ने की मांग को लेकर अब स्थानीय सामाजिक व धार्मिक संगठन भी मुखर होते दिखाई देने लगे हैं। इन संगठनों का कहना है कि इस मांग के लिए वह सरकार पर पत्राचार, ज्ञापनों के जरिये मांग को साकार करने के लिए दबाव डालेंगे।

हर दिन एक संगठन क्षेत्रीय विधायक के अलावा रानीखेत और चमोली के विधायक को ज्ञापन देकर मांग को पूरा करने का अनुरोध करेगा। इसके बाद प्रधानमंत्री तक जनता के मन की बात पहुंचाई जाएगी। पुष्कर सोसायटी से जुड़ी महिलाओं ने भी चार धाम यात्रा को रामनगर से जरूरी बताकर समर्थन दिया है। क्या कहती हैं महिलाएं जानते हैं इनके मन की बात।



राज्य में संतुलित विकास की सोच होगी उत्तराखण्ड का हर नागरिक खुशहाल होगा। प्रदेश सरकार को दृढ़ इच्छा शक्ति दिखाते हुए चार धाम यात्रा का रुख वापसी में रामनगर से किया जाना जरूरी है। सन पचास के आसपास नेपाल, बिहार, टनकपुर, बरेली आदि स्थानों के श्रद्धालुओं का आवागमन रामनगर से ही होता था। -पूनम गुप्ता



चार धाम यात्रा के दौरान तीर्थ यात्रियों की बढ़ती जनसंख्या और बढ़ते दवाब की वजह से जहां यात्रा मार्ग पर आए दिन जाम का खतरा बना रहता है वहीं तीर्थ यात्रियों के साथ दुर्घटना का भय हमेशा बना रहता है। बढ़ते यातायात के दवाब को कम करने के लिए यह जरूरी है कि वापसी में इसका रुख रामनगर को किया जाए। -भावना कांडपाल



जी-20 में सभी विदेशी अतिथियों के रामनगर आगमन पर उनका सम्मान करने में रामनगर ने शानदार भूमिका अदा कर साबित किया था कि वह आतिथ्य सत्कार में किसी से कम नहीं है। इसी तरह चारधाम का का रुख यदि रामनगर किया जाए तो यहां का जनमानस भी उनके आथित्य सत्कार में पीछे नहीं रहेगा। -हिना



कुमाऊं के पौराणिक स्थलों की देशभर में पहचान कराने के लिए सबसे अच्छा अवसर चार धाम यात्रा को रामनगर से जोड़ने पर होगा, क्योंकि राम की नगरी कुमाऊं और गढ़वाल का प्रवेश द्वार है। सरकार की इच्छा शक्ति हो तो निश्चत रूप से उपेक्षित पड़े कुमाऊं के कई पैराणिक स्थलों का उद्धार हो सकता है। -विमला जोशी



पर्वतीय अंचल आज बेरोजगारी का दंश झेल रहा है। यात्रा को रामनगर से अगर जोड़ा जाता है तो केवल रामनगर ही नहीं बल्कि भतरौजखान, सिनोड़ा, भिकिया सैन, मासी, चौखुटिया, गैरसैंण, भाराणी सैन जैसे कुमाऊं-गढ़वाल के युवाओं को स्वरोजगार का अवसर मिलेगा। इस दिशा में फौरी तौर पर कदम उठायें। -भावना शर्मा



चार धाम यात्रा के रामनगर से जुड़ जाने से माता गिरजा देवी, ढिकुली का गरल कंठेश्वर मन्दिर, सीतावनी, देवी बाल सुंदरी, हनुमान धाम, गूलर सिद्ध जैसे मंदिरों की ख्याति दूर-दूर तक फैलेगी। तब रामनगर आध्यात्मिक नगरी के रूप में विख्यात हो जाएगा। जनप्रतिनिधियों को आगे आना चाहिए। -नीतू चौहान



रामनगर, रानीखेत एवं चमोली जनपद के विधायकों का भी दायित्व है कि चार धाम यात्रा का रुख अपने अपने क्षेत्र से रामनगर की ओर करवाएं। चार धाम यात्रा की वापसी जब उनके क्षेत्र से होकर जब रामनगर तक पहुंचेगी तो विकास की एक नई राह इन क्षेत्रों के लिए निकलेगी। धामी सरकार को इस दिशा में कदम उठाने चाहिए। -दीप माला



रामनगर की प्रबुद्ध जनता की सोच को पूरा करने के लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की दिलचस्पी के बिना चार धाम यात्रा का रुख रामनगर होना एक टेढ़ी खीर साबित होगी। यात्रा का रुख रामनगर से होने पर रामनगर भी आध्यात्म के मानचित्र पर छाएगा। तब रोजगार के द्वार खुलेंगे। युवक आध्यात्म से जुड़ा कारोबार भी कर सकते हैं। -प्रीति गोला

## सार-संक्षेप



शिविर में रोगियों की जांच करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

### शिविर में जांच कर दी मुफ्त दवाएं

**रामनगर :** भारत विकास परिषद की ओर से अग्रवाल सभा में रक्तदान शिविर, निशुल्क चिकित्सा एवं नेत्र शिविर लगाया गया। शिविर में काशीपुर से ईएनटी स्पेशलिस्ट डॉ. रजत अग्रवाल की ओर से 52 की जांच की गई और निशुल्क दवा दी गई। वहीं फिजिशियन डॉ. शुभम शेखर सिंह और ईएमओ डॉ. गगन सिंह ने 88 लोगों की जांच की गई और निशुल्क दवा दी। सीएल गुप्ता आई हॉस्पिटल मुरादाबाद की टीम की ओर से 65 लोगों की आंखों की जांच कर चश्मे के नंबर बताए गए। रक्तदान शिविर में काशी चैरिटेबल ब्लड बैंक और कृष्ण ब्लड बैंक काशीपुर की टीम को 48 यूनिट ब्लड रक्त प्राप्त हुआ। नेत्रदान संकल्प हेतु 10 व्यक्तियों की ओर से संकल्प पत्र भरा गया। भारत विकास परिषद के संरक्षक कमल सिंघल, अध्यक्ष अमन अग्रवाल, सचिव सुलभ बंसल, कैंप संयोजक राजा अग्रवाल व अंशुल अग्रवाल, महिला संयोजिका प्रिया अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अंशुल अग्रवाल, प्रवीण गुप्ता विशाल अग्रवाल, विकास अग्रवाल, आदि मौजूद रहे।



नशे के खिलाफ बच्चों को शपथ दिलाते देवेंद्र भट्ट। ● अमृत विचार

### नशे के खिलाफ उभरते खिलाड़ियों को दिलाई शपथ

**रामनगर :** विश्व ड्रग्स दिवस पर बॉक्सिंग रिंग में उभरते खिलाड़ियों को नशा न करने की शपथ दिलाई गई। जिला प्रशासन व जिला खेल कार्यालय की ओर से दिए गए निर्देशों के क्रम में खिलाड़ियों को नशीली दवाओं के दुरुपयोग व अवैध तस्करी के खिलाफ छोई में बॉक्सिंग के खिलाड़ियों को से.नि जिला कीड़ा अधिकारी व अंतर्राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रशिक्षक देवेंद्र भट्ट ने नशे के दुष्प्रभाव व किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। इस दौरान हवलदार प्रकाश जोशी, कोमल नेगी,ज्योति गोस्वामी, हर्षिता बिष्ट, महिमा मनराल, भावेश पपनै, रमा बिष्ट मौजूद रहे।

# प्रदर्शन के लिए अभियान चलाकर महिलाओं ने तैयार किए काले झंडे

### मालधन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मानकों के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध न कराने का आरोप

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** मालधन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मानकों के अनुरूप मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर चलाए जा रहे आंदोलन के तहत 28 जून शुक्रवार को प्रस्तावित विरोध दिवस की तैयारियां महिला एकता मंच ने तेज कर दी हैं। कार्यक्रम की तैयारी के लिए महिला एकता मंच की महिलाओं ने काले झंडे व काली पट्टियां बनाने के लिए मालधन में एक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला के बाद 28 जून के कार्यक्रम की सफलता के लिए क्षेत्र में व्यापक जन संपर्क अभियान भी चलाया गया।

महिला एकता मंच की भगवती आर्य ने सरकार पर क्षेत्र की जनता को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए कहा कि मालधन क्षेत्र में 40 हजार से भी अधिक की आबादी के बीच इलाज के लिए एकमात्र सामुदायिक



विरोध प्रदर्शन के लिए काले झंडे सिलतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

स्वास्थ्य केंद्र है जिसकी हालत आज भी बद से बदतर बनी हुई है।

गीता आर्य ने कहा कि महिलाओं के लंबे आंदोलन के बाद पैथोलॉजी लैब में कुछ जांचें शुरू हुई हैं परंतु सर्जन, निश्चेतक, बाल रोग विशेषज्ञ, एक्स-रे मशीन व अल्ट्रासाउंड, प्रसव व इमरजेंसी सुविधाएं सुविधा आज भी जनता के लिए उपलब्ध नहीं हैं जिसके कारण मालधन वासियों को इलाज के लिए रामनगर, काशीपुर व दूसरे स्थान पर जाना पड़ता है।

महिला एकता मंच की पुष्पा ने क्षेत्र की जनता से 28 जून को सायं 4 बजे मालधन नंबर दो चौराहे पर पहुंचकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मानकों के अनुरूप बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर आयोजित विरोध-प्रदर्शन एवं सभा में शामिल होने की अपील की। जनसंपर्क अभियान में भगवती देवी, गीता आर्या, सरस्वती जोशी, पुष्पा देवी,सोनी आर्या, ममता, कमला, लक्ष्मी आदि महिलाएं शामिल रहीं।

### मानदेय न मिलने से संविदा कर्मी भड़के

**रामनगर :** उत्तराखण्ड जल संस्थान संविदा श्रमिक संघ ने अप्रैल से बढ़ा हुआ मानदेय व महंगाई भत्ता न दिए जाने पर गहरी नाराजगी ब्यक्त की है। विभाग के अधिशाषी अभियंता को भेजे गए ज्ञापन में शाखाध्यक्ष हेमंत कुमार ने कहा कि बढ़ा हुआ तीन माह का मानदेय अभी तक न मिलने से सभी श्रमिको में रोष है। उन्होंने कहा कि संविदा श्रमिकों की आर्थिक स्थिति भी इस समय खराब होती जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 30 जून तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो विवश होकर उन्हें धरना, प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। ऐसे में यदि कोई कार्य में विपरीत प्रभाव पड़ेगा तो उसकी जिम्मेदारी विभाग की होगी। इस दौरान ब्रह्मपाल सिंह चौहान, राजेंद्र सिंह, संतोष सिंह, अमर सिंह, राजा राम मौजूद रहे।

# कर्मचारी संघ के उपाध्यक्ष बैठे आमरण अनशन पर



जूस पिलाकर अनशन तुड़वाते साथी कर्मचारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** समस्याओं का निदान न होने से उत्तराखंड वन विकास निगम कर्मचारी संघ के उपाध्यक्ष के आमरण अनशन पर बैठते ही विभागीय अधिकारियों में हड़कम्प मच गया। आनन फानन में क्षेत्रीय प्रबंधक की ओर से वार्ता के बाद अनशन स्थगित किया गया।

गौर तलब है कि वन विकास निगम के कर्मचारी संघ ने विभाग में हो रहे भ्रष्टाचार, अनियमितताओं और कर्मचारी उत्पीड़न के विरोध में बुधवार से आमरण अनशन शुरू करने का ऐलान किया था। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सुबह 10 बजे से क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ध्यान सिंह अधिकारी आमरण अनशन पर बैठ गए। आमरण अनशन शुरू होते ही इस क्षेत्रीय प्रबंधक हरीश पाल के साथ अनशन कारियो की वार्ता शुरू हुई। इसमें उन्होंने अपने स्तर की मांग खनन में लगे कर्मचारियों को वापस निगम के डिपो में स्थानांतरित करने के आदेश प्रभागीग प्रबंधक को जारी किए। इसके बाद कर्मचारी संघ ने अनशन स्थगित करने फैसला लिया। अनशन स्थल पर महेश चन्द्र खुल्बै, कैलाश जोशी, गोपाल लोहला, मोहन सिंह चौरसिया, उमेश चन्द्र भट्ट, चन्दन राम, बालम मेहरा, रमेश चन्द्र तिवारी, हयात सिह सुरकाली आदि उपस्थित रहे।

# योजनाओं का कार्य पारदर्शिता से पूरा करें

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** समाज कल्याण निदेशक आशीष भटगाई ने बुधवार को वर्चुअल माध्यम से सभी जिला समाज कल्याण अधिकारियों को समीक्षा बैठक के दौरान योजनाओं का कार्य पूरी पारदर्शिता और समयबद्धता से करने के निर्देश दिए।

उन्होंने पेंशन वितरण, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, नशा मुक्त भारत अभियान और सीएम हेल्पलाइन 1905 पर प्राप्त शिकायतों के गुणात्मक निस्तारण की समीक्षा की। बताया कि वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग और किसान पेंशन योजना के अंतर्गत राज्यांश और केंद्रांश के अंतर्गत राज्य के समस्त लाभार्थियों को पेंशन भेज दी गई है। जून की पेंशन 4 जुलाई तक भेजे जाने के लिए समस्त तैयारियां तत्परता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के घटक प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत राज्य के 385 में से 123 गांवों को आदर्श ग्राम घोषित किया है। बाबू जगजीवन राम योजना के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालयों में भूमि की उपलब्धता व छात्रों की आवश्यकता के अनुसार छात्रावासों के निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाने के लिए कहा।

# कैंची धाम और बेतालघाट तहसील में बना कंट्रोल रूम

**गरमपानी, अमृत विचार :** बरसाती मौसम के मद्देनजर प्रशासन भी अलर्ट मोड पर आ गया है। कोश्या कुटोली (श्री कैंची धाम) व बेतालघाट तहसील में कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया गया है। कर्मचारियों को अलर्ट मोड पर रहने व मोबाइल बंद न रखने के निर्देश दिए गए हैं। दस बाढ़ चौकियां भी स्थापित कर राजस्व उपनिरीक्षक को जिम्मेदारी भी सौंप दी गई हैं। एसडीएम कोश्या कुटोली विपिन चंद्र पंत के अनुसार सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों से भी आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करने को कहा गया है। आगामी बरसात में सूचनाओं के आदान प्रदान व समय पर राहत व बचाव कार्य के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। अहतियातन सभी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। बेतालघाट व कोश्या कुटोली तहसील में कंट्रोल रूम तैयार किया गया है जिसमें रोस्टर अनुसार छह-छह घंटे के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है।

# सेवा विस्तार के लिए सीका द्वारा बनाए मानकों का अनुमोदन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) की विद्या परिषद की 29वीं बैठक बुधवार को विश्वविद्यालय में आयोजित हुई। बैठक के दौरान कार्यवृत्त और सहायक प्राध्यापक के सेवा विस्तार के लिए सीका की ओर से बनाये गए मानकों पर अनुमोदन हुआ। कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी की अध्यक्षता में हुई बैठक में कई मुद्दों पर मुहर लगी।

यूजीसी के नियमानुसार अब दूरस्थ शिक्षा में अध्ययनरत छात्रों के लिए एबीसी आईडी के साथ डेब आईडी बनाना भी अनिवार्य होगा, जिसे बैठक में अनुमोदित किया गया। साथ ही अकादमिक कैलेंडर वर्ष 2024-25 का भी अनुमोदन किया गया। तय हुआ कि जिस प्रोग्राम का शुल्क 10



यूओयू की विद्या परिषद की बैठक में शामिल अधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

हजार से अधिक है, उसे छात्र वार्षिक में नहीं बल्कि सेमेस्टर में बांट कर जमा करा सकते हैं, जिससे छात्रों पर एक साथ भार नहीं पड़ेगा। इस दौरान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की पदोन्नति के लिए जारी अधिसूचना को अंगीकृत किया गया, जिसमें यूजीसी विनिमय 2010 के आधार पर शिक्षकों को पदोन्नति दी जा सकती है। बैठक के दौरान प्रो. डीएस रावत, प्रो. एलके सिंह, प्रो. निलेश मोदी, प्रो. नीता बोरा शर्मा, प्रो. डीपी त्रिपाठी, विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. पीडी पंत, परीक्षा नियंत्रक प्रो. सोमेश कुमार, वित्त नियंत्रक एसपी सिंह, प्रो. रेनू प्रकाश, प्रो. जितेंद्र पांडे, डॉ. एमएम जोशी, डॉ. डीएस फरस्वाण मौजूद रहे।

## समाजवादी लोक मंच का धरना आज

**रामनगर, अमृत विचार :** उत्तराखंड में वनाग्नि से मृतक के परिजनों को 50 लाख, घायल को 25 लाख व आश्रितों को नियमित नौकरी देने की मांग को लेकर समाज वादी लोकमंच ने गुरुवार को धरना देने का एलान किया है। इसके अलावा लोकमंच की मांग है कि फायर वाचर को अग्निशमन यंत्र, फायर प्रूफ वर्दी उपलब्ध कराई जाए तथा नियमित नौकरी की गारंटी, वनों में आग के लिए वन मंत्री व वन अधिकारियों की जिम्मेदारी सुनिश्चित की जाए व जनता पर आग लगाने के फर्जी मुकदमे लगाना बंद किए जायें। इसके अलावा वनों पर जनता के हक-हकूक एवं मालिकाना हक बहाल किए जाने व योजनाबद्ध तरीके से चीड़ को हटाकर चौड़ी पत्ती के वृक्षों को लगाए जाने की मांगों को लेकर समाजवादी लोक मंच ने गुरुवार को सुबह 11 बजे से लखनपुर चौक रामनगर पर धरना प्रदर्शन करेगा।


NCTE & HARIYANA BOARD & M.P. BOARD
Recognized University से मान्यता प्राप्त कॉलेजों में सीधे प्रवेश
D.El.Ed. (डी.एल.एड.)
• योग्यता 50% •NO AGE LIMIT
● प्राइमरी अध्यापक के लिए नया नियम डी.एल.एड. आवश्यक हो गया है।
DIRECT ADMISSION
B.Ed., M.Ed, B.P.Ed. Ph.D. (All Subject)
ADMISSION OFFICE
GLOBAL CAREER INSTITUTE
Add. : Canal Road, Near Durga City Centre, Haldwani
Mob. 7617632557



कार्यालय उत्तराखण्ड चाय विकास बोर्ड, अल्मोड़ा
जिला पंचायत परिसर धारानौला अल्मोड़ा
पत्रांक : 189/4-स्टोर/ई-निविदा सूचना/2024-25 दिनांक : 25 जून, 2024
ई-निविदा सूचना
उत्तराखण्ड चाय विकास बोर्ड, अल्मोड़ा द्वारा अपने जैविक / अजैविक चाय बागानों हेतु जैविक / अजैविक खाद व दवाएँ क्रय करने हेतु ई-निविदायें दिनांक 26-06-2024 से ऑनलाइन Website www.uktenders.gov.in पर दिनांक 19-07-2024 को सायं 5.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से सम्बन्धित सम्पूर्ण जानकारी, निविदा शर्तें, Website www.uktenders.gov.in पर उपलब्ध है।
निदेशक
उत्तराखण्ड चाय विकास बोर्ड, अल्मोड़ा
दूरभाष संख्या-05962-230606, 237746


### डॉ. कुलदीप यादव को एसीएमओ पद से हटाया

**चम्पावत :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की विधानसभा व चम्पावत जिले में तैनात एसीएमओ डॉ. कुलदीप यादव द्वारा महिला सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) को परेशान करने और उनका उत्पीड़न करने के आरोप के चलते उन्हें इस पद से अवमुक्त कर दिया गया है। उनके स्थान पर डॉ. इंद्रजीत पांडे को एसीएमओ का दायित्व सौंपा गया है।

यह मामला काफी समय से सुर्खियों में रहा है। चम्पावत दौरे पर आए प्रभारी सचिव चंद्रेश यादव को भाजयुमो जिलाध्यक्ष गौरव पांडे और व्यापार मंडल अध्यक्ष विकास शाह के नेतृत्व में क्षेत्र के लोगों ने ज्ञापन सौंपकर जल्द एसीएमओ डॉ. कुलदीप यादव के स्थानांतरण की मांग उठाई। लोगों ने कहा कि पिछले कई महीनों से इस अधिकारी की ओर से चिकित्सा विभाग में कार्यरत कई महिलाओं का मानसिक उत्पीड़न करने के मामले सामने आए हैं। प्रताड़ना कर उन्हें वेतन रोकने, नौकरी से निकालने की धमकी दी जाती है।

# कालाढूंगी-हल्द्वानी मार्ग पर डिवाइडर बनवाने को एसडीएम से मिले लोग

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार :** कालाढूंगी-हल्द्वानी हाईवे में दुर्घटनाग्रस्त संभावित क्षेत्र में डिवाइडर बनाने की मांग कर युवाओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। बुधवार को सामाजिक कार्यकर्ता मंयक गुप्ता के नेतृत्व में युवाओं ने तहसील परिसर में पहुंच कर एसडीएम रेखा कोहली कालाढूंगी-हल्द्वानी हाईवे में हनुमान मंदिर के पास दो बरसाती नालों में डिवाइडर बनवाने की मांग की।

मयंक ने बताया कि डिवाइडर ना बने होने के कारण यह क्षेत्र दुर्घटना संभावित क्षेत्र बना हुआ है। वहीं रात्रि में अंधेरा होने के कारण कुछ दुर्घटनाएं यहां हुई हैं और भविष्य में भी दुर्घटना होने का डर है, इसलिए एसडीएम कालाढूंगी रेखा कोहली को हमारे द्वारा दुर्घटना संभावित क्षेत्र में डिवाइडर बनाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया है। वहीं एसडीएम का कहना है लोक निर्माण विभाग से बात करके इसमें त्वरित कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान रितिक गोस्वामी, तरुण पाल, राहुल पाल, आदित्या पाल, मनोज अधिकारी, शुभम शर्मा, गौरव बुढ़लाकोटी, वकील अहमद, मो. उस्मान आदि लोग मौजूद रहे।



एसडीएम को ज्ञापन देते सामाजिक कार्यकर्ता मयंक गुप्ता व अन्य। ● अमृत विचार


अग्रवाल न्यूरो एण्ड मेडिकल सेन्टर, हल्द्वानी
डॉ. रजत अग्रवाल
(न्यूरोफिजिशियन)
पूर्व विशेषज्ञ : सर गंगाराम हॉस्पिटल, दिल्ली
सुशीला तिवारी अस्पताल, हल्द्वानी
सुविधायें :-
• मिर्गी दौरे • हिस्टीरिया • लकवा (Stroke) • सिर दर्द / माइग्रेन / चक्कर आना • मस्तिष्क ज्वर • दिमाग में सूजन • दिमाग में सूजन • मानसिक तनाव, घबराहट, मन उदास • कमर व गर्दन का दर्द • शियाटिका, स्पोन्डिलाइटिस • हाथ पैरों में सुन्नपन • झनझनाहट • दिमागी कमजोरी • याददाश्त की कमी • बैचेनी एवं नींद न आना।
New Well Equipped Setup - अपने नए सेन्टर में
नया पता : होटल पर्ल इन के पीछे, निकट सरगम सिनेमा, रामपुर रोड, हल्द्वानी, Mob. 7302293944



प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# मानसून नजदीक, हल्द्वानी रेलवे स्टेशन पर अब तक नहीं बन सकी रिटेनिंग वॉल

## तीन वर्ष पूर्व हुई अतिवृष्टि में गौला नदी के भूकटाव से ट्रैक नंबर-3 के समीप की दीवार, विद्युत पोल बह गए थे

**हीलाहवाली**

- रेल प्रशासन का दावा 15 दिन में पूरा हो जाएगा निर्माण
- 200 मीटर में से अब तक बनी 120 मीटर रिटेनिंग वॉल

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मानसून सिर पर आ गया है, लेकिन हल्द्वानी रेलवे स्टेशन में रिटेनिंग वॉल का काम अभी तक पूरा नहीं हो सका है। इससे बारिश में फिर से रेलवे ट्रैक नंबर-3 को नुकसान होने का खतरा है। हालांकि रेल प्रशासन का दावा है कि 15 दिनों में वॉल का निर्माण पूरा कर दिया जाएगा।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार वर्ष 2021 के अक्टूबर माह में हुई भीषण बारिश से गौला नदी उफान पर आ गई थी और हल्द्वानी रेलवे स्टेशन के ट्रैक नंबर-3 के समीप नीचे की भूमि और बिजली के पोल बह गए थे। तब से इस ट्रैक पर ट्रेनों की आवाजाही बंद है। रेलवे ने ट्रैक नंबर-3 के समीप गौला नदी में रिटेनिंग वॉल बनाने और स्पर बनाने का काम शुरू किया था। इस घटना के लगभग तीन वर्ष पूरे होने को हैं, लेकिन अभी तक काम नहीं हो सका है। गौला नदी में 200 मीटर रिटेनिंग वॉल बननी है, जिसमें अभी तक 120 मीटर ही बन सकी है। इसी के साथ ही 6 स्पर बनाए जाने हैं, जिसमें केवल 2 ही बन पाए हैं। वहीं प्री-मानसून का असर दिखने लगा है। मौसम विभाग ने 28 जून को बारिश के ऑरेंज अलर्ट की चेतावनी दी है। ऐसे में तैयारियों पर पलीता लगने की आशंका है। रेलवे का दावा है कि बचा हुआ सुरक्षा काम 15 से 20 दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। सीनियर सेक्शन इंजीनियर इंद्र कुमार ने बताया कि रिटेनिंग वॉल बनाने का काम तेजी से किया जा रहा है। प्राथमिकता बारिश से पूर्व दीवार बनाना है ताकि बारिश में नदी का बहाव रेलवे पटरी को नुकसान न पहुंचा सके। नदी से सटे हिस्से वाला काम जल्दी पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद ऊपर वाले हिस्से में काम किया जाएगा।



हल्द्वानी रेलवे स्टेशन के निकट गौला नदी में चल रहा रिटेनिंग वॉल निर्माण। ● अमृत विचार

### एक माह से खड़ा है ढांचा प्लेटफॉम शेल्टर नहीं बना

हल्द्वानी रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म को बारिश से बचाने के लिए प्लेटफॉर्म शेल्टर का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए एक महीना पहले रेलवे ने ढांचा तो खड़ा कर दिया है, लेकिन अभी तक इसे कवर नहीं किया गया है। यात्रियों को बरसात से पहले इसका लाभ मिलना था, लेकिन अभी तक इसे पूरा नहीं किया गया है। सीनियर सेक्शन इंजीनियर बृजेश कुमार ने बताया कि अलग-अलग काम होने के कारण समय लग रहा है। शीघ्र ही इसे कवर किया जाएगा।

### वंदे भारत के लिए हो रहा पिटलाइन एक्सटेंशन

लालकुआं रेलवे स्टेशन में वंदे भारत ट्रेन के संचालन की तैयारियां चल रही हैं। इसके लिए स्टेशन में पिटलाइन एक्शटेंशन (पिटलाइन बढ़ाने का काम) किया जा रहा है। यहां पिटलाइन को 180 मीटर बढ़ाया जा रहा है। काम पूरा होने में अभी 2 माह लग जाएगा। सीनियर सेक्शन इंजीनियर इंद्र कुमार ने बताया कि तेजी से काम किया जा रहा है जिसे निर्धारित समय में पूरा कर लिया जाएगा।

# पूर्णाहुति व महाआरती के बाद हुआ भंडारा

**गरमपानी, अमृत विचार :** बेतालघाट ब्लॉक के अमेल गांव में स्थित सुप्रसिद्ध देवी मंदिर में हवन, पूर्णाहुति व महाआरती के बाद भंडारा लगाया गया। आसपास के गांवों से पहुंचे माता भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। विशेष मंत्रोच्चार के साथ गांव की सुख, शांति व समृद्धि को विशेष प्रार्थना की गई। माता के जयकारों से समूचा माहौल गुंजायमान हो उठा।

जीवनदायिनी कोसी नदी के तट पर स्थित सुप्रसिद्ध अमेल देवी मंदिर में रोजाना की तरह धर्माचार्यों ने यजमान शेखर फुलारा, पूजा फुलारा, दिनेश, पवन फुलारा, चंद्र शेखर, बालम सिंह, विरेन्द्र सिंह, नरेंद्र सिंह, हरीश पंत से विधी विधान से धार्मिक अनुष्ठान पूरे करवाए। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

# विशाल व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष बने



**हल्द्वानी:** अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव जायसवाल ने विशाल शर्मा को प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है। शर्मा ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं के लिए वह हमेशा तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि जल्द ही उत्तराखंड की प्रांत फिर जिला स्तर पर कार्यकारिणियों का विस्तार किया जाएगा। इनमें व्यापारिक हितों के लिए संघर्ष करने वाले व्यापारियों को जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी।

# भर्ती प्रक्रिया में अनियमितता का मामला दूसरी खंडपीठ को भेजा

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने प्रदेश के जिला सहकारी बैंकों में ग्रुप डी की भर्ती प्रक्रिया में हुई अनियमिताओं के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले को सुनने के बाद मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने मामले को दूसरी खंडपीठ भेज दिया है। पूर्व में कोर्ट ने कॉपरेटिव सचिव से इस मामले में विस्तृत जवाब मांगा था। साथ ही सरकार से पूछा था कि इस मामले में कौन-कौन से लोग शामिल हैं, इसका भी उल्लेख करें। इस मामले में जांच कमेटी ने रिपोर्ट शासन को दे दी है, परन्तु इस रिपोर्ट पर सरकार ने कोई निर्णय नहीं लिया है।

मामले के अनुसार हरिद्वार निवासी प्रियांशु त्यागी ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि वर्ष 2020 में प्रदेश के सहकारी बैंकों में चतुर्थ श्रेणी के लिए 423 पदों के लिए विज्ञप्ति जारी हुई थी। इसमें भर्ती प्रक्रिया के दौरान कई अनियमितताएं सामने आईं। याचिकाकर्ता का कहना है कि इस भर्ती प्रक्रिया में अधिकारियों व नेताओं के रिश्तेदारों का चयन किया गया और कई अभ्यर्थियों से मोटी रकम लेकर भर्ती की गई। इसकी शिकायत ज्वालापुर हरिद्वार से विधायक सुरेश राठौर ने मुख्यमंत्री से की, परन्तु इस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई।



खबर छपने के बाद मुख्य सचिव के निर्देश पर सचिव सहकारिता ने हरिद्वार में इस भर्ती प्रक्रिया को रोक दिया। फिर भी नैनीताल, अल्मोड़ा, देहरादून व पिथौरागढ़ में इसके बाद भी भर्तियां की गई।

### सरकारी संपत्ति में अतिक्रमण पर शपथ पत्र मांगा

**नैनीताल, अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने देहरादून के प्रेम नगर में सरकारी संपत्ति में अतिक्रमण के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य सरकार से कहा है कि कोर्ट के 7 जून को जारी आदेश के अनुपालन में शपथ पत्र पेश करें। प्रेमनगर निवासी तेजिंदर सिंह व अन्य ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि प्रेमनगर में सरकारी संपत्तियों, सामुदायिक पार्कों, मुख्य चौराहों, सड़कों, नालों आदि जगह पर अवैध कब्जे हो गए हैं। बीती 6 जून को हाईकोर्ट ने अपने आदेश में राज्य सरकार से प्रेमनगर स्थित सब्जी मंडी के समीप सामुदायिक पार्क में हो रहे अतिक्रमण एवं पूर्व में अवैध निर्मित मंदिर के ध्वस्तीकरण से संबंधित सूचना व जानकारी के अतिरिक्त अतिक्रमण पर हुई कार्यवाही के संदर्भ में जवाब मांगा था, लेकिन अभी तक जवाब पेश नहीं किया गया है। जबाव देने के लिये सरकार ने फिर से कोर्ट से अतिरिक्त समय मांगा है। हाईकोर्ट ने सरकार को अतिरिक्त समय देते हुए अगली सुनवाई की तिथि 6 अगस्त निर्धारित की है।



इंदिरानगर में पानी का टैंकर पहुंचते ही बच्चे नहाने दौड़ पड़े। ● अमृत विचार

### घरों में पहुंच रहा गंदा पानी, लोग हो रहे परेशान

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** काठगोदाम क्षेत्र के ब्यूरा खाम और नई बस्ती में लोगों के घरों में गंदा पानी पहुंच रहा है। जिस कारण 1500 परिवार पानी के लिए तरस रहे हैं। कलसिया के ग्रेविटी आधारित स्रोत से क्षेत्र में पानी की आपूर्ति होती है। बरसात के कारण स्रोत से पेयजल लाइन में मटमैला पानी आ रहा है। जल संस्थान के एई नीरज तिवारी ने बताया कि स्रोत के पास पानी को फिल्टर करने के लिए प्राइमरी फिल्टर लगे हैं, जिसे बीएफजी (बोल्डर फिल्ड गैलरी) कहा जाता है, लेकिन इन फिल्टरों से फिल्टर प्लांट की तरह पानी साफ नहीं हो पाता है। उन्होंने बताया कि शीशमहल और शीतलाहाट फिल्टर प्लांट से पानी की आपूर्ति सुचारू है। इधर, हल्द्वानी के एई रवींद्र कुमार ने बताया कि शहरी क्षेत्र में पानी की आपूर्ति सुचारू है। खराब नलकूप ठीक कर दिए गए हैं। अंतिम छोर पर स्थित घरों और अन्य प्रभावित क्षेत्रों में नियमित टैंकरों से पानी पहुंचाया जा रहा है। वहीं, गौला बैराज का जलस्तर भी बढ़कर 130 क्यूसेक पहुंच गया है। गौला बैराज के इंचार्ज मनोज तिवारी ने बताया कि पहाड़ों में ज्यादा बारिश नहीं हुई है, जिससे जलस्तर में मामूली बढ़ोत्तरी हुई है।

# वर्षों पुराने पेड़ों को काटने का विरोध

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कांग्रेस ने सड़क चौड़ीकरण की आड़ में वर्षों पुराने पेड़ों को काटने का विरोध किया है। मांग की है कि पेड़ों को रिलोकेट करने के लिए सभी जरूरी जांचों की रिपोर्ट एवं कागजी कार्यवाही को सार्वजनिक किया जाए।

बुधवार को दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी को ज्ञापन सौंप कर कहा कि काठगोदाम रेलवे स्टेशन, नरीमन चौक व नैनीताल सड़क चौड़ीकरण के नाम पर वर्षों पुराने पेड़ों को काटने के लिए निशान लगा दिए गए हैं। इसको लेकर जनता में भारी आक्रोश है। पेड़ ही उत्तराखंड की पहचान हैं। ये पेड़ फल-फूल, छाया देने के साथ ही जीवनदायिनी ऑक्सीजन देते हैं। ऐसे में सड़क चौड़ीकरण की आड़ में इन पेड़ों को काटना गलत है। यह भी कहा कि हाईकोर्ट ने भी अधिकाधिक पौधे रोपने के आदेश दिए हैं। वहीं, सड़क चौड़ीकरण भी रानीबाग तक है, इसके बाद सड़क संकरी होनी है ऐसे में जाम की स्थिति में कोई खास सुधार नहीं होगा। जाम के झाम से निपटने के लिए पेड़ों को बचाते हुए कुशल ट्रैफिक प्रबंधन की जरूरत है। आरोप लगाया कि यदि रिलोकेट में पेड़ जीवित नहीं रह सके तो सरकारी धन का दुरुपयोग होगा। इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता दीपक बल्यूटिया, जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, पीसीसी सदस्य ललित जोशी, एमजी इंटर कॉलेज के प्रबंधक मोहन बोरा, मनमोहन जोशी, भुवन चन्द्र तिवारी, सौरभ भट्ट, कमल जोशी, महेशानन्द, मोहन चन्द्र सनवाल, मनोज बल्यूटिया, पीयूष बल्यूटिया, मनोज दहिया, सैय्यद रेहान मौजूद थे।



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

Aanchal Naturally Pure

उत्तराखण्ड सहकारी डेरी फैडरेशन लि.
मंगल पड़ाव, हल्द्वानी-263139
फोन / फैक्स नं. : 05946-255867, 255358, E-mail ID : ucdfltd@gmail.com

पत्रांक : 1265/66/पी.एस.-पत्रा./2023-24
दिनांक : 26 जून, 2024

विज्ञापन

1. यू०सी०डी०एफ० द्वारा मुख्यमंत्री "आंचल अमृत योजनान्तर्गत आंगनबाड़ी, प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को फोर्टिफाइड मीठा सुगन्धित दुग्ध चूर्ण उन्हें उपलब्ध कराया जा रहा है।
2. प्रदेश में फैडरेशन द्वारा "आंचल ब्राण्ड" का टेट्रा पैक तरल दूध, लस्सी एवं छांछ आदि को शहरी एवं ग्रामीण उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराया जा रहा है।
3. फैडरेशन द्वारा आंचल आईसक्रीम 17 फ्लेवर में उपभोक्ताओं को उपलब्ध करवाई जा रही है।
4. दुग्ध उत्पादक सदस्यों को 75 प्रतिशत अनुदान पर साईलेज एवं 50 प्रतिशत अनुदान पर भूसा पशु चारा के रूप में मुहैया कराया जा रहा है।

# मजदूर नेताओं के समर्थन में सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उपजिलाधिकारी परितोष वर्मा को ज्ञापन सौंप कर कहा कि पुलिस ने बीती 19 जून को इंकलाबी मजदूर केंद्र के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश भट्ट, राजेश सक्सेना, डॉल्फिन कंपनी के मजदूर नेता ललित, सोनू, बबलू सिंह, वीरू सिंह पर गुंडा एक्ट लगाने और जिलाबदर करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि ये सभी डॉल्फिन कंपनी में मजूदरों को न्यूनतम वेतन, अवैध छंटनी पर रोक लगाने की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं।

आरोप लगाया कि कंपनी स्वामी आंदोलन को कुचलने के लिए अराजक तत्वों से मजूदरों को धमकाने व पिटाई जैसे गैरकानूनी काम कर रहा है। गुंडों के हमले में ललित कुमार घायल हो गए। सभी नेता ललित कुमार के हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग कर रहे थे। पुलिस-प्रशासन ने मजूदरों की शिकायत सुनने के बजाय मजदूरों व सलाहकारों पर ही कार्यवाही की चेतावनी दी जो कि पूरी तरह शोषण के विरुद्ध बोलने के मौलिक अधिकार का हनन है। उन्होंने पुलिस-प्रशासन से कंपनी स्वामी के बजाय मजदूरों के अधिकारों की रक्षा करने की मांग की है। इस दौरान परिवर्तनकामी छात्र संगठन से महेश, रुपाली, चन्दन, क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन से रियासत, प्रगतिशील महिला एकता केंद्र से रजनी जोशी मौजूद रहीं।



एसडीएम परितोष वर्मा को ज्ञापन सौंपते विभिन्न संगठनों के लोग।

# कनार घी को बढ़ावा दे रहा राज्य डेयरी फेडरेशन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : उत्तराखंड सहकारी डेयरी फेडरेशन लिमिटेड (यूसीडीएफ) कनार घी को बढ़ावा दे रही है। यह घी पिथौरागढ़ के कनार गांव में तैयार किया जाता है।

यूसीडीएफ गांव में समितियों का गठन कर लोगों से घी एकत्रित करती हैं जिसे आंचल कनार घी के नाम से बेचा जाता है। यूसीडीएफ ने अब तक 300 क्विंटल से ज्यादा घी लोगों से खरीदा है। पिथौरागढ़ के बंगापानी तहसील के बरम क्षेत्र का गांव कनार छिपलाकेदार की तलहटी पर बसा है। पिथौरागढ़ दुग्ध संघ के प्रबंधक प्रह्लाद सिंह ने बताया कि कनार गांव की बद्री गाय उच्च हिमालयी क्षेत्र में घास के साथ जड़ी-बूटी और अन्य औषधियां भी खाती है। इस वजह से यहां का घी काफी पौष्टिक माना जाता है। 100 परिवार प्रतिमाह 100 किलो प्रतिमाह घी का उत्पादन करते हैं।

एक किलो घी का निर्माण करने के लिए करीब 20 लीटर दूध की आवश्यकता होती है। गांव के वातावरण व स्थानीय स्तर पर मिलने पर बिच्छू घास, बिरल्छा, चुनियार, रियास, बांज आदि को पकाकर पशुओं को खिलाने और घी को अधिक देर तक पकाने की वजह से इसका रंग काला होता है। यूसीडीएफ पिछले वर्ष अक्टूबर माह से कनार घी बेच रहा है। घी उपभोक्ताओं को एक हजार रुपये प्रति किलो की दर से बेचा जाता है।



प्रवेश प्रारंभ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी0) |

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.

प्रवेश हेतु संपर्क करें
डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504
डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सुपरिटेन्डेन्ट) मो. 9956248504

**सुस्ती** — मानसून के चलते जून, जुलाई व अगस्त माह का राशन भेजा जाता है अग्रिम

# खाद्य विभाग ने अब तक अल्मोड़ा नहीं भेजा राशन

संवाददाता, हल्द्वानी

**दिक्कत**

- अधिकारी बोले-अल्मोड़ा के गोदामों से देरी से आई मांग
- छह जनपदों में राशन की आपूर्ति पहले ही कर दी

**अमृत विचार :** प्रदेश में मानसून कभी भी दस्तक दे सकता है, लेकिन अभी तक खाद्य व नागरिक आपूर्ति विभाग ने अल्मोड़ा जिले में राशन नहीं भेजा है। मानसून के दौरान पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन से सड़कें बंद होने का खतरा रहता है, इसलिए तीन माह (जून, जुलाई व अगस्त) का राशन एक साथ भेजा जाता है।

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जिलों से मांग आने के बाद ही राशन भेजा जाता है। अल्मोड़ा जिले के चार गोदामों से अब मांग आई है, इसलिए वहां शीघ्र राशन भेज दिया जाएगा। इधर, नैनीताल, चम्पावत, बागेश्वर, पिथौरागढ़, पौड़ी व चमोली जिलों में राशन की आपूर्ति कर दी गई है। नैनीताल के लिए करीब 729 मीट्रिक टन गेहूं व 1320 मीट्रिक टन चावल, चम्पावत के लिए 330 मीट्रिक टन गेहूं व 672 मीट्रिक टन चावल, बागेश्वर के लिए 59 मीट्रिक टन गेहूं व 114 मीट्रिक टन चावल, पिथौरागढ़ के लिए 265 मीट्रिक टन गेहूं व 563 मीट्रिक टन चावल, पौड़ी के लिए 93 मीट्रिक टन गेहूं व 273 मीट्रिक टन चावल और चमोली के लिए 758 मीट्रिक टन चावल की आपूर्ति की गई है।



### नहीं हुई आयोडीन युक्त नमक की आपूर्ति

**हल्द्वानी :** आगामी जुलाई माह से राशन कार्ड धारकों को आठ रुपये की दर से एक किलो आयोडीन युक्त नमक भी वितरित किया जाना है, लेकिन पर्वतीय जिलों को अभी तक नमक की आपूर्ति नहीं की गई है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि नमक की आपूर्ति भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी (एनसीसी) एजेंसी के माध्यम से की जाती है।

**बोले अधिकारी**

> अन्य जिलों को समय पर राशन की आपूर्ति कर दी गई है। अल्मोड़ा के लिए भी शीघ्र आपूर्ति कर दी जाएगी।
> **- बीएल फिरमाल**, क्षेत्रीय खाद्य नियंत्रक (आरएफसी)

# वन नेशन-वन कार्ड योजना का 1200 लोगों ने उठाया लाभ

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** वन नेशन-वन कार्ड योजना के तहत जिले में वर्ष 2023 में 1229 लोगों ने लाभ लिया है। योजना के तहत व्यक्ति अपने राशन कार्ड पर देश में कहीं भी राशन ले सकता है। हालांकि, बीते वर्ष सितंबर माह में सिर्फ 4 लोगों ने योजना का लाभ लिया। जबकि इस साल मार्च माह में सबसे ज्यादा 169 लोगों ने योजना का लाभ लिया है। इस योजना से फर्जी राशन कार्ड को रोकने में मदद मिलेगी।

जिला खाद्य व आपूर्ति अधिकारी विजय जोशी ने बताया कि योजना के अंतर्गत किसी भी क्षेत्र के नागरिक राशन कार्ड के माध्यम से देश के किसी भी राज्य से पीडीएस राशन की दुकान से राशन प्राप्त कर सकते हैं।

## एक नजर

### 6.70 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**जसपुर :** पुलिस ने 6.70 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मोहसिन निवासी नई बस्ती, जसपुर को इंटरनेशनल स्कूल नई बस्ती के पास से 6.70 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

### पावर कोल्हूओं के लिए आवेदन 31 अगस्त तक

**काशीपुर :** काशीपुर गन्ना एवं चीनी उद्योग ने पावर क्रशर व पावर कोल्हूओं के लाइसेंस के ऑनलाइन आवेदन शुरू कर दिए हैं। बुधवार को गन्ना एवं चीनी उद्योग के जनसंपर्क अधिकारी नीलेश कुमार ने बताया कि 31 अगस्त इच्छुक किसान लाइसेंस के लिए बिना विलम्ब शुल्क के आवेदन कर सकते हैं। 31 अगस्त के बाद 31 सितंबर तक आवेदन करने वाले लोगों को विलंब शुल्क जमा करना होगा।

उठने लगे विरोध के स्वर, लोगों में गुस्सा, वर्षों पुराना शहर का है एकमात्र पार्क, अस्तित्व को बचाने के लिए संघर्ष समिति बनने की चर्चा

# गांधी पार्क में अंडरग्राउंड पार्किंग की निविदा पर मचा भूचाल

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** शहर की दिल की धड़कन कहे जाने वाले एकमात्र गांधी पार्क पर अंडर ग्राउंड पार्किंग स्थल की निविदा जारी होते ही शहर में भूचाल सा मच गया है। वर्षों से सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों की भीड़ को संभालने वाले गांधी पार्क के अस्तित्व को बचाने के लिए जहां संघर्ष समिति बनने की चर्चा है। वहीं व्यापारी व नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया भी देनी शुरू कर दी है।

नैनीताल हाईवे, काशीपुर बाईपास के अलावा मुख्य बाजार से सटे एकमात्र पार्क गांधी पार्क का अस्तित्व वर्ष 1975 के करीब आया था। इसका विस्तार उस वक्त हुआ जब तत्कालीन नगर पालिका के चेयरमैन सुभाष चतुर्वेदी द्वारा सौंदर्यीकरण कराया गया। इसके पांच वर्ष बाद तत्कालीन चेयरमैन नसरीन कुरैशी ने शताब्दी स्तूप का निर्माण कराया। वर्ष 2003 से 2008 तक तत्कालीन पालिकाध्यक्ष राजकुमार ठुकराल ने बुजुर्गों के घूमने के लिए पैदल पटरी, महाराजा रणजीत सिंह पार्क के अलावा विधायकी काल में प्रदेश का सबसे ऊंचा तिरंगा झंडा लगाकर गांधी पार्क का सौंदर्यीकरण कराया था। बुधवार को अचानक जब नगर निगम द्वारा गांधी पार्क पर अंडर ग्राउंड पार्किंग स्थल बनाने की निविदा निकली तो शहर में मानो भूचाल सा आ गया। कारण वर्षों से सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों के केंद्र बनने वाले गांधी पार्क को पार्किंग स्थल के रूप में देखना किसी भी व्यापारी और शहरवासी को मंजूर नहीं।



“शहर में जल निकासी का बुरा हाल है। शासन-प्रशासन को जल निकासी की व्यवस्था करनी चाहिए। ताकि जलभराव की समस्या का समाधान हो सके। यदि गांधी पार्क में अंडर ग्राउंड पार्किंग बनाने की निविदा निकाली गई है। इसके लिए सत्ताधारी स्थानीय विधायक को हस्तक्षेप करना चाहिए। कारण गांधी पार्क में उनका बचपन बीता है। दशहरा, जनसभा के अलावा बड़े-बड़े आयोजन होते रहते हैं। बावजूद गांधी पार्क के अस्तित्व को समाप्त करने का खेल प्राधिकरण ने खेला है। उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गांधी पार्क आंदोलन को उनका समर्थन रहेगा। मगर अंडर ग्राउंड पार्किंग मंजूर नहीं होगी। **-तिलकराज बेहड़**, किच्छा विधायक, कांग्रेस



“शहर के एकमात्र पार्क गांधी पार्क के स्थान पर सुंदर पार्क रहेगा। गांधी पार्क के अस्तित्व को कोई खतरा नहीं होगा और न ही होने दिया जाएगा। जो जनप्रतिनिधि भ्रामक प्रचार कर पार्क के नाम पर राजनीति कर रहे हैं। उन्हीं जनप्रतिनिधियों ने गांधी पार्क का मजाक बना कर रख दिया था। अभी तक पार्क में पार्क नाम की कोई भी सुविधा मुहैया नहीं कराई। हमेशा जनता की भावनाओं की अनदेखी की जाती रही। विधायक होने के नाते वह जनता को आश्वस्त करते है कि गांधी पार्क पार्क ही रहेगा और पार्क ही नहीं, बल्कि सुंदर और सुविधाजनक पार्क का निर्माण होगा। अस्तित्व के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं होने दिया जाएगा। **-शिव अरोरा**, विधायक रुद्रपुर, भाजपा।



“नगर निगम के मन में लालच आया और शहर की धड़कन गांधी पार्क को पार्किंग स्थल घोषित करते हुए निविदा निकाल दी है। इस निविदा को निगम व प्रशासन को रद्द करना पड़ेगा। वरना गांधी पार्क के अस्तित्व को मिटाने वाली हर कार्रवाई का पुरजोर विरोध किया जाएगा। वर्षों से शहर का एकमात्र बुजुर्गों के घूमने का सहारा है। इसके अलावा वर्षों से गांधी पार्क हजारों लोगों के कार्यक्रम का बोझ उठा चुका है। अगर निगम को पार्किंग बनाना ही था तो शहर में कई स्थान ऐसे है जहां पार्किंग स्थल बनाना चाहिए। सत्ताधारी नेताओं के इशारे पर पार्किंग के नाम पर कब्जा करने का प्रयास है। इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। **-राजकुमार ठुकराल**, पूर्व विधायक, रुद्रपुर



“नगर निगम द्वारा सोची समझी साजिश के तहत पहले वर्षों से अपनी रोजी रोटी चला रहे दुकानदारों को जी-20 के नाम पर उजाड़ दिया गया और अब शहर के एक मात्र पार्क गांधी पार्क को पार्किंग स्थल में तब्दील कर अस्तित्व खत्म करने की सोच रहा है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अभी तक सवा साल का समय बीत चुका है। बावजूद उजाड़े गए दुकानदार स्थापित होने के लिए भटक रहे हैं। यदि शहर का एक मात्र पार्क गांधी पार्क की निविदा रद्द नहीं हुई तो दो दिन के अंदर व्यापारियों-शहरवासियों की एक महापंचायत बुलाई जाएगी और विरोध की रणनीति बनाई जाएगी। गांधी पार्क के अस्तित्व व उजाड़े गए दुकानदारों को स्थापित करने की लड़ाई का आगाज जारी रहेगा। **-संजय जुनेजा**, नगर अध्यक्ष, प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल

## रास्ते में बेटियों के साथ छेड़छाड़ का आरोप

**बाजपुर:** एक व्यक्ति ने कुछ लोगों पर रास्ते में घेरकर बेटियों से छेड़छाड़ व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है।

कोतवाली क्षेत्र गदरपुर के अंतर्गत निवासरत एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि 23 जून शाम करीब साढ़े 7 बजे वह अपने परिवार के साथ, अपनी पुत्री के विवाह की रस्में पूरी करके घर लौट रहा था। आरोप है कि इसी बीच तीन लोगों ने अपने 10-12 अन्य साथियों के साथ मिलकर ग्राम भीकमपुरी के पास घेराबंदी करके रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की गई। इतना ही नहीं तीन पुत्रियों से छेड़छाड़ की गई। शोर-शराबा करने पर आसपास के लोगों को आता देख हमलावर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था।

# एयरपोर्ट के रनवे के दोनों ओर बसी बस्तियां हटानी होंगी

पंतनगर एयरपोर्ट निदेशक ने एरोड्रम कमेटी की बैठक में रखी समस्या, डीएम ने टीम गठित कर एक सप्ताह में रिपोर्ट देने के दिए निर्देश

मंथन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** पंतनगर एयरपोर्ट की एरोड्रम कमेटी की बैठक जिलाधिकारी एवं समिति अध्यक्ष उदयराज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस दौरान संयोजक व निदेशक पंतनगर एयरपोर्ट मोनिका डेम्बला ने कहा कि एयरपोर्ट के रनवे के दोनों ओर बाउंड्रीवॉल के बाहर दीवार से लगती हुईं अनाधिकृत कॉलोनियां बसी हैं जो सुरक्षा एवं उड़ान में अवरोध पैदा कर रही हैं। उसे हटाने का अनुरोध किया गया। इस पर जिलाधिकारी ने उड़ान में अवरोध पैदा कर रहे भवनों को चिन्हित करने के निर्देश दिए। साथ ही एयरपोर्ट अथॉरिटी, पंतनगर विश्वविद्यालय, राजस्व विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर एक सप्ताह में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक के दौरान निदेशक एवं संयोजक ने यह भी बताया कि एयरपोर्ट की बॉउंड्री के बाहर कई ऐसे पेड़ हैं जो प्राकृतिक रूप से बड़े व टेढ़े होकर बॉउंड्री के ऊपर आ गए हैं जो सुरक्षा के दृष्टि से अत्यंत खतरनाक हैं। इन वृक्षों को भी कटवाने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी ने प्रभागीय वनाधिकारी को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि उनके द्वारा पेड़ों का निरीक्षण कर लिया गया है व पेड़ों को चिन्हित कर छपान व कटान के लिए वन निगम को पत्र भेज दिया गया है।

निदेशक ने बताया कि एयरपोर्ट के उत्तरी और पश्चिमी के तरफ जंगली जानवरों की संख्या अत्यधिक बढ़ गई है जिसमें नीलगाय, तेंदुए, बाघ, गिदड़ आदि विचरण करते हुए देखे गये हैं जिससे विमान सुरक्षा व्यवस्था को खतरा रहता है। साथ ही कार्मिकों को भी जान का खतरा बना रहता है। उन्होंने जानवरों को हटाने के लिए पिंजरा लगाने एवं विमान क्षेत्र से जानवरों को बाहर करने के लिए हांका प्रक्रिया संपादित करने का आग्रह किया। प्रभागीय वनाधिकारी ने कहा कि वे तेंदुए, बाघ, नीलगाय, गीदड़ को पकड़ने के लिये आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने विमानपत्तन की बॉउंड्री के भीतर जानवरों को रोकने के लिए सोलर फेंसिंग लगाने का सुझाव भी दिया।



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

### ये लोग रहे मौजूद

प्रभागीय वनाधिकारी यूसी तिवारी, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पांडेय, सहायक प्रबंधक एयरपोर्ट तुलसी गर्ब्याल, डीसीआईओ आईवी चंद्र प्रकाश नौटियाल, पुलिस उपाधीक्षक पंतनगर ओम प्रकाश आदि मौजूद थे।

### एयरपोर्ट के लिए सुरक्षा कर्मी बढ़ाने का अनुरोध

**रुद्रपुर :** एयरपोर्ट निदेशक ने बताया कि विमानपत्तन की सुरक्षा के लिए 75 कार्मिकों के सापेक्ष मात्र 26 सुरक्षा कर्मी हैं। इसके लिए सुरक्षा कर्मी बढ़ाने का अनुरोध किया। इस पर जिलाधिकारी एवं समिति अध्यक्ष ने बैठक का हवाला देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व महानिदेशक पुलिस को सुरक्षा कर्मी बढ़ाने के लिए पत्र जारी करने के साथ ही निदेशक को विमानपत्तन अथॉरिटी को भी सुरक्षा के लिए पैरामिलिट्री फोर्स लगाने के लिए पत्र लिखने के निर्देश दिए। निदेशक ने विमानपत्तन क्षेत्र की सुरक्षा पेट्रोलिंग हेतु वाहन उपलब्ध कराने की मांग रखी।

### यात्री वाहनों को एयरपोर्ट की पार्किंग तक जाने की डीएम ने दी अनुमति, एसएसपी को पत्र लिखने को कहा




**रुद्रपुर :** एयरपोर्ट निदेशक ने बताया कि यात्री वाहनों को हाईवे पर ही रोक कर यात्रियों को एयरपोर्ट के अंदर आना पड़ता है। यात्री वाहनों को एयरपोर्ट पार्किंग तक आने की अनुमति देने का अनुरोध किया। इस पर जिलाधिकारी ने जन सुविधाओं को देखते हुए यात्री वाहनों को पार्किंग तक जाने के निर्देश दिए। ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए।

## मानकों के अनुरूप कराएं आरडीएफ का निस्तारण

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी एवं प्रशासक नगर निगम उदयराज सिंह ट्रंचिंग ग्राउंड में लीगेसी वेस्ट को 30 जून तक निस्तारित करने के निर्देश अनुबंधित फर्म दयाचरण एंड कंपनी को दिए। साथ ही प्रोजेक्ट मैनेजर अनिल कुमार शर्मा को लीगेसी वेस्ट की आरडीएफ व वायोसॉयल के एनजीटी के मानकों के अनुसार वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निस्तारण की जीपीएस व वीडियोग्राफी कराते हुए निस्तारण रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा।

जिलाधिकारी ने यह निर्देश बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान दिए। उन्होंने कहा कि आरडीएफ व वायोसॉयल निस्तारण के लिए और वाहनों की जरूरत है तो बढ़ाएं व उसकी सूची भी उपलब्ध कराएं। उन्होंने ट्रंचिंग ग्राउंड में सड़क की तरफ से लीगेसी आरडीएफ को 15 फीट पीछे करते हुए व्यूकटर लगाने के निर्देश दिये। साथ ही वर्षाकाल में लीगेसी का पानी सड़क की तरफ न आये इसके लिये नाली बनाकर पानी को पीछे नदी में डाला जाये। उन्होंने सालिड वेस्ट मेनेजमेंट के लिए रुद्रपुर में 10 एकड़ भूमि चयन करने के निर्देश उप नगर आयुक्त को दिये। इस अवसर पर नोडल कुमांऊ शहरी विकास विशाल मिश्रा, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, प्रोजेक्ट मैनेजर अनिल कुमार शर्मा उपस्थित थे।

## ट्रैक्टर की चपेट में आकर दो बच्चे घायल

**बाजपुर:** ट्रैक्टर के पीछे लगे बैक कराहा की चपेट में आकर दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए उपजिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया है। ग्राम जगन्नाथपुर निवासी फिजा (15) पुत्री झब्बार अली करीब डेढ़ वर्षीय अल्फेसानी पुत्र शमशाद को गोद में लेकर रोड पार कर अपने घर जा रही थी। बताया जाता है कि इसी बीच राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर वह तेज रफ्तार ट्रैक्टर के पीछे लगे बैक कराहा की चपेट में आ गई और दोनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। दौड़कर पहुंचे परिजन ग्रामीणों की मदद से आनन-फानन में दोनों बच्चों को लेकर सरकारी अस्पताल पहुंचे, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है। घटना के बाद मौके पर काफी देर तक अफरातफरी का माहौल बना रहा।

# दिनेशपुर में सुबह हल्की बारिश से मौसम हुआ सुहाना

राहत संग आफत

- दोपहर तक बादल छाए रहे मौसम खुलने पर बढ़ी उमस
- हल्की सी बारिश से नगर में जगह-जगह जलभराव
- नगर पंचायत की सफाई व्यवस्था की पोल खुली

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार की प्रातः हल्की बारिश से मौसम सुहाना हो गया। दोपहर तक आकाश में बादल छाए रहे। दोपहर बाद मौसम खुलने पर उमस हो गई। हल्की बरसात से नगर में जगह-जगह जलभराव हो गया। नगर पंचायत प्रशासन द्वारा चलाए गए सफाई अभियान की हल्की बारिश से पोल खुल गई। विगत कई दिनों से क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी से बारिश के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

हल्की बरसात होने से नगर के मुख्य मार्गों व फुटपाथ पर जगह-जगह बारिश का पानी रुका रहा। जबकि अभी बरसात के मौसम की शुरुआत है। सड़क व फुटपाथ पर पानी जमा होने से लोगों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा। नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी सरोज गौतम ने बताया मार्ग व फुटपाथ पर बारिश के पानी की निकासी लोक निर्माण विभाग द्वारा नाली में नहीं की गई है। इससे बरसात का पानी सड़क एवं फुटपाथ पर रुका हुआ है। उन्होंने कहा बारिश के पानी की निकासी के लिए नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत सभी नालियों व नालों की सफाई व्यवस्था पूर्व से ही दुरुस्त कर रखी है। इससे नगरवासियों को परेशानी का सामना न करना पड़े।



दिनेशपुर में हुई हल्की बारिश से बाजार में जगह-जगह रुका पानी। ● अमृत विचार



वर्षा से जसपुर के मेन बाजार में हुआ जलभराव।

## जसपुर में दूसरे दिन भी बारिश से जलभराव

**जसपुर, अमृत विचार:** बुधवार को दूसरे दिन भी भारी वर्षा हुई। इससे जसपुर के मेन बाजार समेत कई स्थानों पर जलभराव हो गया। इससे आवागमन काफी प्रभावित हुआ और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

सतर्कता | बरसात से संबंधित बीमारियों की दवाइयां अस्पताल में उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

# बरसात को लेकर तैयार रहने के दिए निर्देश

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** तराई में प्री मानसून की बारिश के बाद स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू, मलेरिया की रोकथाम की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके लिए सीएमओ ने जिले के सभी अस्पतालों में डायरिया, डेंगू समेत बरसात के बाद होने वाली बीमारियों को लेकर तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में दवाइयां उपलब्ध कराने को कहा है।



मौसम वैज्ञानिकों ने तराई में 28 जून से मानसून के पहुंचने का पूर्वानुमान लगाया है। बरसात के चलते अस्पतालों में डेंगू, डायरिया, मलेरिया संबंधित मरीजों की संख्या बढ़ती है। ऐसे में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए सीएमओ ने सभी अस्पतालों के लिए निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने जिले के सभी अस्पतालों में डेंगू, मलेरिया के लिए अलग वार्ड तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी ब्लड बैंकों को रक्त की उपलब्धता की भी स्वास्थ्य विभाग को जानकारी देने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही बीमारियों से संबंधित दवाएं अस्पताल में उपलब्ध करने के निर्देश दिए हैं।

### बाढ़ चौकियों पर टीमें अलर्ट करने को कहा

जिले के सीएमओ ने निर्देश जारी करते हुए जिले के सभी बाढ़ संभावित क्षेत्रों में बनी बाढ़ चौकियों के लिए भी निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने जिले की सभी बाढ़ चौकियों पर स्वास्थ्य विभाग की टीमों को मौजूद रहने के निर्देश दिए हैं। साथ ही बाढ़ चौकियों पर तैनात स्वास्थ्य कर्मियों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं।

“बरसात को देखते हुए सभी अस्पतालों को तैयारियां करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही बाढ़ चौकियों पर स्वास्थ्य विभाग की टीमों को अलर्ट रहने को कहा गया है। **-डॉ. मनोज शर्मा**, सीएमओ, ऊधमसिंह नगर

तैयारी

- अस्पतालों में वार्ड आदि की तैयारी शुरू, डॉक्टरों ने बीमारियों को लेकर लोगों को दी सलाह

## अर्थिंग तार में करंट आने से बालक घायल

**बाजपुर:** घर के नजदीक खड़े सीमेंटड विद्युत पोल की अर्थिंग तार में उतरे करंट की चपेट में आकर 13 वर्षीय बालक घायल हो गया जिसे आनन-फानन में ही उपजिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

मोहल्ला भोना इस्लामनगर निवासी रोहित (13) पुत्र महेंद्र बुधवार को घर के पास ही स्थित सीमेंट के विद्युत पोल में लगे अर्थिंग तार से चिपक गया। नंगे पैर होने के चलते वह करंट की चपेट में आ गया जिसकी जानकारी से परिजनों व आसपास के मोहल्लेवासियों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में ही दौड़कर पहुंचे लोगों द्वारा उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के चलते मौके पर काफी देर तक अफरातफरी का माहौल बना रहा।


दैनिक समाचार पत्र | कम खर्च, ज्यादा मुनाफा

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।

साइज व रेट

| | | |
|---|---|---|
| साइज | 4x5 सेमी | 600/- रु. |
| साइज | 4x6 सेमी | 720/- रु. |
| साइज | 4x7 सेमी | 840/- रु. |

स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15

अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 7906999205, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार | लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

कुमाऊं संस्करण | स्मृतियाँ शेष

निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

अमृत विचार

साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### छुट्टी पर घर आए फौजी ने की पत्नी से मारपीट

**नानकमत्ता :** जम्मू कश्मीर में तैनात फौजी ने छुट्टी पर घर आकर पत्नी के साथ मारपीट कर दी। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के टुकड़ी गांव निवासी मलकीत कौर ने पुलिस को तहरीर सौंपकर कहा कि उसका फौजी पति जम्मू कश्मीर में तैनात है। वह छुट्टी लेकर घर आया है। उसने चाल चलन को गलत बताकर मारपीट की। इस सम्बन्ध में ग्राम प्रधान ने समझाने का प्रयास किया लेकिन वह किसी की बात मानने को तैयार नहीं है।

### ढाबे में शराब बेचने पर दो को पुलिस ने दबोचा

**खटीमा :** झनकईया थाने की पुलिस टीम ने मंगलवार देर शाम चेकिंग के दौरान लोहियाहेड रोड पर सड़क किनारे ढाबे में बिना लाइसेंस ग्राहकों को शराब बेचने की सूचना पर कारवाई की। उन्होंने ढाबा संचालक शिव कुमार निवासी मयूर विहार सेक्टर तीन अमाऊं और निहाल सैनी निवासी नगरपालिका वार्ड संख्या 11 राजीवनगर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से 15 लीटर अवैध कच्ची शराब सहित कई आधे भरे अंग्रेजी शराब के अद्धे, डिस्पोजल गिलास और शराब बिक्री के 500 रुपये बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश कर दिया। टीम में उपनिरीक्षक लक्ष्मण दत्त जोशी, रमेश जीना, राजेन्द्र जोशी, नवीन टम्टा, विनीत कुमार आदि शामिल थे।

# गले में जूते-चप्पल की माला पहनकर डीएम को ज्ञापन देने पहुंचे ओम प्रकाश

## पत्नी ने सौंपा सीएम के लिए राखी का लिफाफा, अपराध पर नियंत्रण को जूता उठाने की मांग

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** अपराध, भ्रष्टाचार और न्याय व्यवस्था के सुधार के लिए प्राचीन तरीका जूता उठाओ अभियान को बल देने की मांग को लेकर कर्मयोग एवं सहयोग साधना समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश वर्मा गले में जूते-चप्पल की माला पहनकर जब डीएम को ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट पहुंचे तो हर कोई देखकर हैरान रह गया। वहीं हाथ में तिरंगा लेकर उनकी पत्नी ने सीएम धामी के लिए राखी का लिफाफा भी डीएम को सौंपा।

बुधवार की सुबह कर्मयोग एवं सहयोग साधना समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश वर्मा अपनी पत्नी मीरा वर्मा के साथ डीएम कार्यालय पहुंचे। जब लोगों ने उनको गले में जूते-चप्पल की माला पहने देखा तो हर कोई हैरान रह गया। पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि देश-प्रदेश में अपराध का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। वहीं देश की बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। अफसरशाही हावी हो चुकी है। उन्होंने दावा किया कि यदि प्राचीन व्यवस्था जूता उठाओ अभियान प्रारंभ हो जाता है तो सभी अपराध मात्र 15 दिनों में ही 99 फीसदी कम हो जाएंगे।

उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं होने पर वह सजा के लिए तैयार हैं। जूता उठाओ मुहिम को गतिमान बनाने के लिए डीएम को ज्ञापन सौंपा जाएगा। उधर, हाथ में तिरंगा झंडा लेकर पहुंची मीरा वर्मा का कहना था कि उन्होंने सीएम धामी को राखी और संस्था की पत्रिका भेजकर प्रदेश की बेटियों की सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने, महिलाओं को आरक्षण देने सहित कई मुद्दों उठाए हैं। इस दौरान दंपति ने डीएम को ज्ञापन और सीएम को संबोधित राखी का लिफाफा प्रेषित किया।



गले में जूते-चप्पल की माला पहनकर पत्नी के साथ ज्ञापन देने पहुंचे ओमप्रकाश वर्मा।

### सिस्टम पर उठाए कई सवाल

**रुद्रपुर :** गले में जूते-चप्पल की माला पहनकर डीएम को ज्ञापन देने आए ओम प्रकाश वर्मा ने सिस्टम पर भी कई सवाल खड़े किए। उनका कहना था कि गरीब जनता न्याय के लिए भटकती रहती है। न्याय नहीं मिलने पर आपराधिक वारदात को अंजाम देने पर विवश होना पड़ता है। यदि देश का सरकारी तंत्र ठीक हो जाए और जूता उठाओ मुहिम को समर्थन करता है तो सरकारी तंत्र में काफी सुधार होगा। कारण जूता उठाओ का भय सामाजिक दायरे में आता है।

### वर्मा ने क्यों पहनी जूते चप्पलों की माला

**रुद्रपुर :** डीएम को ज्ञापन देने पहुंचे ओमप्रकाश वर्मा से जब पूछा गया कि आखिरकार जूते-चप्पल की माला क्यों पहनी तो उनका जवाब था कि देश में मासूम बेटियों व महिलाओं का बलात्कार कर हत्याएं हो रही हैं। ऐसे घिनौने अपराध पर न्याय व्यवस्था से नहीं, बल्कि सामाजिक व्यवस्था से नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने जूते-चप्पल की माला अपने गुरुजी की माता के हाथों से पहनी है। पहले घिनौना कार्य करने वाले अपराधी को जूतों की माला पहनाकर इलाके में घुमाया जाता था और उसका सामाजिक बहिष्कार होता था। इसके बाद ही दुष्कर्म जैसी घटनाओं पर अंकुश लगा। उन्होंने दावा किया कि उनकी मुहिम को मंजूरी मिली तो 15 दिनों के अंदर जूता उठाओ अभियान से 99 फीसदी अपराध कम होगा।


डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते कांग्रेस नेता व श्रमिक नेता। ● अमृत विचार

# कांग्रेस नेता के साथ श्रमिक नेताओं ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, रुद्रपुर

- गुंडा एक्ट के खिलाफ डीएम को सौंपा ज्ञापन
- नोटिस रद्द नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

**अमृत विचार :** डीएम द्वारा सिडकुल के पांच श्रमिक नेताओं के खिलाफ गुंडा एक्ट का नोटिस भेजने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मामले को लेकर पूर्व दर्जा राज्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता हरीश पनेरु के साथ श्रमिक नेताओं ने डीएम कार्यालय पर सांकेतिक प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। उन्होंने आगाह किया कि यदि श्रमिक नेताओं पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

बुधवार को प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेता हरीश पनेरु ने बताया कि सिडकुल की एक कंपनी की तानाशाही के खिलाफ जब लोकतांत्रिक तरीके से श्रमिकों ने आवाज उठाई तो कंपनी प्रबंधन ने गुंडागर्दी कर श्रमिक नेता पर हमले करवाकर घायल कर दिया। जब पुलिस से न्याय की गुहार लगाई तो पुलिस ने कंपनी प्रबंधन के इशारे पर श्रमिक नेताओं के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की रिपोर्ट डीएम को सौंप दी। इससे साफ हो गया है कि पुलिस प्रशासन पूंजीपतियों के इशारे पर काम कर रहा है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से मामले की जांच करने और नोटिस को रद्द करने की मांग की। इस अवसर पर सौरभ कुमार, विशाल कुमार, सोनू कुमार, अजय कुमार, ललित कुमार, उदय सिंह आदि मौजूद रहे।

## चेक बाउंस में तीन माह की सजा

**काशीपुर:** चेक बाउंस के एक मामले में तृतीय एसीजे की अदालत ने आरोपी को तीन माह के कारावास और 15.50 लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है।

डाबर ग्रेन एजेंसी के पार्टनर योगेश डाबर ने अपने अधिवक्ता धर्मेंद्र तुली के माध्यम से कोर्ट में परिवाद प्रस्तुत किया था कि ग्राम कुंडेश्वरा, तहसील टांडा जिला रामपुर निवासी अमृतपाल के साथ उसके अच्छे संबन्ध थे। वह उनकी फर्म पर अनाज बेचने आता था और समय-समय पर उधार रकम लेता रहता था। हिसाब करने पर अमृतपाल पर 15,88,702 रुपये बकाया निकले।

इस रकम की अदायगी के लिए अमृतपाल ने उसे 27 अक्टूबर 2020 को एक चेक दिया। 27 अक्टूबर 2020 को उसने यह चेक पीएनबी स्थित अपने खाते में लगाया, जो कि बाउंस हो गया। परिवाद पर सुनवाई कर अदालत ने आरोपी अमृतपाल को कोर्ट में तलब किया। मौखिक एवं दस्तावेजी साक्ष्य के आधार पर अदालत ने आरोपी को धारा 138 एनआई एक्ट का दोषी पाया। तृतीय एसीजे हर्षिता शर्मा की अदालत ने आरोपी अमृतपाल को तीन माह के कारावास और 15.50 लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर आरोपी को एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# एजुकेशन वीजा के नाम पर लाखों की ठगी

संवाददाता, रुद्रपुर



- इंग्लैंड भेजने के नाम पर दिया झांसा, पीड़ित ने एसएसपी से लगाई गुहार

**अमृत विचार:** थाना दिनेशपुर इलाके के रहने वाले एक युवक से कतबूरबाजों द्वारा इंग्लैड में एजुकेशन वीजा के नाम पर लाखों रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

थाना दिनेशपुर निवासी पुन्नू मंडल ने बताया कि 3 जनवरी 2023 को उसकी मुलाकात पड़ोसी से हुई। जिसने बताया कि उसके दोस्त का रुद्रपुर स्थित कार्यालय है जो युवाओं को शिक्षा के लिए विदेश भेजने का कार्य करते हैं। उन्होंने बताया कि जब उसने अपने बेटे रोहित को इंग्लैंड एजुकेशन वीजा बनाने की बात कही तो पड़ोसी ने हामी भरते हुए बिलासपुर यूपी के रहने वाले एक व्यक्ति से मिलाया।

आरोपियों ने 11 लाख रुपये का खर्च बताया। उनकी बातों पर विश्वास करते हुए उसने 9 फरवरी 2023 से 9 नवंबर 2023 तक करीब 4.95 लाख रुपये का भुगतान किया। जब वीजा नहीं बना तो रकम वापस करने का दबाव बनाया। 18 जून को महज एक लाख रुपये वापस किये और शेष 3.95 लाख रुपये देने से इंकार कर दिया। जब बकाया पैसा मांगा तो आरोपी ने पैसा मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। युवक के पिता ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

## विवि कर्मी को शेयर ट्रेडिंग के नाम पर तीन लाख का लगाया चूना

**पंतनगर, अमृत विचार :** जीबी पंत कृषि विवि कर्मी से शेयर ट्रेडिंग के नाम पर तीन लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। एसएचओ पंतनगर आरएस डांगी ने बताया कि मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ आईपीसी की धारा 120बी, 34, 419, 420 और आईटी एक्ट में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। टा-कालोनी पंतनगर निवासी सुभाष चंद्रा ने साइबर थाने में दी तहरीर में बताया कि बीती आठ जून को उसके मोबाइल व्हाट्सअप पर अज्ञात नंबर से शेयर ट्रेडिंग सिखाने संबंधी मैसेज आया था। जिसमें उसने अपने आप को शेयर मार्केट का असिस्टेंट एडवाइजर बताते हुए ग्रुप में जुड़ने को प्रेरित किया। उसकी सहमति के बाद भेजे गए लिंक के माध्यम से उसे ट्रेडिंग टेक्निक्स अलायंस नामक ग्रुप में ज्वॉइन करा दिया गया। ग्रुप में अन्य लोग भी थे, जिन्होंने लाभ-हानि की जानकारी देकर अपने प्रॉफिट के स्क्रीन शॉट भी साझा किए। उसे भरोसा होने पर उन्होंने शेयर मार्केटिंग संबंधी एक वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कर उसका अकाउंट खोल दिया। इसमें सामान्यत: स्टॉक मार्केट के शेयर खरीदे-बेचे जाते थे। उसने मार्केटिंग ट्रेडिंग में निवेश के लिए पहली किश्त 10 हजार रुपये जमा कराई। फिर उसने शॉर्ट टर्म लाभ का लालच देकर उससे 15 मई से 31 मई के बीच सात बार में अज्ञात बैंक खातों में कुल तीन लाख रुपये की धनराशि जमा करा ली। जब उसने कंपनी के बारे में अन्य जानकारी लेने के लिए ग्रुप से जुड़े लोगों के मोबाइल नंबर पर नॉर्मल और व्हाट्सअप कॉल करने का प्रयास किया, तो कॉल नहीं लगा। तब उसे मुझे अंदाजा हुआ कि उसके साथ धोखाधड़ी हो गई है।

## सरकारी संपत्ति क्षतिग्रस्त करने पर डंपर चालक पर मुकदमा

**काशीपुर:** फ्लाईओवर से उतरते हुए रामनगर रोड की ओर आ रहा डंपर सोमवार रात अनियंत्रित होकर पलट गया। इससे डिवाइडर क्षतिग्रस्त हो गया और यातायात भी बाधित हुआ। मामले में पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने को लेकर मुकदमा दर्ज किया है।

एसआई सुनील सुतेड़ी ने मुकदमा दर्ज कराया कि डंपर संख्या यूपी 21 ईटी 1275 के चालक द्वारा एमपी चौक, रामनगर रोड की तरफ आरओबी पुल से उतरते समय वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर राष्ट्रीय राजमार्ग 74 पर बने सीमेंट के क्रश बैरियर को टक्कर मारकर सरकारी संपत्ति को क्षतिग्रस्त किया है। मामले में पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# देह व्यापार में शामिल महिला सहित चार लोगों पर मुकदमा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम द्वारा होटल में पकड़े गए देह व्यापार के मामले में एक महिला सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

मंगलवार दोपहर को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की प्रभारी जीतो काम्बोज व टांडा चौकी पुलिस ने आवास-विकास क्षेत्र में संचालित एक होटल में देह व्यापार की शिकायत पर छापा मारा। जहां पुलिस ने एक युवक व युवती को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा। टीम को होटल में कई अनियमितताएं भी मिलीं। छानबीन में पुलिस को पता चला कि होटल को महेशपुरा थाना काशीपुर निवासी संजीव कुमार और ग्राम गैबुआ थाना कालाढूंगी जिला नैनीताल निवासी इंद्र सिंह बोरा लीज पर लेकर संचालित कर रहे हैं। इसमें उनके साथ पाडला पोस्ट नयागांव बहादुर नगर थाना ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद, यूपी निवासी एक महिला भी शामिल है। मामले में पुलिस ने तीनों संचालकों सहित युवती के साथ पकड़े गए युवक जसपुर निवासी शादाब के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उधर, युवती की काउंसलिंग कर उसे परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस टीम में टांडा चौकी प्रभारी मनोज जोशी, कांस्टेबल दिनेश त्यागी आदि शामिल रहे।


देह व्यापार में शामिल आरोपियों के साथ पुलिस टीम। ● अमृत विचार

# क्षेत्र में बढ़ रहीं चोरियों पर जताई चिंता

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** गुरुद्वारा कॉलोनी और मेलाघाट रोड के व्यापारियों ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी और जिलामंत्री सतीश गोयल से मुलाकात कर क्षेत्र में बढ़ती चोरियों पर चिंता व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि दिहाड़ी, मजदूरों की आड़ में संदिग्ध लोग भी यहां आ जाते हैं और संदिग्ध गतिविधियों को अंजाम देते हैं। इस पर प्रदेश कार्यकारी सदस्य जोशी ने पुलिस प्रशासन के सक्षम अधिकारियों से रात्रि गश्त बढ़ाने एवं संदिग्धों का सत्यापन करने की मांग रखी। इस अवसर पर भाजपा नगर महामंत्री मनोज बाजवा, नवनीत गुप्ता, अनिल प्रजापति, रामजी डाबर, जितिन ग्रोवर, अफरोज खान, हरिमोहन भाटिया, प्रवीण अग्रवाल, मेनका गुप्ता, अभिषेक ढींगरा, विवेक गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, विपिन गुप्ता आदि मौजूद रहे।


खटीमा में आयोजित बैठक में बढ़ती चोरियों पर चिंता व्यक्त करते लोग।

## खराब मौसम के चलते दून-पंतनगर पिथौरागढ़ फ्लाइट रद्द

**पंतनगर:** बुधवार को सुबह से ही घने बादलों ने डेरा जमा लिया था और रूक-रूक कर बारिश होती रही। इसके चलते दृश्यता भी कम हो गई थी। ऐसे में खराब मौसम को देखते हुए देहरादून-पंतनगर वाया पिथौरागढ़ हवाई मार्ग पर हवाई सेवा दे रही फ्लाई बिग कंपनी प्रबंधन ने अपनी फ्लाइट को रद्द कर दिया। इसके चलते इस फ्लाइट में पहले से टिकट बुक कराए यात्रियों को परेशान होना पड़ा।

# दो माह में काटे गए 3179 वाहनों के चालान

संवाददाता, काशीपुर

**सख्ती**

- सौ से अधिक वाहनों को किया सीज, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चल रहा अभियान

**अमृत विचार:** परिवहन विभाग ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है। बीते दो माह में एआरटीओ ने बिना परमिट, बिना सीट बेल्ट, ओवरलोड समेत कई अलग-अलग मामलों में 31 सौ से अधिक वाहनों का चालान काटने की कार्रवाई की है। इसके साथ ही सौ से अधिक वाहनों को सीज करने की कार्रवाई की है।

परिवहन विभाग ने अप्रैल व मई माह में 3179 वाहनों के ओवर स्पीड, ओवरलोड, बिना सीट बेल्ट समेत अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर चालान काटने की कार्रवाई की है। इन वाहनों में बाइक, कार, डंपर समेत अन्य वाहन शामिल हैं। वहीं परिवहन विभाग ने इन वाहनों पर पांच लाख रुपये से अधिक जुर्माना लगाया है।

### 1007 बाइक चालकों के बिना हेलमेट पर चालान

परिवहन विभाग ने दो माह में 31 सौ से अधिक वाहनों का चालान काटने की कार्रवाई की है। इसमें 1007 चालान केवल बाइक पर हेलमेट नहीं पहनने वाले लोगों के किए गए हैं। जबकि शासन के निर्देश के बाद बीते एक सप्ताह में बाइक के पीछे बिना हेलमेट बैठने वाले सौ से अधिक लोगों के चालान काटने की कार्रवाई की गई है।

### बोले अधिकारी

बीते दो माह में 31 सौ से अधिक वाहनों के चालान काटे गए हैं। बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया है। इसमें एक हजार से अधिक चालान काटे जा चुके हैं।
**-जितेंद्र चंद्र**, एआरटीओ प्रवर्तन, काशीपुर।

**चिंताजनक** बारिश के मौसम में बिजली गिरने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं

# बादलों की टक्कर से धरती पर गिर रही बिजली

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार:** बारिश के मौसम में बिजली गिरने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। पिछले तीन दिनों में कुमाऊं में बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हो चुकी है। अक्सर घने बादलों के बीच तेज गरज के साथ बिजली कड़कती देखी जाती है। हालांकि कभी-कभी यह बहुत खतरनाक हो जाती है और जमीन पर गिरते ही जानलेवा हो जाती है। यह जहां पर गिरती है वहां तबाही मचा देती है।

जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि कुछ बादलों में पॉजिटिव तो कुछ में निगेटिव चार्ज होता है। आसमान में जब दोनों प्रकार के चार्ज वाले बादल एक दूसरे से टकराते हैं, तो लाखों वोल्ट की बिजली उत्पन्न होती है। कभी-कभी यह बिजली इतनी अधिक होती है कि धरती तक पहुंच जाती है। इसी घटना को बिजली गिरना कहा जाता है। जब आसमान में इस तरह बिजली पैदा होती है, तो बादलों के बीच जो जगह रहती है, वहां पर बिजली की धारा बहने लगती है। इससे बड़े पैमाने पर चमक उत्पन्न होती है। इसमें विद्युत धारा बहने के चलते बहुत अधिक मात्रा में गर्मी पैदा होती है और वायु फैलती है। इससे करोड़ों कणों की आपस में टक्कर होती है, जिससे बादलों के बीच गड़गड़ाहट पैदा होती है। बिजली गिरने का सबसे अधिक खतरा खेतों में काम कर रहे लोगों, पेड़ों और तालाब में नहाते समय रहता है। चार्ज बादल जब धरती के किसी ऊंचे पेड़ या इमारत के पास से गुजरते हैं, तो उसके खिलाफ इमारत या पेड़ में विपरीत चार्ज उत्पन्न होता है। इसकी मात्रा अधिक होने पर बादल से बिजली इमारत या पेड़ में बहने लगती है, इसको बिजली गिरना कहते हैं।

डॉ. सिंह ने बताया कि बिजली के चमकने पर इंसान को घुटनों के बल बैठ जाना चाहिए, बिजली के उपकरणों से दूर रहना चाहिए, टेलीफोन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, दरवाजे खिड़कियों को बंद कर देना चाहिए और छत पर नहीं जाना चाहिए।



### दामिनी एप से मिलती है सटीक जानकारी

डॉ. सिंह ने बताया कि मौसम विभाग की ओर से गूगल पर हर किसी को दामिनी एप दिया गया है। जो लगभग आधा घंटे पहले बिजली गिरने के स्थान सहित बचाव की जानकारी देता है। यह बहुत कारगर एप है, इसे सभी को अपने स्मार्टफोन में डाउनलोड करना चाहिए।

# घर का ताला तोड़ लाखों के जेवर व नकदी चोरी

संवाददाता, काशीपुर

**वारदात**

- पड़ोस के घर में सोया था परिवार, सुबह हुई घटना की जानकारी

**अमृत विचार:** परिजनों की अनुपस्थिति में चोरों ने एक घर का ताला तोड़ कर लाखों रुपये मूल्य के सोने चांदी के जेवरात व करीब 30 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। घर के ताले टूटे देख परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल के आस-पास सीसीटीवी फुटेज चेक की।

मोहल्ला पक्का कोट में मानपुर रोड स्थित एक गली में सुनील कश्यप व उसके भाई विनय कुमार उर्फ बंटी के बंद पड़े मकान में चोरी की वारदात हुई। सुनील ने बताया कि पिछले चार पांच दिन से वह अपने परिवार के साथ पड़ोस वाले दूसरे मकान में रह रहे हैं। बुधवार की सुबह उनके छोटे पुत्र ने घर का ताला टूटा पाया। मकान के अन्दर सारा सामान अस्त व्यस्त पड़ा था। चोरों ने कमरे की अलमारी में बनी तिजोरी से सोने-चांदी के जेवरात व तीस हजार रुपये की नकदी उड़ा ली। चोर घर में रखे उसके भाई और बहन के जेवरात आदि भी ले गए। सुनील ने हेल्पलाइन नंबर पर पुलिस को घटना के बारे में सूचना दी। बताया जा रहा है कि गली के नुक्कड़ पर लगे सीसीटीवी कैमरे दो दिन पहले खराब हो गए थे।

दो दिन पहले की फुटेज में बाइक सवार दो संदिग्ध युवक रेकी करते दिखाई पड़ रहे हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कोतवाल आशुतोष सिंह ने बताया कि चोरी की तलाश की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।



# बिजली कनेक्शन नहीं मिलने से ट्रांजिट कैंप के लोगों में आक्रोश

## स्थानीय लोगों ने पूर्व सभासद दिलीप अधिकारी के नेतृत्व में जिलाधिकारी उदयराज सिंह को ज्ञापन सौंपा, कई बार यूपीसीएल के अधिकारियों से कर चुके हैं मांग

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** पिछले कई सालों से ट्रांजिट कैंप में रह रहे लोगों के घरों में यूपीसीएल की ओर से बिजली के कनेक्शन नहीं मिलने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। विरोध में स्थानीय लोगों ने पूर्व सभासद दिलीप अधिकारी के नेतृत्व में जिलाधिकारी उदयराज सिंह से मुलाकात की और समस्या का ज्ञापन सौंपा।

बुधवार को जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में पूर्व सभासद ने कहा कि ट्रांजिट कैंप में कई परिवार पिछले लम्बे समय से रह रहे हैं। लेकिन आज तक उनके घरों में बिजली के कनेक्शन नहीं लगे हैं। इससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इसको लेकर वे कई बार यूपीसीएल के अधिकारियों से मिल चुके हैं। लेकिन अधिकारी नगर निगम भेज देते हैं। इस अवसर पर उत्तम दत्ता, लखपत सिंह, अखिलेश राठौर, रोबिन विश्वास, सपन कुमार आदि मौजूद रहे।



बाजपुर में विद्युत विभाग के ईई विवेक कांडपाल से मुलाकात करते पूर्व पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते एवं पूर्व सभासद।

# बिजली व्यवस्था दुरुस्त की जाए

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** नगरीय क्षेत्र की बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने एवं लो वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग को लेकर बुधवार को पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह 'गित्ते'की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल ने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता विवेक कांडपाल से दोराहा स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि जल्द ही लो वोल्टेज की समस्या दूर कर दी जाएगी। नगरपालिका क्षेत्रांतर्गत सम्मिलित हुए ग्रामीण क्षेत्रों को ग्रामीण क्षेत्र से हटाकर नगर क्षेत्र की बिजली आपूर्ति से जोड़ा जाएगा।

प्रतिनिधिमंडल में पूर्व सभासद जगतजीत सिंह, रामअवतार यादव, सुनील कुमार आदि शामिल रहे।

## विद्युत स्टेशनों की क्षमता होगी दोगुनी

**खटीमा।** विकासखंड के विद्युत उपभोक्ताओं को लो वोल्टेज, तकनीकी खराबी, ट्रिपिंग, ब्रेकडाउन, जम्फर, इंसुलेटर फुंकने जैसी समस्याओं से निजात दिलाने के प्रयास में विद्युत विभाग जुटा है। इसी क्रम में लोहियाहेड स्थित डीजल पावर हाउस, हल्दी घेरा पावर स्टेशन और झनकट पावर स्टेशन की क्षमता को बढ़ाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। यह जानकारी देते हुए विद्युत उपखंड अधिकारी अंबिका यादव ने बताया कि लोहियाहेड के डीजल पावर हाउस के 5-5 एमवीए के दोनों ट्रांसफार्मरों को 10-10 एमवीए, हल्दीघेरा पावर स्टेशन में लगे पांच एमवीए के ट्रांसफार्मर को 10 एमवीए तथा झनकट पावर स्टेशन में लगे आठ एमवीए के ट्रांसफार्मर के साथ ही 10 एमवीए का एक और ट्रांसफार्मर लगाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। उन्होंने कहा कि लोहियाहेड के डीजल पावर हाउस के ट्रांसफार्मर पर भारी दबाव को देखते हुए सबसे पहले बदला जाएगा। यह भी कहा कि इसके बाद हल्दी घेरा और झनकट के काम होगा। हल्दी घेरा पावर स्टेशन के अवर अभियंता विनोद जोशी ने बताया कि केंद्रीय कम्पनी द्वारा 33 केवी की क्षतिग्रस्त 10 किलोमीटर लाइन की तार को भी बदलने का काम होना है।

## अवैध रूप से चल रही 8 मोटरें पकड़ीं

**खटीमा।** विजिलेंस तथा विद्युत विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से बिजली चोरी की सूचना पर खेतों में छापामार कर अवैध रूप से चल रही आठ बिजली मोटर बरामद कीं। उपखंड अधिकारी अंबिका यादव के निर्देशन में नौसर चंदेली, भगचूरी में कार्रवाई हुई। उन्होंने कहा कि खेतों के आधार पर किसानों को चिन्हित कर बिजली चोरी अधिनियम की कार्रवाई की जाएगी। टीम में जेई विनोद जोशी, जोसेफ गिल, गुलाब सिंह, गुरपाल सिंह, फ्रांसिस मसीह, दीपक रावत, मनोज राणा आदि थे।

## ट्रांसफार्मर फुंकने से 150 परिवारों की बिजली गुल

**काशीपुर।** बीती देर रात काशीपुर में हुई बारिश से थाना साबिक क्षेत्र में स्थित चार सौ किलो वाट का एक ट्रांसफार्मर खराब हो गया है। ट्रांसफार्मर खराब होने से डेढ़ सौ परिवारों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। इसके बाद सूचना पर पहुंची यूपीसीएल की टीम ट्रांसफार्मर को ठीक करने में जुट गई। वहीं अधिकारियों ने बताया कि रात आठ बजे तक बिजली सुचारू कर दी जाएगी। बीती देर रात काशीपुर में बारिश होने से थाना साबिक में लगा चार सौ किलोवाट का ट्रांसफार्मर अचानक फुंक गया। इसके बाद लोगों के घरों की बिजली गुल हो गई। ट्रांसफार्मर फुंकने से अगले दिन बुधवार को भी क्षेत्र में शाम पांच बजे तक बिजली व्यवस्था ठप रही। 16 घंटे से अधिक बिजली गुल होने से लोगों के इन्वर्टर ने भी जवाब दे दिया है। यूपीसीएल के अधिशासी अभियंता विवेक कांडपाल ने बताया कि रात आठ बजे तक नया ट्रांसफार्मर लगा दिया जाएगा।

## प्रथम और तृतीय मंगलवार को होगा तहसील दिवस

**रुद्रपुर :** जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि शासन के निर्देश के बाद जन समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रत्येक तहसील मुख्यालय पर माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को सुबह 10 बजे से कार्य समाप्ति की अवधि तक तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री जन समर्पण पोर्टल के माध्यम से जनपद स्तर पर जन सुनवाई दिवस एवं तहसील स्तर पर मुख्यमंत्री जन समर्पण तहसील दिवस डिजिटल के माध्यम से किया जाएगा। बुधवार को जिलाधिकारी ने बताया कि रोस्टर के अनुसार 2 जुलाई प्रथम मंगलवार को तहसील रुद्रपुर, 16 जुलाई को तृतीय मंगलवार को किच्छा, 6 अगस्त प्रथम मंगलवार को सितारगंज, 20 अगस्त तृतीय मंगलवार को नानकमत्ता, 3 सितंबर प्रथम मंगलवार को खटीमा, 17 सितंबर को जसपुर, 1 अक्टूबर प्रथम मंगलवार को काशीपुर, 15 अक्टूबर तृतीय मंगलवार को बाजपुर, 5 नवंबर प्रथम मंगलवार को गदरपुर में तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस तहसील दिवस को राजकीय अवकाश होगा उसके दूसरे दिन कार्य दिवस को तहसील दिवस आयोजित किया जाएगा।

# जले डंपरों को अब तक नहीं हटाया

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** दो डंपरों में टक्कर के बाद जिंदा जले चालक के मामले के बाद पुलिस प्रशासन ने दूसरे दिन भी घटनास्थल से जले हुए दोनों डंपरों को नहीं हटाया है। इसके कारण घटनास्थल के पास से गुजरने वाले वाहन चालकों व अन्य राहगीरों की निगाहें दुर्घटना में जलकर राख हुए इन डंपरों के मलबे पर टिक रही हैं और वे वहां रुक-रुक कर जले हुए डंपरों को देख रहे हैं। यदि घटना स्थल से जले हुए डंपरों को नहीं हटाया गया तो वहां कोई और दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। उधर, बुधवार को भी मंगलवार की भांति नेशनल हाईवे की एक साइड पर मलबे का ढेर लगा देखा गया और दूसरे छोर पर बेरिकेडिंग देखी गई। इस कारण दोनों साइडों का ट्रैफिक एक ही साइड से चलता रहा और यातायात अव्यवस्था ज्यों की त्यों बनी रही।

उधर, थाना कुंडा पुलिस ने डंपर स्वामी मनकीरत सिंह संधू निवासी गांव धनोरा भुड़िया फॉर्म, काशीपुर की तहरीर के आधार पर दूसरे अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।



जसपुर में घटनास्थल पर पड़े जले हुए डंपर। ● अमृत विचार

## राहुल को नेता विपक्ष चुने जाने पर खुशी

**शांतिपुरी :** पूर्व दर्जामंत्री एवं कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता डॉ. गणेश उपाध्याय ने राहुल गांधी को विपक्ष का नेता चुने जाने पर खुशी का इजहार किया। कहा कि राहुल गांधी ने छह महीने पैदल चलकर सात हजार किलोमीटर से अधिक यात्रा करते हुए लोगों के दिलों में जगह बनाने में कामयाबी पाई है।

देशवासियों को यकीन है कि उन्होंने जो बेरोजगारी, महंगाई का दुःख झेला है, राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता की रूप में आम जनमानस की समस्याओं के निराकरण के लिए आवाज बुलंद करेंगे और मोदी सरकार की गलत नीतियों को घुटने टेकने पर मजबूर करेंगे।

# अंतर जनपदीय पुलिस वाहिनी खेलकूद शुरू

- **जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया उद्घाटन**
- **कुश्ती, बॉक्सिंग, बॉडी बिल्डिंग की होंगी स्पर्धाएं**

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** पुलिस लाइन में 23वीं अंतर जनपदीय पुलिस वाहिनी खेलकूद प्रतिस्पर्धा का आगाज हुआ। इसमें 11 जिलों के पुलिस एवं वाहिनी के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

इस दौरान कुश्ती, बॉक्सिंग, बॉडी बिल्डिंग, आर्म कुश्ती आदि प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस दौरान खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट कर अतिथियों को सलामी दी। बुधवार को प्रतिस्पर्धा का शुभारंभ जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिकंद कुमार त्यागी, एसएसपी मंजूनाथ टीसी और सीएमओ डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पुलिस और पीएसी वाहिनी के जवानों पर नागरिकों की सुरक्षा का जिम्मा होता है। जहां वह निस्वार्थ भाव व ईमानदारी से अपने दायित्व का निर्वहन करते हैं। ऐसे में भागदौड़ भरी जिंदगी के कारण अक्सर जवान तनाव में रहते हैं। इससे मुक्ति पाने का बेहतर साधन खेलकूद है। इसके प्रति सजग रहकर जवान मानसिक व शारीरिक दक्षता को बढ़ा सकता है और बेहतर भविष्य का निर्धारण कर सकता है। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि प्रतिस्पर्धा में प्रदेश के 11 जिलों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया है। पुलिस लाइन के अलावा 46वीं और 31 वीं वाहिनी में खेलों की व्यवस्था की गई है।

28 जून को खेलों का समापन डीआईजी कुमाऊं योगेंद्र रावत द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके, एसपी सिटी मनोज कत्याल, सीओ संचार रेवाधर मठपाल, सीओ पंतनगर ओम प्रकाश शर्मा, सीएफओ निशांत कटारिया, प्रतिसार निरीक्षक मनीष कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।



खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर खेलों का शुभारंभ करते जिला जज और एसएसपी।

# नशे के खिलाफ पुलिस ने किया जागरूक

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** थाना आईटीआई पुलिस ने नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत कॉलेज के छात्रों को नशे के प्रति जागरूक किया। साथ ही उन्हें नशे के दुष्प्रभाव की जानकारी भी दी। बुधवार को थाना आईटीआई पुलिस ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में अध्यनरत छात्र-छात्राओं व आईजीएल तिराहा तथा खड़कपुर में अभियान चलाकर लोगों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी। साथ ही सभी को नशे से दूर रहने की सलाह देते हुए शपथ दिलाई। इसमें लोगों को न नशा करेगा और न किसी को नशा करने देंगे का संकल्प दिलाया गया।

इसके अलावा सभी को यातायात के नियमों का पालन करने की अपील भी गई और हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया।



लोगों को नशे के प्रति जागरूक करती पुलिस। ● अमृत विचार

# बाजपुर में पुलिस ने नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई




बाजपुर में निकली जन-जागरूकता रैली में शिरकत करते कोतवाल मनोज रतूड़ी, साथ में पुलिस अधिकारी-कर्मचारी।

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर सरकारी कार्यालयों के साथ ही विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई तथा आसपास रह रहे लोगों को भी जागरूक करने की बात कही।

वहीं कोतवाली पुलिस ने नगर में जन-जागरूकता रैली निकालकर युवाओं को नशे से दूर रहने का आह्वान किया गया। बुधवार को कोतवाली बाजपुर में आयोजित कार्यक्रम में कोतवाल मनोज रतूड़ी ने पुलिस कर्मियों के साथ ही आमजन को किसी भी प्रकार का नशा नहीं करने की शपथ दिलाई। इसके पश्चात पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों ने नगर में जन-जागरूकता रैली निकालकर युवाओं को नशे से दूर रहने का आह्वान किया। इस मौके पर एसएसआई विनोद कुमार फर्त्याल, बरहैनी चौकी प्रभारी गोविंद सिंह मेहता, एएसआईओ हेम चंद्र भट्ट, स्थानीय अभिसूचना इकाई इंचार्ज ललित गोस्वामी आदि मौजूद रहे। वहीं इंटर कालेज बाजपुर परिसर में प्रधानाचार्य कैप्टन एसपी सिंह की अगुवाई में कार्यक्रम हुआ जिसमें एनसीसी की सीनियर व जूनियर डिवीजन के कैडेट्स को नशे से दूर रहने की शपथ एएनओ रोहित द्वारा दिलाई गई। इस मौके पर नौबहार सिंह, नीरज, सतपाल, जगदीश शर्मा, एनसीसी कैडेट्स समीर, जमीर, वेद आदि मौजूद रहे।

## नशामुक्ति दिवस पर सिटी कान्वेंट के एनसीसी कैडेट्स ने निकाली रैली

**खटीमा, अमृत विचार :** 78 यूके बटालियन एनसीसी हल्द्वानी की सब यूनिट सिटी कॉन्वेंट स्कूल के एनसीसी कैडेट्स द्वारा अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर नगर में जागरूकता रैली निकाल कर आसपास के लोगों को नशामुक्ति के प्रति जागरूक किया। नशामुक्ति दिवस पर एनसीसी कैडेट्स बैनर पोस्टर को लिए कोतवाली में पहुंचे और नशे की चपेट में आ रहे बच्चों को बचाने के लिए आवश्यक कारवाई की गुहार की। एनसीसी टीम ने नगर के मुख्य मार्गों पर जागरूकता रैली निकालकर लोगों को नशे से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी मनोहर सिंह दसौनी, आर्मी एनसीसी एएनओ लेफ्टिनेंट प्रकाश सिंह बिष्ट, पीआई सतीश नाथ आदि उपस्थित रहे।




खटीमा कोतवाली में जागरूकता अभियान चलाते सिटी कान्वेंट स्कूल के एनसीसी कैडेट्स।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में बिजली पानी, स्वास्थ्य, सड़क के मुद्दे छाए

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** क्षेत्र पंचायत की बैठक में सड़क, बिजली, पानी का मुद्दा छाया रहा। जल जीवन मिशन, आयुष्मान कार्ड के एक्टिवेट होने में देरी लगने, मच्छरों से बचाव को छिड़काव कराने पर भी चर्चा हुई।

ब्लॉक सभागार में ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा भीषण गर्मी के बीच बिजली की अघोषित कटौती और भारी भरकम बिलों पर भारी आक्रोश जताया गया। जोगीठेर नगला के ग्राम प्रधान जितेंद्र गौतम ने जल जीवन मिशन से बनी टंकी में ठेकेदार ने बेहद पतला पाइप लगाने का आरोप लगाते हुए मोटे पाइप लाइन बिछाने की मांग की। खेतलसंडा मुस्तजार के कैलाश चंद ने जंगल किनारे सोलर लाइट लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि गावों में बिजली के खंभों के बीच की दूरी अधिक होने से तार झूल रहे, जिस कारण लोग करंट की चपेट में आ रहे हैं। जनप्रतिनिधियों ने प्रतापपुर मार्ग और पहेनियां के छतिग्रस्त पुल को दुरस्त करने की मांग की। सांसद प्रतिनिधि प्रकाश पांडे ने आयुष्मान कार्ड के एक्टिवेशन में देरी का मुद्दा उठाया। जिला पंचायत सदस्य चंद्र सिंह मुंडेला ने मच्छरों से बचाव को छिड़काव का मुद्दा उठाया।

इस अवसर पर उप प्रभागीय वनाधिकारी संचिता वर्मा, विद्युत उपखंड अधिकारी अंबिका यादव, डॉ केसी पंत, सहायक पंचायतीराज अधिकारी महेश कुमार, मुकुल चौधरी, संजय कुमार भट्ट, विजय बिष्ट, प्रदीप कुमार, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, भानु प्रकाश कुशवाहा, अमित कुमार कुशवाहा, प्रेम प्रकाश गिरी, किशोर पंत, नीरज कुमार, ज्येष्ठ प्रमुख प्रवीण बिष्ट, कनिष्ठ प्रमुख सत्यप्रकाश, कौशल कुमार कुशवाहा, इशरत जहां, धर्मेंद्र कुमार, कुलविंदर कौर, राजीव सिंह, प्रीति राणा, पुष्पा देवी, पूजा मेहता, रामवती, तेजिंदर पाल सिंह, मीना धामी आदि मौजूद थे।




खटीमा में आयोजित बीडीसी बैठक में मंचासीन अतिथि। ● अमृत विचार

## बाहरी गुर्जरों को जानवर चराने की अनुमति देने पर रोष

**खटीमा।** जमौर, पिडरैया, झाऊपरसा, बगुलिया, हल्दी, पचपेड़ा के वन गुर्जरों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बंधा में बाजपुर के वन गुर्जरों को जानवर चराने की परमिशन को रद्द करने की मांग की है। एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में कहा कि वह पिछले 50 वर्षों में अपने जानवर झनकईया, बाइस पुल, बंधा में चराते आ रहे हैं। जबकि अब बाहरी बाजपुर के वन गुर्जर इस क्षेत्र में जानवर चराने की धमकी दे रहे हैं। यह भी कहा है कि पांच जून को ज्ञापन देने के बावजूद बाजपुर के वन गुर्जरों को जानवर चराने की परमिशन दे दी गई है। इससे दोनों पक्षों में टकराव की स्थिति पैदा हो गई है। उन्होंने कहा कि यदि बाहरी लोगों की परमिशन को रद्द नहीं किया गया तो वह धरना प्रदर्शन को मजबूर होंगे। ज्ञापन देने वालों में मोहम्मद शफी, बशीर, फारूक, मोहम्मद अकरम, मोहम्मद इरफान आदि मौजूद रहे।

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25
KESHLATA COLLEGE OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com
Nursing Courses
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)
Paramedical Diploma Courses (2 Year)
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan
Pharmacy Course (2 Year)
- D. Pharma
Facilities Available
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available
Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

## सार-संक्षेप



प्रधानाध्यापक भगत मेहता को एलसीडी भेंट करते ईश्वर सिंह कोरंगा।

### पूर्व बैंक अधिकारी ने विद्यालय को एलसीडी भेंट की

**शांतिपुरी :** भारतीय स्टेट बैंक लखनऊ से सेवानिवृत्त मुख्य प्रबंधक उमेश चंद्र सांघी ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय शांतिपुरी नंबर-एक को डिजिटल और स्मार्ट क्लास शिक्षण के लिए 43 इंच की एलसीडी भेंट की। ताकि सरकारी विद्यालयों मे पढ़ने वाले विद्यार्थियों को भी आधुनिक शिक्षा का लाभ मिल सके। पूर्व में भी सांघी की ओर से विद्यालय को विद्यार्थियों के बैठने के लिए टेबल और बेंचें प्रदान की जा चुकी हैं। सांघी के प्रतिनिधि संस्कृति एकेडमी के प्रबंधक ईश्वर सिंह कोरंगा ने प्रधानाध्यापक भगत सिंह मेहता को यह एलसीडी प्रदान की। इस दौरान ग्राम प्रधान चंद्रकला बिशन सिंह कोरंगा, आशा पांडेय व प्रमोद पाल आदि मौजूद रहे।


खटीमा से ट्रेंकुलाइज बाघ को रामनगर भेजते वन अधिकारी। ● अमृत विचार

### ढेला रेस्क्यू सेंटर रामनगर भेजा गया ट्रेंकुलाइज बाघ

**खटीमा :** बनखंडी महादेव मंदिर के पीछे एक माह में दो लोगों को मौत के घाट उतार देने वाले बाघ को बीते दिवस ट्रेंकुलाइज किया गया था। जिसे वन विभाग की टीम ने बुधवार तड़के ढेला रेस्क्यू सेंटर रामनगर के लिए रवाना कर दिया गया। वन विभाग की टीम द्वारा छह दिनों के अथक प्रयास के बाद मंगलवार देर शाम दो लोगों को मरने वाले बाघ को ट्रेंकुलाइज कर लिया गया था। जिसे बुधवार सुबह तीन बजे ही रामनगर स्थित ढेला रेस्क्यू सेंटर भेज दिया गया। यह जानकारी उप प्रभागीय वनाधिकारी संचिता वर्मा ने दी। बता दें कि बाघ ने चकरपुर बनखंडी महादेव मंदिर के पीछे खेतलसंडा मुस्ताजर निवासी प्रेम चंद को 19 जून को मार डाला था। इससे पहले 21 मई को भी बाघ ने बुढ़ाबाग निवासी रामरेशी को मार डाला था।


छत्रपति साहू जी महाराज की जयंती मनाते धम्म उपासक।

### धम्म उपासकों ने नरेश छत्रपति साहू की जयंती मनाई

**काशीपुर :** धम्म उपासकों व उपासिकाओं ने भोगपुर स्थित डॉ. अंबेडकर पार्क में छत्रपति साहू जी महाराज की जयंती मनाई। इस दौरान उन्होंने नरेश छत्रपति साहू को याद किया। बुधवार को कार्यक्रम के दौरान धम्म उपासकों ने कहा कि छत्रपति साहू जी महाराज पिछड़ा वर्ग की तेली जाति में जन्मे भारत को प्रगति पथ पर ले जाने वाले आरक्षण के जनक, छात्रावास के जनक, आधुनिक कृषि के जनक तथा छात्रवृति के जनक माने जाते हैं। डॉ. अम्बेडकर पार्क समिति के अध्यक्ष चंद्रहास गौतम ने बताया कि बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर के जीवन में साहू महाराज का अमूल्य योगदान है। इस दौरान बीना आर्या, अशोक प्रधान, मोहनी आर्या, कृपाल सिंह, कैलाश बौद्ध, नरेश प्रधान, राजबहादूर , रामप्रासद, अतर सिंह पूर्व नायब तहसीलदार राम सिंह, सोनिया, राजेश गौतम, आदित्य गौतम, दीपेंद्र गौतम, कपिल बौद्ध आदि मौजूद रहे।

### कार का अचानक दरवाजा खोलने से बाइक सवार घायल

**बाजपुर :** भगत सिंह चौक के नजदीक मेन बाजार में एक व्यक्ति ने अचानक खड़ी कार की चालक साइड का दरबाजा खोल दिया जिसकी चपेट में आकर बाइक सवार घायल हो गया। इस घटना के बाद दोनों वाहनों के चालकों में विवाद हो गया जिससे वहां भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह समझा-बुझाकर मामला शांत किया। वहीं घायल हुए बाइक सवार को उपचार के लिए निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

# किच्छा में अवैध कॉलोनियों पर गरजी जिला विकास प्राधिकरण की जेसीबी

## कृषि भूमि पर किए गए निर्माण को किया ध्वस्त, क्षेत्र में काटी गईं अवैध कालोनियां की जांच

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचारः** नगर क्षेत्र में अनाधिकृत कॉलोनी पर शिकंजा कसते हुए जिला विकास प्राधिकरण की टीम ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। नगर के तमाम क्षेत्रों का निरीक्षण करने के साथ ही विकास प्राधिकरण की टीम ने जेसीबी से कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

नगर के बंगाली कॉलोनी, आजाद नगर, वार्ड नंबर 2, बंगाली कॉलोनी पुलभट्टा, गुरुकुल स्कूल के निकट कॉलोनाइजर द्वारा अवैध कालोनियां काटकर नियम कानून को ताक पर रखते हुए प्लाटिंग की जा रही है। जिला विकास प्राधिकरण के जिला उपाध्यक्ष अभिषेक रुहेला के दिशा निर्देशन में प्रशासन की टीम ने किच्छा तहसील अंतर्गत कृषि भूमि पर अवैध रूप से काटी जा रही कॉलोनी का निरीक्षण किया। प्राधिकरण की टीम ने सर्वेक्षण करते हुए अवैध कॉलोनी को चिन्हित किया। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक रुहेला के आदेशों के अनुपालन में प्रशासन की टीम जेसीबी लेकर पुराना बरेली रोड स्थित ग्राम सिरौली कला निवासी मोहम्मद शाकिर द्वारा काटी गई कॉलोनी में पहुंची। इस दौरान कॉलोनी में बिना मानचित्र पास कराए बनाए गए भवनों पर प्रशासन की टीम ने जेसीबी चलाकर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया।


किच्छा में कार्रवाई के दौरान उपस्थित अधिकारी। ● अमृत विचार

दूसरी कार्रवाई में प्रशासन की टीम ने हरियाणा फॉर्म में ब्रिजमान उर्फ बबली मान द्वारा नियम कानून को ताक पर रखकर विकसित की गई कॉलोनी में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। जिला उपाध्यक्ष अभिषेक रुहेला ने आम जनता एवं कॉलोनाइजर से अपील करते हुए कहा कि विधिवत मानचित्र / तलपट मानचित्र स्वीकृत किए जाने के बाद ही कॉलोनी को विकसित कर निर्माण किया जाना चाहिए।


किच्छा में अवैध निर्माण ध्वस्त करती जेसीबी। ● अमृत विचार


किच्छा में जानकारी देते जिला स्तरीय पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# समय पर ही होंगे किच्छा व्यापार मंडल के चुनाव

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचारः** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव पूरी पारदर्शिता के साथ समय पर कराए जाएंगे और किसी कीमत पर भी कुछ व्यापारियों के निजी स्वार्थ के चलते दबाव बर्दाश्त नहीं होगा। चुनाव स्थगित करने का कोई भी ठोस कारण सामने नहीं आया है, यदि व्यापार मंडल की सदस्यता अभियान के बीच सरकार द्वारा नगर पालिका चुनाव की घोषणा कर दी जाती है तो व्यापार मंडल के नगर इकाई के चुनाव अगली तिथि तक बढ़ा दिए जाएंगे।

प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राजकुमार भुड्डी सहित जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने रुद्रपुर मार्ग स्थित एक होटल में जानकारी देते हुए बताया कि अगर सरकार द्वारा नगर निकाय के चुनाव सितंबर-अक्टूबर माह में कराए जाएंगे तो व्यापार मंडल के चुनाव इससे पहले ही कर दिए जाएंगे तथा चुनाव प्रक्रिया के बीच आचार संहिता लागू होती है तो नगर निकाय चुनाव को लेकर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल के कुछ पदाधिकारी चुनाव स्थगित करने की मांग कर रहे हैं लेकिन उनके द्वारा कोई भी ठोस कारण नहीं रखा गया है। इसके चलते सदस्यता अभियान समाप्त होने के बाद मतदाता सूची जारी करने एवं उसकी जांच के उपरांत तुरंत बाद ही व्यापार मंडल के चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नगर इकाई के सभी पदाधिकारियों की मौजूदगी में चुनाव संचालन समिति का गठन किया गया था तथा गठित चुनाव समिति पूरी पारदर्शिता के साथ एवं वैध दस्तावेज लेकर ही सदस्य बनाने का काम कर रही है। व्यापार मंडल के वर्तमान महामंत्री विजय अरोड़ा एवं कुछ व्यापारियों द्वारा चुनाव का बहिष्कार करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि व्यापारी अपना निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हैं तथा किसी भी व्यापारी को चुनाव लड़ने अथवा बहिष्कार करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान के बाद चुनाव लड़ने वाले दावेदारों को चुनाव मैदान में आना चाहिए और संगठन को मजबूत बनाने के लिए अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि अध्यक्ष पद पर एक ही दावेदार द्वारा नामांकन किया गया तो निर्विरोध चुनाव होगा तथा जिन पदों पर दो या दो से अधिक प्रत्याशी नामांकन कराएंगे, उन पदों पर चुनाव कराया जाएगा। जिला अध्यक्ष भुड्डी ने विगत दिनों वरिष्ठ व्यापारी एवं चुनाव अधिकारी सतपाल गाबा के प्रतिष्ठान पर कुछ लोगों द्वारा किए गए धरना प्रदर्शन की निंदा की। उन्होंने कहा कि किच्छा में सदस्यता अभियान के लिए दो दिवसीय कैंप लगाया जाएगा।

# चीमा पेपर मिल की जमीन की हदबंदी करने गई टीम का विरोध

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** चीमा पेपर मिल की जमीन के संबंध में उपजिलाधिकारी द्वारा दिए गए हदबंदी के आदेशों का पालन करवाने के लिए गई राजस्व विभाग की टीम को विरोध के चलते बैरंग लौटना पड़ा और अग्रिम आदेशों तक कार्रवाई स्थगित रखने की बात कही गई है।

रामराज रोड स्थित चीमा पेपर मिल के निदेशक गुरदयाल सिंह द्वारा एलआर एक्ट के तहत उपजिलाधिकारी न्यायालय में वाद दायर किया गया था जिसमें अपनी मेढ़ के साथ लगते काश्तकार द्वारा भूमि कब्जाने की शंका के चलते हदबंदी करवाए जाने का अनुरोध किया गया था जिसमें उपजिलाधिकारी द्वारा 24 अगस्त 2023 को आदेश जारी किए गए थे। मामले की जानकारी होने पर दूसरे पक्ष के हरजीत सिंह द्वारा भूमि को अपनी बताते हुए तमाम दस्तावेज प्रस्तुत किए गए और इन आदेशों को निरस्त किए जाने की मांग की गई जिसमें 20 जून 2024 को हरजीत सिंह की अपील उपजिलाधिकारी न्यायालय से खारिज हो गई। इसके चलते हरजीत सिंह के अधिवक्ता कुलवंत सिंह उप्पल ने मंडलायुक्त के यहां अपील की गई, लेकिन इससे पूर्व ही बुधवार को राजस्व विभाग की टीम राजस्व निरीक्षक सुनीतिपाल व पटवारी एवं फोर्स के साथ 20 जून को दिए गए नोटिसों के आधार पर हदबंदी के लिए पहुंच गई। सूचना मिलने पर हरजीत सिंह अपने अधिवक्ता एवं समर्थकों के साथ मौके पर पहुंच गए और कानूनी रूप से 19 जुलाई तक अपील का अधिकार होने की बात कहते हुए कार्रवाई का विरोध किया। काफी जद्दोजहद के उपरांत फिलहाल टीम द्वारा कार्रवाई रोक दी गई है।


बाजपुर में जेसीबी लेकर पेपर मिल की जमीन की हदबंदी करने पहुंची टीम।

### रोडवेज को मिले दो चालक

**काशीपुर :** काशीपुर रोडवेज डिपो में दो नए चालकों की नियुक्ति हुई है। चालकों को एक सप्ताह का प्रशिक्षण मिलने के बाद चालक रोडवेज की बसों को चला सकेंगे। मण्डलीय प्रबन्धक संचालन परिवहन निगम काठगोदाम ने कहा कि एजेंसी चालक पद पर नियुक्त दो चालक बिजनौर, यूपी निवासी हरप्रीत सिंह व कुलदीप सिंह की नियुक्ति की गई है।

### वर्ग पहेली-113

**बाएं से दाएं**

2. 1. आश्चर्य
3. 1. मन में स्थित या जाग्रत भाव
5. 1. पारिश्रमिक 2. मज़दूरी।
7. शरीर या कपड़े आदि पर जमे मैल को साफ़ करने के लिए प्रयुक्त एक प्रसाधन, (सोप)।

**ऊपर से नीचे**

1. यज्ञ या हवन में आग प्रज्वलित करने तथा हवा करने के लिए प्रयोग में आने वाली बांस की नली।
2. 1. घूंघट 2. परदा 3. बुरका 4. ढकना, घेरना, छिपाना 5. घूंघट निकालना।
4. 1. अनावृत करना, परदा हटाना या उठाना 2. पर्दाफाश करना 3. वस्त्रविहीन करना।
6. 1. प्रशंसा, बड़ाई, बखान 2. विशेषता, गुण, सिफ़त 3. परिचय, पहचान।




### वर्ग पहेली -112 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 न | र | 2 क | ट | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ल | ■ | 3 दि |
| ■ | 4 गो | ल | म | टो | ल |
| ■ | ■ | ■ | ज़ | ■ | वा |
| 5 पा | ठ | भे | द | ■ | ना |
| ज़े | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ |
| 6 ब | ह | न | ■ | 7 आ | ड़ा |

# कृषि प्रौद्योगिकी नवाचारों और स्टार्टअप को बढ़ावा मिलेगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आईआईटी और जीबी पंत यूनिवर्सिटी ने मिलाया हाथ
- कृषि स्टार्टअप के लिए तकनीकी मार्गदर्शन बढ़ेगा

**अमृत विचारः** कृषि प्रौद्योगिकी नवाचारों और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए आईआईटी और जीबी पंत यूनिवर्सिटी, पंतनगर उत्तराखंड ने हाथ मिलाया है। कृषि स्टार्टअप के लिए तकनीकी मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करने के लिए एक समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया।

कृषि में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए दोनों संस्थानों के डोमेन विशेषज्ञ, स्टार्टअप्स और फंडिंग एजेंसी मिलकर काम करेंगे। आईआईटी में 2000 में स्थापित, स्टार्ट-अप इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर (एसआईआईसी) कई सफलताओं के साथ सबसे पुराने प्रौद्योगिकी व्यवसाय इनक्यूबेटरों में से एक है। यह जानकारी देते हुए एसआईआईसी आईआईटी कानपुर के सह प्रभारी प्रोफेसर अमिताभ बंद्योपाध्याय ने बताया कि कृषि में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए जीबी पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जीबीपीयूएएंडटी) में समझौता हुआ है। दोनों संस्थानों के विशेषज्ञ कृषि प्रौद्योगिकी स्टार्टअप्स को विकास से लेकर, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के साथ जुड़कर बाजार तक पहुंचाने की दिशा में काम करेंगे। इससे नवाचार को बढ़ावा देने के साथ ही स्टार्टअप को सशक्त बनाने की दिशा में भी काम होगा। समझौते से कृषि प्रौद्योगिकी में अधिक टिकाऊ भविष्य के लिए प्रभावशाली एग्रीटेक समाधानों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। जीबीपीयूएएंडटी के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने देश के उत्तरी क्षेत्र में कृषि प्रौद्योगिकी नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र के उत्थान के लिए इस साझेदारी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ. अजीत सिंह नैन, अनुसंधान निदेशक भी मौजूद रहे।

### सुडोकू -26

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 5 | | | 3 | | | 6 |
| | 8 | | | | 9 | | | 1 |
| | | 7 | | 2 | | 4 | | 5 |
| 8 | 3 | | | 6 | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 6 | | |
| | | | 3 | 9 | | | 4 | 2 |
| 4 | | 8 | | 1 | | 3 | | |
| 1 | | | 8 | | | | 9 | |
| 6 | | | 7 | | | 5 | | 8 |

### सुडोकू -25 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 7 | 3 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 8 | 2 | 1 | 4 |
| 2 | 1 | 8 | 4 | 3 | 7 | 5 | 6 | 9 |
| 7 | 3 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 4 | 6 | 2 | 1 | 5 | 3 | 7 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 9 | 6 | 4 | 2 | 1 |
| 4 | 6 | 9 | 7 | 2 | 1 | 8 | 5 | 3 |
| 5 | 2 | 1 | 8 | 4 | 3 | 6 | 9 | 7 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 जून गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी 18.39 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**आज का पंचांग**




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-शतभिषा 11.36 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

**मेष:** आज कड़ी मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। आपको कुछ शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं। अपने विचारों में स्पष्टता रखें। व्यापार में नए साझेदार जुड़ सकते हैं।

**वृष:** आज व्यवसाय में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। संतान पर अनावश्यक दबाव न बनाएं। धन के लेन-देन को लेकर समझदारी रखें। आप कारोबारी यात्रा पर जा सकते हैं। अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर संभावना बन सकती है।

**मिथुन:** आज बच्चे पढ़ाई में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आपको उधार लेने से बचना चाहिए। समाज के उच्च वर्ग के लोगों से आपका मेल-मिलाप बढ़ेगा। आपकी दिनचर्या संयमित रहेगी। परिजनों का व्यवहार आपके प्रति कुछ रूखा सा हो सकता है।

**कर्क:** आज असंतुलित खानपान के कारण कब्जियत हो सकती है। स्वार्थवश काम करने के कारण आपकी आलोचना हो सकती है। यदि तनाव आपकी कार्यक्षमता को प्रभावित कर रहा है तो मित्रों से आपको काफी सहायता मिल सकती है।

**सिंह:** आज अजनबी लोगों पर ज्यादा विश्वास करना हानिकर हो सकता है। उच्च अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगे। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ने के योग बन रहे हैं।

**कन्या:** आज दूसरों के उलझे मामलों को आपको सुलझाना पड़ेगा। घरेलू खर्चों को लेकर थोड़ा तनाव उभर सकता है। उतावले व्यवहार से आपको बचना चाहिए। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व काफी अच्छा रहेगा। योजनाबद्ध तरीके से किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी।

**तुला:** आज आलस्य और प्रमाद से आपको बचना चाहिए। अधूरा कार्य छोड़ने की प्रवृत्ति से बचें। व्यवसाय में लाभ की स्थितियां बढ़ेंगी। आपको परिवार के साथ समय अवश्य व्यतीत करना चाहिए। नई योजनाओं के विषय में मित्रों से चर्चा कर सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज वैवाहिक जीवन में संवादहीनता न होने दें। पैतृक संपत्ति के विवादों को लेकर शांति बनाए रखें। मन में कुछ नकारात्मक विचार जन्म लेंगे। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में कमी आ सकती है। हृदय रोगियों को तनाव से बचना चाहिए।

**धनु:** आज व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं। घर का वातावरण काफी अच्छा रहने वाला है। धार्मिक कार्यों में आपका मन लगेगा। कारोबार को लेकर की गई यात्राओं से काफी अच्छा लाभ मिलेगा। आप अपने खर्चों पर नियंत्रण पाने का प्रयास करेंगे।

**मकर:** आज रचनात्मक कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे। परिवार की जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वाह करें। कानूनी विवादों का समाधान निकल सकता है। धन के अभाव के कारण जो काम रुके थे, वो शुरू हो सकते हैं।

**कुंभ:** आज भूमि क्रय-विक्रय संबंधी कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। आपके मन में परोपकार की भावना रहेगी। आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना बन रही है। व्यावसायिक परेशानियों का निपटारा होगा। साझेदारी में नया काम शुरू कर सकते हैं।

**मीन:** आज गूढ़ विषयों को लेकर नए अनुभव प्राप्त होंगे। जल्दबाजी में आपको निर्णय नहीं लेना चाहिए। मन में अनावश्यक विचारों के कारण तनाव हो सकता है। समाज में सम्मानित लोगों को अपनी प्रतिष्ठा की चिंता रहेगी। आलस्य के कारण आप कुछ अच्छे अवसर चूक सकते हैं।

### आज की फिल्में

**B4U Movies**
एक और एक ग्यारह — सुबह : 10.33
अविनाश — शाम : 06.08

**Sony Max**
झुंड — सुबह : 09.55
3 इडिट्यस — रात : 09.08

**Sony Pix**
सैन एंड्रियास — सुबह : 11.22
घोस्टबस्टर्स — रात : 09.00

**Zee Cinema**
त्रिदेव — दोपहर : 12.00
रांझणा — रात : 10.05

**Colors Cineplex**
ब्लू — सुबह : 10.20
गब्बर इज बैक — शाम : 05.58

**आज की सुपरहिट फिल्म**



कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05.58 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

डॉक्टर- क्या बात है?
संजू- जी, कुत्ते ने काट लिया है।
डॉक्टर- तुमने बाहर बोर्ड पर लिखा नहीं पढ़ा, मरीज देखने का समय केवल सुबह आठ से 11 बजे तक है और तक है और तुम एक बजे आए हो।
संजू- जी मैंने तो पढ़ लिया था, पर कुत्ते ने नहीं पढ़ा।

जीजा- तुम्हें जीवन में क्या चाहिए?
साली- पैसा
जीजा- पैसे को साइड में रखो, अब बताओ क्या चाहिए?
साली- साइड में रखे पैसे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

निषेवते प्रशस्तानी निन्दितानी न सेवते ।
अनास्तिक : श्रद्धान एतत् पण्डितलक्षणम् ॥

सद्गुण, शुभ कर्म, भगवान् के प्रति श्रद्धा और विश्वास, यज्ञ, दान, जनकल्याण आदि, ये सब ज्ञानीजन के शुभ-लक्षण होते हैं।

## संपादकीय

# फिर उठा कश्मीर मुद्दा

पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। उसने संयुक्त राष्ट्र महासभा में फिर कश्मीर का मुद्दा उठाया। महत्वपूर्ण है कि हर बार की रह इस बार भी उसे मुंह की खानी पड़ी। भारत ने कश्मीर का जिक्र किए जाने वाले पाकिस्तान के बयान को झूठा और निराधार बताया है। भारत ने कहा कि पाकिस्तान ने इस मुद्दे को उठाकर मंच का दुरुपयोग किया है। कश्मीर का मुद्दा संयुक्त राष्ट्र में चर्चा का विषय नहीं था, इसलिए पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि मुनीर अकरम इसे बार-बार फिलिस्तीन से जोड़ने की कोशिश कर रहे थे। मंगलवार को भी उन्होंने ऐसा ही किया, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न मंचों पर जम्मू कश्मीर के मुद्दे को नियमित रूप से उठाता रहता है। इससे पहले पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया था। संयुक्त राष्ट्र में प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने जवाब देते हुए पाकिस्तान के अल्पसंख्यकों के दमन और आतंकवाद का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की उपलब्धि दुनिया में आतंक का सबसे बड़ा निर्यातक होना है। इसी साल फरवरी में पाकिस्तान के साथ तुर्की ने कश्मीर का मुद्दा उठाया था। तब भारत ने उसे आंतरिक मामलों में दखल न देने को कहा था।

गौरतलब है कश्मीर विवाद भारत और पाकिस्तान के बीच 1947 से जारी है। भारत में विलय के लिए विलय-पत्र पर दस्तखत किए थे। गवर्नर जनरल माउंटबेटन ने 27 अक्टूबर को इसे मंजूरी दी। विलय-पत्र का खाका वही था जिसका भारत में शामिल हुए अन्य सैकड़ों रजवाड़ों ने अपनी-अपनी रियासत को भारत में शामिल करने के लिए उपयोग किया था। इस वैधानिक दस्तावेज पर दस्तखत होते ही समूचा जम्मू और कश्मीर, जिसमें पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाला क्षेत्र भी शामिल है, भारत का अभिन्न अंग बन गया। भारत का कहना है कि कश्मीर का मुद्दा और दूसरे सभी विवाद दोनों देशों के बीच 1972 के शिमला समझौते के तहत द्विपक्षीय मामले हैं। इसके अलावा कश्मीर में जनमत संग्रह के लिए सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव पर इस्लामाबाद एक महत्वपूर्ण बात की अनदेखी करता है कि उसे पहले कश्मीर के सभी क्षेत्रों से हटना होगा, जिस पर उसने कब्जा कर रखा है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान ने कश्मीर का मुद्दा ऐसे समय में उठाया है जब सिंधु जल संधि के तहत पाकिस्तान का प्रतिनिधिमंडल जम्मू कश्मीर आया हुआ है। दरअसल पाकिस्तान अपने घरेलू मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मंचों से जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाता है। जम्मू-कश्मीर हमेशा से भारत का अभिन्न हिस्सा रहा है और रहेगा। कोई भी दुष्प्रचार इस तथ्य को बदल नहीं सकता।

# वैज्ञानिक सामर्थ्य से काबू होता है भीषण गर्मी का मिजाज



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> भारत में छः ऋतुओं में से गर्मी, सर्दी और बरसात के दिनों में अगर ऋ तु प्रभाव अत्यधिक से भी आगे की श्रेणी में है तो इसके प्रतिकूल फिजियोग्राफिक प्रभाव धरती को झेलने पड़ते हैं। इन कुप्रभावों से मनुष्य और जीव-तंतुओं की प्राणरक्षा की जिम्मेवारी राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (राआप्रप्रा) की है।

150 वर्ष के भीतर हर तीन साल के अंतराल से भारत में हीट-वेव और दस साल के अंतराल से हीट-वेव के कारण 50 डिग्री सेल्सियस चरम को छूने के रिकॉर्ड मौजूद हैं। शरीर का हीट-वेव एक्सपोजर होने से लाखों लोग एक सदी के भीतर मरे हैं या अपंग हुए हैं। मौसम की विशाल मशीनरी पर न केवल निरंतर नज़र रखने की जरूरत है,बल्कि इस बारे में जो भी स्टेटिस्टिकल डेटा जुटाया गया है। उसके विश्लेषण से 'प्रीडिक्टिव मॉडल्स' विकसित किए गए हैं। इन मॉडल्स के आधार पर अभी तक सिर्फ 'शॉर्ट टर्म लोकल वेदर' का ही पूर्वानुमान लगाना संभव है। पृथ्वी के विशाल भू-भाग के लिए दीर्घकालीन अनुमान लगाए जाने के लिए स्टेटिस्टिकल मॉडल्स भी विकसित किए गए हैं,लेकिन इनकी 'प्रीडिक्टिव रिलाएब्लिटी' और 'एफिशिएंसी' अभी अनिश्चित है। उपग्रहों से पृथ्वी के टेम्परेचर चार्ट्स या नक्शे हर तीन घंटा बाद तैयार होते हैं। इस एटलस में जर्रा भर परिवर्तन महसूस किए जाने के तुरंत बाद अनापेक्षित घटना की तैयारी के लिए भारत का आपदा प्रबंधन तंत्र सक्रिय हो जाता है।

भारत में छः ऋतुओं में से गर्मी, सर्दी और बरसात के दिनों में अगर ऋतु प्रभाव अत्यधिक से भी आगे की श्रेणी में है तो इसके प्रतिकूल फिजियोग्राफिक प्रभाव धरती को झेलने पड़ते हैं। इन कुप्रभावों से मनुष्य और जीव-तंतुओं की प्राणरक्षा की जिम्मेवारी राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (राआप्रप्रा) की है। इसका एडमिनिस्ट्रेटिव स्ट्रक्चर राज्यों में जिला स्तर तक काम करता है। मौसम के मिजाज में अचानक और गहन परिवर्तन होने की वजह से तापमान में आमतौर से न्यूनतम और अधिकतम सीमाओं से बहुत नीचे और ऊपर होने से बादल फटने और लगातार अत्यधिक वर्षा होने से जल-प्लावन, भू-स्खलन और नदी-नालों के तेज बहाव, सूखा, भू-कंप, दावानल, सूनामी या बड़ी दुर्घटनाओं के समय आपदा प्रबंधन में लगे विशेषज्ञ सबसे पहले जन-जीवन की रक्षा करने के लिए सक्रिय होते हैं। आपदा प्रबंधन में जो तत्व सबसे अहम बनकर उभरा है वह है कुदरती तौर पर होने वाली बड़ी आपदाओं का पूर्वानुमान किए जाने की क्षमता को तकनीकी तौर से बढ़ाना और आपदा आने पर बचाव के प्रबंधन को दक्ष टास्क-फोर्स द्वारा कुशलतम होकर सिस्टम की क्षमता बढ़ाना। घाघ-भड्डरी की कहावतों से नहीं, बल्कि सैटेलाइट इमेजरीज ही अब मौसम की नब्ज को पकड़ने का हमारा विश्वनीय आसरा है। ख्यात पत्रिकाओं में ऊंचे स्तर के अब तक पचास प्रकाशित शोधपत्र भीषण गर्मी पैदा होने की वजह, पृथ्वी के विभिन्न और विशाल प्रभावजनक घटकों, इलेक्ट्रो एवं पैथो फिजियोलॉजी,अति-ताप और अति-शीत के रेस्पांस में मनुष्य देह की एडाप्टेशन और शरीर क्रिया प्रणाली पर इसके असर के बारे में देख चुका हूं।

> क्लाइमेट चेंज स्टडीज और हीट-वेव का असर जाहिरा तौर से भारत में मानसूनी वर्षा की चक्रवातीय गतिविधि और वर्षा से गिरने वाले जल की कुल मात्रा और इसके क्षेत्रीय प्रसार,फसलों की पैदावार से जुड़ी हुई फूड सिक्यूरिटी की साथ-साथ मनुष्य और जीव जंतुओं की सेहत से वास्ता रखती हैं।

इन सबमें हीट स्ट्रेस और एक्सपोजर की फिजियोलॉजी के मैकेनिज्म को शरीर के सभी सिस्टम्स में कोशिका स्तर तक देखा जा चुका है और इससे वैज्ञानिकों की समझ में जबरदस्त इजाफा हुआ है। भारत के किसी भी हिस्से में हीट को न तो हम कम कर सकते हैं और न ही कुदरत की विशाल मौसम-मशीन के साथ कोई छेड़खानी अथवा इंटरवेंशन कर सकते हैं। परिवर्तनों पर नजर रखकर पूर्वाकलन करते हुए सिर्फ बचाव के उपाय किए जा सकते हैं, लेकिन उक्त अध्ययनों से हीट स्ट्रेस और एक्सपोजर झेल चुके मनुष्यों को इलाज करने के लिए मेडिकल साइंस में अब विस्तृत हो चुकी समझ से न केवल पीड़ित व्यक्ति को राहत दी जा सकती है,बल्कि जान भी बचाई जा सकती है। इनमें से कुछ रिसर्च में संदर्भ हेतु अत्यधिक बार नामांकित हुए शोधपत्रों को उद्धृत करना चाहूंगा, जैसे कि : इंटरनेशनल जर्नल ऑफ एनवायरनमेंटल रिसर्च एंड पब्लिक हेल्थ के 9 सितंबर 2020 के अंक में सिंगापुर में नान्यांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ मेडिसिन के वैज्ञानिक शिंग ल्यों लिम का फंडामेंटल कॉन्सेप्ट्स ऑफ ह्यूमन थर्मोरेगुलेशन एंड एडाप्टेशन टू हीट, जर्नल ऑफ नेचुरल रेमिडीज के जुलाई 2019 के अंक में वंदना वर्मा और साथियों द्वारा प्रकाशित आयुर्वेदिक इनसाइट्स ऑन फिजियोलॉजी ऑफ स्वेटिंग एंड थर्मोरेगुलेशन, साइंस एडवांसेज जर्नल के 7 जून 2017 के अंक में 11 साइंसदानों द्वारा साझा रूप से प्रकाशित किया गया पर्चा इनक्रीजिंग प्रोबेबिलिटी ऑफ़ मोर्टेलिटी ड्यूरिंग इंडियन हीट वेव्स और ब्रिटिश मेडिकल जर्नल के 7 अक्टूबर 2021 के अंक में राधिका खोसला और साथियों का संपादकीय लेख हेल्थ रिस्क्स ऑफ एक्सट्रीम हीट। राधिका कहती हैं कि सन् 2019 में दुनिया में लोगों को 475 मिलियन बार हीट एक्सपोज़र हुए। इसका अर्थ है कि एक व्यक्ति अगर तीन दिन लगातार भयंकर गर्मी झेलता है तब इस हिसाब से सन् 2019 में ही 155 मिलियन या 15.5 करोड़ लोग हीट वेव के चपेट में आए थे। इससे हीट वेव के दुष्प्रभाव और इसकी व्यापकता मालूम होती है। उपरोक्त में से बहुत सी स्टडीज 'ट्रेंडी' कही जा सकती हैं,परंतु धरती पर रहने वाले मनुष्यों ने व्यवहार जनित परिवर्तन अगर नहीं किए तो ये प्रोजेक्शंस अनुमानित समय सीमा समाप्त होने से पहले भी घटित हो सकते हैं। कुदरत ने खुद ही अपने साथ हुई छेड़खानी का इलाज करने का कमाल कर दिखाया तो मध्यम असर वाली हीट-वेव तो चलेगी ही। खुद इलाज का अर्थ है प्राकृतिक आपदा की गहनता के साथ बारंबारता और असर का व्यापक होना जैसे कि भू-कंप की पुनरावृत्ति कम समय अंतराल से होना, सुनामी, अनावृष्टि या अकाल और ग्लोबल बाढ़ की स्थिति या एक बड़ा जियो-मैग्नेटिक परिवर्तन और झटका। एक बड़ी सोलर फ्लेयर ही धरती के एक तिहाई भाग को नष्ट कर सकती है जैसा कि एक साइंस फिक्शन राइटर ने अपने उपन्यास में कल्पना की थी या फिर रॉबर्ट सिल्वरबर्ग ने अपने उपन्यास नाइटफाल में कहा।

पृथ्वी पर बहुत सी आपदाओं को साइंस फिक्शन राइटर्स ने कल्पना में उतारा है,लेकिन इन सबमें मनुष्य के जिंदा रहने की तीव्र इच्छा और अदम्य साहस ने कहीं भी कैसे भी महाविनाश (कैटस्ट्रोफ) के बाद भी बचाकर रखा है। मानव कृत महाविनाश की घटना तो सिर्फ बड़े न्यूक्लियर युद्ध की वजह से ही संभव है,जिसमें कम से कम दस हजार मेगाटन शक्ति की विस्फोटक शक्ति हो। इतनी ऊर्जा पैदा करने के बाद विस्फोट तरंगों और हीट-वेव के कारण 13 करोड़ लोगों की तत्काल मृत्यु और बाकी में से अधिकांश की न्यूक्लियर शीत के कारण मृत्यु हो जाएगी। धरती से अधिकांश जीवन समाप्त हो जाएगा और दशकों तक हीट-वेव और अम्लीय वर्षा होती रहेगी।

क्लाइमेट चेंज स्टडीज और हीट-वेव का असर जाहिरा तौर से भारत में मानसूनी वर्षा की चक्रवातीय गतिविधि और वर्षा से गिरने वाले जल की कुल मात्रा और इसके क्षेत्रीय प्रसार,फसलों की पैदावार से जुड़ी हुई फूड सिक्यूरिटी की साथ-साथ मनुष्य और जीव जंतुओं की सेहत से वास्ता रखती हैं। महत्वपूर्ण यह जानना है कि क्षेत्र विशेष में रहने वाले मनुष्य अति-गर्म वातावरण को झेलने का आदी होने के बावजूद अपने इलाके में उम्मीद से अधिक गर्मी या ठंड पड़ने के समय इसकी भीषणता से बचने का क्या उपाय करता है। साधन संपन्न मनुष्य अपने लिए विश्वकर्मा दर्पण या विश्वकर्मा प्रकाश जैसे भारती वास्तुशास्त्र एवं शिल्प ग्रंथों के आधार पर ताप-सह्य घर का डिजाइन बनवाकर, ऊनी कपड़े पहनकर शरीर से 'हीट-लॉस' कम करके, घर के चारों ओर घनी छाया वाले वृक्ष लगाकर या पोखर एवं तड़ाग बनवाकर, वातानुकूलन संयंत्र लगाकर या पर्वतीय इलाकों में शीतल और सुकून देने वाली उपत्यकाओं में अस्थायी स्थानांतरण करके बचाव कर सकता है,लेकिन विपन्न व्यक्ति मारू गर्मी और ठंड को बर्दाश्त नहीं पाता और लंबे समय तक प्रतिकूल परिस्थितियों में रहने से अंततः मर ही जाता है। भीषण गर्मी में गरीब तबके के इंसान अत्यधिक ऊंचे ताप के कारण हाइपर-पायरेक्सिया और ठंड लगने पर हाइपो-थर्मिया होने के कारण मरते देखे गए हैं। पैथो-फिजियोलॉजी ऑफ एक्सट्रीम हीट एंड कोल्ड का असर गरीब और अमीर कितना और क्यों होता है, यह जानने के लिए भी शोध अध्ययन हुए हैं,जिनके जरिए इनकी आर्थिक पृष्ठभूमि में विशाल अंतर को आधार बनाया गया,लेकिन स्वास्थ्य मंत्रालय ने सन् 2021 में एक ऐसी अध्ययन रिपोर्ट का प्रकाशन किया,जिसमें हीट-स्ट्रेस से मरने वालों की शव परीक्षा और क्लिनिकल जांच के बारे जानकारी दर्ज है। इसीलिए सरकारी खर्चे पर बेसहारा लोगों के शीत और भीषण गर्मी से बचाव के लिए सामूहिक आवास गृह बनाए जाते हैं।

## प्रसंगवश

# ये खेल है या मुर्गों की लड़ाई



डॉ.धीरज सिंह
मुंबई

एक बार सुनील गावस्कर किसी टेस्ट मैच में ओपनिंग करने गए और दुर्भाग्य से जीरो पर आउट हो गए। गावस्कर भारी मन और धीमे कदमों के साथ पैवेलियन लौटे। बिना किसी से कोई बात किए उन्होंने बल्ला एक तरफ पटका और सोफे पर निढाल होकर पड़ गए। किसी साथी खिलाड़ी की हिम्मत नहीं हुई कि उनके पास जाकर उन्हें ढाढस बंधाए।

तभी पॉली उमरीगर,जो अपने समय के बहुत बड़े बल्लेबाज थे और उस वक्त क्रिकेट प्रशासन में किसी ऊंचे ओहदे पर थे, पानी का एक गिलास लेकर गावस्कर के पास पहुंचे। गावस्कर उनका बहुत सम्मान करते थे। उमरीगर को पानी का गिलास लाता देख वे उठने को हुए, लेकिन जब तक वे उठ पाते,उमरीगर वहां पहुंच गए और पानी का गिलास पकड़ाया। "क्रिकेट में ऐसा होता है" उमरीगर ने गावस्कर को कहा और उनकी बगल में बैठकर उन्हें कुछ समझाने लगे। अगली पारी में गावस्कर ने बेहतरीन 73 रन बनाए। रॉस टेलर न्यूजीलैंड के महान बल्लेबाज थे,जिन्होंने हाल में ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया है। टेस्ट और वन डे क्रिकेट रिकार्ड में उनकी बेहतरीन पारियां दर्ज हैं। वे आईपीएल खेल रहे थे। एक मैच में वे शून्य पर आउट हो गए। उनकी टीम भी हार गई। मैच खत्म होने के बाद टीम के मालिक ने सबके सामने उन्हें तीन-चार थप्पड़ रसीद कर दिए और कहा, "मैंने तुम्हें करोड़ों रूपये में खरीदा है। जीरो पर आउट होने के लिए नहीं"।

रॉस टेलर ने कुछ दिनों पहले प्रकाशित अपनी आत्मकथा में इस घटना का विवरण देते हुए लिखा, "हालांकि उन थप्पड़ों में आक्रामकता नहीं थी और वे बहुत जोर से नहीं मारे गए थे,लेकिन मैं उसका अर्थ समझ रहा था,जो हुआ वह सार्वजनिक रूप से हुआ। " सुनील गावस्कर अपने देश की टीम में चुने गए थे ,लेकिन रॉस टेलर की आईपीएल टीम ने उन्हें चुना नहीं था,बल्कि 'खरीदा' था। जब से क्रिकेट का बाजार सजा या कहें,बाजार में क्रिकेट उतरा, खिलाड़ी नायक न होकर अपने क्लबों के लिए मुर्गे बन गए।

मध्यकाल में सामंत लोग मुर्गे लड़वाया करते थे और आम जन भी उन तमाशों का मजा लेते थे,खुश हो होकर तालियां बजाते थे। मुर्गों का कोई देश या राज्य या मोहल्ला नहीं होता था,उनके सिर्फ मालिक होते थे। आधुनिक दौर में सामंतों की जगह पैसे वाले मालिकों ने ले ली और मुर्गों की जगह खिलाड़ियों ने ले ली। बाजार ने क्रिकेट को बेशुमार पैसा दिया,लेकिन क्रिकेट से उसकी आत्मा और खिलाड़ियों से उनकी गरिमा छीन ली।

आईपीएल में जब पहली बार विभिन्न शहरों पर आधारित टीमें बनीं तो उनका स्वरूप नितांत व्यावसायिक था,लेकिन भारतीय क्रिकेट प्रेमियों की भावनाओं और टॉप के कुछेक भारतीय क्रिकेटरों के उनके शहरों से जुड़ाव को देखते हुए 'आइकन प्लेयर' की परिकल्पना की गई। यानी जो खिलाड़ी अपने शहर में किसी आइकन की तरह लोकप्रिय है,उन्हें नीलामी की प्रक्रिया में न डालकर उनके शहर की टीम से जोड़ दिया गया और नियम बनाया गया कि वह टीम नीलामी में किसी खिलाड़ी को जिस अधिकतम कीमत पर खरीदेगी, अपने आइकन प्लेयर को उससे 15 प्रतिशत अधिक पैसे देगी।

पहले सीजन में इन आइकन खिलाड़ियों को खूब सम्मान दिया गया। कोलकाता की टीम में सौरव गांगुली,बैंगलोर की टीम में राहुल द्रविड़, हैदराबाद में वीवीएस लक्ष्मण, पंजाब में युवराज सिंह,मुंबई में सचिन तेंदुलकर आइकन प्लेयर बने। शायद, एकाध कोई और भी बने हों,लेकिन जीत, मुनाफा, ब्रांड वैल्यू आदि बाजारवादी मानकों पर गठित उन आईपीएल टीमों के लिए स्थानीयता और भावुकता पर आधारित आइकन प्लेयर की परिकल्पना पहले दूसरे साल से ही बोझ बनने लगी। साल दो साल बीतते-बीतते एक सचिन को छोड़ बाकी सारे के सारे आइकन साहब बाकायदा धकिया कर टीमों से बाहर कर दिए गए।

टी-20 के नायकों का उदय हुआ। नई पीढ़ी के खिलाड़ियों ने अपने खेल को इस तरह ढालने का अभ्यास किया कि वे हर तरह की क्रिकेट में प्रासंगिक बन सकें,लेकिन तब भी,आज की क्रिकेट में दुनिया के टॉप तीन बल्लेबाजों में शुमार स्टीव स्मिथ आईपीएल में बिना बिके रह गए। यह कैसी क्रिकेट है जिसमें स्टीव स्मिथ,द्रविड़, गांगुली, लक्ष्मण, माहेला जयवर्धने जैसे क्रिकेट के इतिहास पुरुष 'अनसोल्ड' रह जाते हैं। समय आएगा कि एक दिन क्रिकेट का स्वरूप दो सांड़ों की लड़ाई का हो जाएगा। हम सब तालियां बजाएंगे।

# नालंदा विश्वविद्यालय और अमर्त्य सेन



पंकज मोहन
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित नालंदा विश्वविद्यालय आज बिहार के चौबीस विश्वविद्यालयों में अठारहवें पायदान पर खड़ा है।

चीनी कहावत है: इन सुइ, स युवैन, अर्थात् जब पानी पीते हो तो तालाब या कुंआ बनाने वालों के बारे में कृतज्ञतापूर्वक सोचो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नालंदा विश्वविद्यालय का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने जिस परिसर का उद्घाटन और लोकार्पण किया उसका टेंडर मेरे हस्ताक्षर से जनवरी 2017 में नागार्जुन कंस्ट्रक्शन को दिया गया था और कैंपस निर्माण के श्री गणेश के अवसर पर नागार्जुन कंपनी द्वारा आयोजित भूमि पूजन का जजमान मैं ही था। नालंदा विश्वविद्यालय कैंपस निर्माण के शुभारंभ (भूमि पूजन) के अवसर पर मैंने किसी राजनेता को आमंत्रित नहीं किया।

अब विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने नालंदा विश्वविद्यालय निर्माण के इतिहास की जो डॉक्युमेंटरी दिखाई, उसमें राष्ट्रपति कलाम और प्रधानमंत्री मोदी का ही उल्लेख था। किसी ने 2014 में नालंदा विश्वविद्यालय के अंतरिम परिसर का उद्घाटन कर अध्ययन-अध्यापन की प्रक्रिया के शुभारंभ में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली राजनेत्री श्रीमती स्वराज का स्मरण नहीं किया। विश्वविद्यालय के निर्माण का विजन प्रदान करने वाले प्रथम कुलाधिपति प्रोफेसर अमर्त्य सेन,शासी समिति के सदस्य और प्रथम कुलपति डॉक्टर गोपा सभरवाल की भी उपेक्षा हुई। प्रोफेसर अमर्त्य सेन और शासी समिति के उनके विद्वान सहयोगियों ने विश्वविद्यालय के भावी स्वरूप का रोडमैप तो बनाया ही, 2014 में प्रोफेसर अमर्त्य सेन ने इंडोनेशिया में व्याख्यान के मानदेय के रूप में प्राप्त बीस लाख रुपये के दान द्वारा अभावग्रस्त छात्रों के लिए छात्रवृति कोष बनवाया। अमर्त्य सेन की अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा के कारण आस्ट्रेलिया सरकार,चीन की सरकार और स्विटजरलैंड के एक एनआरआई व्यवसाय ने एक-एक मिलियन अमेरिकी डॉलर (कुल मिलाकर अठारह करोड़ रुपये) का दान दिया। थाईलैंड ने साठ लाख रुपये का अनुदान दिया।

सिंगापुर के प्रमुख व्यवसायियों का एक दल प्रोफेसर अमर्त्य सेन और शासी समिति के सदस्य श्री जार्ज यो,जो सिंगापुर के विदेश मंत्री थे,के अनुरोध पर नालंदा आया था। वे विश्वविद्यालय के पुस्तकालय के लिए करीब दस मिलियन अमेरिकी डालर,अर्थात् साठ करोड़ रुपये का अनुदान देने के लिए प्रतिबद्ध थे। जब सरकार ने अमर्त्य सेन को पहले कुलाधिपति पद से हटाया और फिर शासी समिति से भी बेदखल कर दिया,जार्ज यो ने भी नालंदा से नाता तोड़ लिया और सिंगापुर के उद्योगपति भी अनुदान के वादे से मुकर गए।

प्रोफेसर अमर्त्य सेन जब विश्वविद्यालय के काम से भारत आते थे तो उनके फ्लाइट के किराए का भुगतान विश्वविद्यालय को नहीं करना पड़ता था। वे यह भूल जाते हैं कि भारत रत्न सम्मान से नवाजे गए लोग जिस राज्य में जाते हैं,उन्हें राजकीय अतिथि का दर्जा मिलता है और राज्य सरकार उनके आतिथ्य के उत्तरदायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन करती है। सरकार ने प्रोफेसर अमर्त्य सेन और उनके द्वारा नियुक्त कुलपति को कलंकित करने के उद्देश्य से हर तरह के हथकंडे अपनाए,नाना प्रकार की चालबाजी की,लेकिन सांच को आंच क्या? झूठ के सचमुच पांव नहीं होते। टाइम्स ऑफ इंडिया की पत्रकार भारती जैन ने ट्विटर पर प्रोफेसर अमर्त्य के खिलाफ कुछ आरोप लगाए। उसने लिखा कि नियुक्ति में धांधली हुई,उन्हें पांच लाख रुपये प्रति माह वेतन,बेहिसाब विदेश यात्रा,विलासितापूर्ण होटल का आतिथ्य,सीधी नियुक्तियों की शक्ति, आदि दिए गए थे। बाद में जब उसे तथ्यों से अवगत कराया गया,उसने अपने आरोपों को वापस लिया और क्षमा याचना की।

पोस्ट-अमर्त्य सेन युग की कुलपति महोदया ने सारा जीवन दक्षिण भारत के प्रांतीय विश्वविद्यालय के उस विभाग में अध्ययन और अध्यापन किया,जहां उनके पिताश्री वरिष्ठ और सम्मानित प्राध्यापक थे। कुलपति महोदया ने जीवन में कभी भी किसी अंतर्राष्ट्रीय स्तर की शोध पत्रिका या प्रकाशन गृह से शोधपत्र या पुस्तक प्रकाशित करने का प्रयास नहीं किया। यूरोप-अमेरिका के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से पीएचडी डिग्रीधारी प्रोफेसर जिनकी बहाली प्रोफेसर अमर्त्य सेन के समय में हुई थी,ने या खुद विश्वविद्यालय छोड़ दिया या उन्हें हटा दिया गया। राष्ट्रीय महत्व के विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित जेएनयू ने अपनी स्थापना के प्रथम दशक मे ही अंतर्राष्ट्रीय ख्याति अर्जित कर ली थी। अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित नालंदा विश्वविद्यालय आज बिहार के चौबीस विश्वविद्यालयों में अठारहवें पायदान पर खड़ा है।

## सोशल फोरम

# आस्था कब तक कल्याणकारी



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

रामेश्वरम से रामसेतु देखने धनुषकोडि गया और आनंद से भर गया। रामेश्वरम के धनुषकोडि से श्रीलंका के निकटतम बॉर्डर की दूरी करीब 25 किलोमीटर है, जबकि रामायण में जिस रामसेतु का उल्लेख है,वह सौ योजन लंबा और 10 योजन चौड़ा है। इस हिसाब से ढाई किलोमीटर चौड़ा पुल था। लंका के द्वार पर सुरसा भी हनुमान को निगलने के लिए सौ योजन बराबर मुख बड़ा कर लेती है। सभी बड़ी चीजें सौ योजन हैं। ऐसी चीजें कथा हैं,इन्हें तथ्य नहीं समझ लेना चाहिए और सामाजिक संदेश को समझना चाहिए।

रामकथा के इतिहासीकरण की शुरुआत अंग्रेजों ने की थी,1828 में पहली बार आर्य वीर राम द्वारा दक्षिण के द्रविड़ लोगों पर आक्रमण की बात कहकर। यह नस्लवादी जहर उन्हें खासकर तमिलनाडु के लोगों के मन में बो देने में सफलता मिली है,अंग्रेजों का उद्देश्य पूरा हुआ है। अंग्रेजों की देखा-देखी रामकथा में आए भौगोलिक स्थानों को इतिहास बनाकर उपस्थित करने का एक लंबा सिलसिला इधर फिर चला है, जो मुख्यतः पुरोहितों का व्यापारिक जाल है। इसी क्रम में समुद्र में रामसेतु की खोज हुई और रामेश्वरम में एक सज्जन ने कुछ प्लूमिस पत्थर लाकर एक हनुमान मंदिर में प्रदर्शित कर रखा है और घोषित कर रखा है कि ये पत्थर उसी राम सेतु के हैं। ये वस्तुतः किसी ज्वालामुखी के झाग के टुकड़े हैं,जो छिद्र वाले स्पंज जैसे दिखने वाले पत्थर होते हैं। ये पानी को अपने भीतर खींचकर तैरते हैं।

यदि राम नाम लिखे बिना भी ये तैरें, तो फिर राम का माहात्म्य क्या है? रामेश्वर के एक मंदिर में एक पुरोहित 1000 रुपए में इसके छोटे टुकड़े बेच रहा था। कुछ व्यक्ति भक्ति भाव से खरीदकर चमत्कार दिखाने के लिए घर ले जा रहे थे। आस्था के ऐसे शोषण के प्रति जागरूक रहना चाहिए। आस्था तभी तक कल्याणकारी है,जब तक बुद्धि का दामन नहीं छोड़ती। आस्था और अंधविश्वास में फर्क है। आस्था कई बार मनुष्य का आत्मविश्वास मजबूत करती है,जबकि अंधविश्वास हर बार आत्मविश्वास छीन लेता है। **-फेसबुक वॉल से**

# असली इंसान



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

> मैं व एसडीएम नंद किशोर आर्य नए तथा अनुभवहीन थे। हमने शहर में गस्त बढ़ा दी तथा कोतवाली में नगर सुरक्षा समिति की बैठक की।

जून,1979 को मेरा स्थानांतरण अपराध शाखा,लखनऊ से मुरादाबाद हो गया,जहां मैं सीओ अमरोहा बनाया गया। अपराध शाखा में मेरे पुलिस अधीक्षक रहे मंजूर अहमद साहब के साले मुजम्मिल खां अमरोहा में रहते थे। लंबे, तगड़े, गोरे खां साहब पुराने जमींदार थे और राजनीति व स्थानीय गुटबंदी से दूर रहते हुए प्रभावशाली व्यक्ति थे। 13 अगस्त 1980 को ईद के दिन मुरादाबाद ईदगाह पर हुए विवाद में पुलिस ने नमाजियों पर फायरिंग कर दी, जिसमें काफी लोग मारे व घायल हुए और मुरादाबाद में पुलिस-मुसलमान संघर्ष प्रारंभ हो गया,जो शाम होते-होते हिंदू-मुस्लिम दंगे में परिवर्तित हो गया। मुरादाबाद दंगे की तपिश अमरोहा में भी महसूस होने लगी। मैं व एसडीएम नंद किशोर आर्य नए तथा अनुभवहीन थे। हमने शहर में गस्त बढ़ा दी तथा कोतवाली में नगर सुरक्षा समिति की बैठक की। मुजम्मिल खां ने अपने 4-5 बंदों के साथ अपनी जोंगा जीप से रात्रि गस्त की पेशकश की।

15 अगस्त को लगभग दो बजे दिन में सूचना मिली कि दो घायल मुसलमान सरकारी अस्पताल में आए हैं। मैं तत्काल अस्पताल पहुंचा,वहां भीड़ एकत्र हो रही थी, भीतर घायलों ने बताया कि वे मुरादाबाद से गजरौला ट्रेन से जा रहे थे कि कैलसा स्टेशन के पास जाटों ने ट्रेन रोककर कुछ मुसलमानों को मारा व लूटा है। यह बात सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने वाली थी। घायल व्यक्ति शिया थे। मैंने तत्काल अस्पताल के भीतर एकत्र मुस्लिमों को निकालकर अपने शिया मित्र,टेनिस खिलाड़ी शाने अकबर को बुला लिया। शाने अकबर अपने साथियों के साथ अस्पताल में आकर स्वयं को घायल का रिश्तेदार बताकर अन्य मुसलमानों को हटाकर इस घटना को आपसी मारपीट बताकर धार्मिक विवाद बनने से बचाया। इसी बीच पुलिस कंट्रोल ने मुझे बताया कि मुजम्मिल खां मुझसे तत्काल बात करना चाहते हैं। मुजम्मिल खां ने बताया कि जामा मस्जिद पर तीन घायल मुसलमान आए हैं,जो गजरौला रेलवे स्टेशन के पास हिंदुओं द्वारा मुसलमानों को मार-पीट कर मुस्लिम औरतों को बलात अपने साथ उठा ले जाने की बात बता रहे हैं। यह बात आसपास के मुस्लिम मोहल्लों में फैल रही है और लोग मस्जिद में भागकर आ रहे हैं,मैं तत्काल मस्जिद पर पहुंच जाऊं,वह वहीं मिलेंगे।

मैं जामा मस्जिद के लिए जीप से भागा। मस्जिद से 200 मीटर पहले ही रास्ते में मुजम्मिल खां अपने 5-6 साथियों के साथ मेरी प्रतीक्षा करते मिले। मुजम्मिल खां बार-बार कह रहे थे,ठाकुर कुछ करो,कुछ करो,हमारे अमरोहा को बचा लो,मैं किंकर्तव्यविमूढ़ खड़ा था। अंत में मैंने वापसी का निर्णय सुनाया। सुनकर खां ने कहा कि क्या मैं असली क्षत्रिय हूं,मेरे हां करने पर वह बोले कि असली क्षत्रिय मौत से नहीं डरता,वह पठान हैं और अपने शहर को बचाने के लिए जान भी दे देंगे। इतना सुनकर मेरे अंदर भी जोश आ गया। मैंने कहा कि तुम पठान हो मरने से नहीं डरते तो मैं भी क्षत्रिय हूं,मैं भी मौत से नहीं डरता,चलो। अब मैं मुजम्मिल खां के साथ मस्जिद की तरफ चल दिया। उस समय न मृत्यु का डर न परिवार की चिंता थी,बस सोच रहा था कि कैसे शहर को बचाया जाय और क्या मैं जान देकर भी सांप्रदायिक सौहार्द बचा पाऊंगा। हम मस्जिद में जैसे ही घुसे,मेरे वर्दी में होने के कारण शोर मचने लगा। मस्जिद परिसर में पुलिस व मेरे विरुद्ध नारेबाजी,गाली गलौज जारी था,जान से मारने की बात भी हो रही थी।

हम मस्जिद प्रबंधक के पास पहुंचे तो कुछ सकून मिला। प्रबंधक लगभग 80 वर्ष के बूढ़े, नाटे लंबी सफेद दाढ़ी वाले व्यक्ति थे। मुझे देखते ही वह बोले कि इन्हें हिंदुओं ने मारा व लूटा है तथा कुछ मुस्लिम खातूनों को हिंदू जबरन अपने साथ ले गए हैं,मैं तुरंत इस मसले को देखूं। मैंने कहा कि मुझे मारपीट का ज्ञान है और गजरौला पुलिस मौके पर छानबीन कर भी रही है, लेकिन औरतों के अगवा वाली बात सही नहीं है। मैंने धीरे से मुंतजिम से कहा कि वह घायलों को बाहर निकलवा दें तथा नमाज के बाद किसी को भी तकरीर करने का मौका न दें अन्यथा वे भड़काऊ भाषण से दंगा करा देंगे। मस्जिद में एक ही द्वार था,जो मुझसे 50 मीटर पीछे था और बीच में थी क्रोधित,नारे लगाती भीड़। वापसी संभव नहीं थी। इतने में चमत्कार हुआ। मुंतजिम ने दहाड़ते हुए कहा- "खामोश" और भीड़ सचमुच खामोश हो गई। वह बोले कि उन्हें भी पुलिस पर विश्वास नहीं है,लेकिन यह सीओ बहादुर ठाकुर है,इस पर मेरा विश्वास है। यह जरूर सही कार्रवाई करेगा। सभी लोग खामोशी से अपने अपने घर जाकर नमाज पढ़ें और अपने कस्बे और देश के अमनोअमान के लिए परवरदिगार से दुआ करें। यह मेरी मस्जिद है,आज यहां मगरिब (शाम) की नमाज नहीं होगी।

हम धीरे-धीरे मस्जिद के बाहर निकल आए, देखा कि कुछ दूर ड्राइवर वासुदेव जीप लेकर चिंतित खड़ा था,मुझे देखते ही वह जीप लाया जिस पर तीन घायल तथा मुजम्मिल खां को लेकर तेजी से अस्पताल आकर उन्हें भर्ती कराया। पहले भर्ती हुए दोनों घायलों की स्थिति ठीक थी और शाने अकबर पहरा दे रहे थे। वहां से मैंने कोतवाली आकर चाय पी और हंसते हुए मुजम्मिल खां से कहा कि आज तो उन्होंने मेरी हत्या करवाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। उन्होंने भी हंसते हुए कहा कि थोड़ी हिम्मत करने से आज दंगा बच गया नहीं तो हजारों खुराफातियों की भीड़ को कौन रोक पाता? इसी बीच उनके चेले उनकी जोंगा जीप लेकर आ गए और हमने उन्हें विदा किया। मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि कोई मुसलमान मस्जिद में नमाज के लिए मना करेगा और नमाजी चुपचाप मान लेंगे। ऐसी घटना मैंने आज तक न देखी न सुनी। कोतवाली में बैठे हम बात कर रहे थे कि यदि मुजम्मिल खां न होते तो आज अमरोहा कस्बे की गलियां खून से लाल हो जाती और अमरोहा की तवारीख पर एक बदनुमा दाग लग जाता।

## एक नजर

### पूर्व पैरामिलिट्री कल्याण समिति की बैठक 29 को

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड पूर्व पैरामिलिट्री कल्याण की बैठक 29 जून को नगर के एक होटल सभागार में आयोजित होगी। बैठक में समिति की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। समिति के सचिव रूप सिंह बिष्ट ने बैठक में अधिक से अधिक पूर्व पैरामिलिट्री से जुड़े लोगों से पहुंचने की अपील की।

### 29 को ईसीएचएस पॉली क्लीनिक रहेगा बंद

**अल्मोड़ा।** ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक 29 जून को मासिक स्टॉक के लिए बंद रहेगी। पॉलीक्लिनिक के प्रभारी अधिकारी रवींद्र नाथ पांडे ने बताया कि इस दिन दवा नहीं दी जाएगी। उन्होंने पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों से इस दिन पॉलीक्लिनिक नहीं आने की अपील की है।

### मकान मालिक का 10 हजार रुपये का चालान

**लोहाघाट :** लोहाघाट में एक मकान मालिक को बिना सत्यापन कराए किराएदार को रखना भारी पड़ गया। मकान मालिक का 10 हजार रुपये का चालान काटा गया है। लोहाघाट के थाना निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि पाटन के प्रेमनगर में मोहन चन्द्र जोशी नामक व्यक्ति ने एक नेपाली मूल के दंपत्ति को अपने मकान का कमरा किराए में दिया था। नेपाली मूल के किराएदार ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर दी। जिसकी सूचना पुलिस तक पहुंची। मौके पर जाकर पता चला कि भवन स्वामी ने बगैर सत्यापन के किराएदार को रखा था। जिस पर भवन स्वामी का 10 हजार रुपये का चालान काटा गया।

### योगेश उपाध्याय ने संभाला कोतवाल का चार्ज

**टनकपुर :** चम्पावत कोतवाली से स्थानांतरित होकर आए योगेश चंद्र उपाध्याय ने टनकपुर के कोतवाल का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। टनकपुर के कोतवाल चंद्र मोहन सिंह का मार्च माह में हरिद्वार तबादला होने से यह पद रिक्त चल रहा था। अभी तक प्रभारी के रूप में एसएसआई बीएस बिष्ट इस दायित्व को निभा रहे थे। इधर पदभार ग्रहण करने के बाद कोतवाल उपाध्याय ने स्टाफ की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ शहर में बढ़ रहे मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाना उनकी पहली प्राथमिकता है।

# चम्पावत में 350 करोड़ से बनेगा गोलज्यू कॉरिडोर

## जिले के विकास के लिए मास्टर प्लान के तहत कई कार्य प्रस्तावित, सीएम धामी के निर्देश पर बृहद कार्य योजनाएं हो रही तैयार

- जिले के प्रभारी सचिव चंद्रेश यादव ने ली अधिकारियों की बैठक

संवाददाता, टनकपुर


चम्पावत में विकास योजनाओं को लेकर अफसरों की बैठक लेते जिले के प्रभारी सचिव चंद्रेश यादव। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मास्टर प्लान के अन्तर्गत अनेक विकास कार्य प्रस्तावित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणाओं के तहत विभिन्न कार्यों को शामिल कर बृहद कार्य योजना तैयार की जा रही है। एडीबी सहायतित परियोजना के अंतर्गत चम्पावत की तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं के निर्माण को लेकर सचिव राजस्व परिषद व चम्पावत के प्रभारी सचिव चंद्रेश यादव ने नगरपालिका सभागार चम्पावत में अधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं की समीक्षा की।

चम्पावत जिला मुख्यालय के लिए यूयूएसडीए के माध्यम से एडीबी सहायतित परियोजना में जिला मुख्यालय में पेयजल व्यवस्था निर्बाध रूप से सुचारू करने व पेयजल क्षमता को दोगुना करने के लिए तैयार प्रस्ताव व आदि की समीक्षा की गई। प्रस्तावित परियोजना के सम्बंध में परियोजना प्रबंधक अंकित आर्य ने बताया कि जिला मुख्यालय में वर्तमान में जल संचय क्षमता 1730 किलोलीटर से बढ़ाकर उसे दोगुना 3500 किलोलीटर किया जाएगा। इसके लिए 160 किलोमीटर पेयजल लाइन व 3.5 एमएलडी जल शोधन संयंत्र स्थापित किया जायेगा, जिससे स्वचालित वितरण प्रणाली के साथ ही जनता को पेयजल आपूर्ति की जाएगी। इसके लिए 164.29 करोड़ रुपये की धनराशि प्राप्त है। कार्य आगामी जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में शुरू हो जाएगा। बैठक में गौरलचौड़ क्षेत्र के विकास के लिए स्पोर्ट्स स्टेडियम का निर्माण, गोल्ज्यू कॉरिडोर का निर्माण, मल्टी स्टोरी पार्किंग, मनोरंजन/फनजोन, फूड जोन, होटल का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना की डीपीआर उत्तराखण्ड पेयजल निर्माण निगम के माध्यम से तैयार की जा रही है। गौरलचौड़ मैदान में 400 मीटर ट्रैक के स्टेडियम के साथ ही बहुउद्देशीय हॉल, पार्किंग सुविधा, हॉकी फील्ड, बैडमिंटन हॉल के साथ ही कैफिटेरिया एरिया रखी गई है।

परियोजना अंतर्गत गोल्ज्यू कोरिडोर भी बनाया जाएगा जिसके अन्तर्गत मंदिर क्षेत्र का विकास, सौन्दर्यीकरण आदि के कार्य किए जाएंगे। साथ ही गौरल देवता की बड़ी प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। इसको लेकर सचिव चंद्रेश यादव ने कहा कि शीघ्र डीपीआर शासन को प्रस्ताव भेजें। उन्होंने बताया कि इस परियोजना की प्रथम अनुमानित लागत लगभग 350 करोड़ है। तीसरी परियोजना के तहत चम्पावत मुख्यालय में स्थित बस अड्डे में बहुउद्देशीय बस टर्मिनल का निर्माण प्रस्तावित है। जिसकी डीपीआर उत्तराखण्ड पेयजल निर्माण निगम द्वारा तैयार की गई है। जिसे प्रस्तुतीकरण के माध्यम प्रस्तुत किया गया। जिसके अन्तर्गत वर्तमान बस अड्डे में बहुउपयोगी बस टर्मिनल का निर्माण प्रस्तावित है। जिसमें 12 बसें एक साथ रुकने की क्षमता होगी, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 70 करोड़ रुपये रखी गई है। बैठक में जिलाधिकारी नवनीत पाण्डे, यूयूएसडीए के अपर कार्यक्रम निदेशक विनय मिश्रा, उप कार्यक्रम निदेशक संजय तिवारी, एसडीएम सदर सौरभ असवाल आदि मौजूद रहे।

## नौकरी लगाने के नाम पर महिला से ठगे दो लाख रुपये

**टनकपुर :** मर्चेंट नेवी में नौकरी दिलाने के नाम पर एक महिला से ठगी करने का मामला सामने में आया है। मामले में ठगी का शिकार हुई पीड़िता ने टनकपुर कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

टनकपुर से लगे गांव आमबाग निवासी रुचि बगौली पत्नी पंकज बगौली की पुणे महाराष्ट्र निवासी सुरेंद्र सिंह की दिल्ली में एक सेमिनार में मुलाकात हुई थी। सुरेंद्र ने महिला को झांसे में लेकर बताया कि कई लोगों को वह मर्चेंट नेवी में नौकरी दिला चुका है। चाहे तो उसे भी नौकरी दिला सकता है। जिसके बाद रुचि ने युवक के झांसे में आकर उसे ऑनलाइन माध्यम से दो लाख रुपये दे दिए। जब रुचि द्वारा उस युवक से नौकरी के बारे में पूछा गया तो वह बार-बार टालमटोल करने लगा। कई दिनों तक सही जवाब नहीं मिलने पर उन्हें धोखाधड़ी करने का शक हुआ। जिसके बाद उन्होंने कोतवाली में तहरीर दी।

## 1 जुलाई से शुरू होगी टनकपुर-दौराई रेल सेवा

- 27 सितंबर तक चलेगी यह ग्रीष्मकालीन विशेष रेल गाड़ी

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** पूर्वोत्तर रेलवे इज्जत नगर मंडल बरेली रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए 05097/05098 टनकपुर-दौराई-टनकपुर ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी का संचालन 1 जुलाई से किया जाएगा।

यह जानकारी देते हुए पूर्वोत्तर इज्जत नगर रेलवे मंडल के पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि गाड़ी संख्या 05097 टनकपुर-दौराई ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 1 जुलाई से 27 सितंबर 2024 तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को टनकपुर से 18.25 बजे प्रस्थान कर खटीमा, पीलीभीत, भोजीपुरा, इज्जतनगर, बरेली सिटी, बरेली जं, चन्दौसी, मुरादाबाद, गजरौला, गाजियाबाद, दिल्ली, दिल्ली कैंट, गुड़गांव, रेवाड़ी, नारनौल, नीम का थाना, श्री माधोपुर, रींगस जं, फुलेरा जं., किशनगढ़, तथा अजमेर से अगले दिन 13.20 बजे छूटकर दौराई 13.40 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05098 दौराई-टनकपुर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 2 जुलाई से 28 सितंबर, 2024 तक प्रत्येक मंगलवार, बृहस्पतिवार एवं शनिवार को दौराई से 16.05 बजे प्रस्थान कर अगले दिन टनकपुर 09.45 बजे पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि इस गाड़ी में एसएलआर/एसएलआरडी के 2, साधारण द्वितीय श्रेणी के 5, शयनयान के 7, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 3 व वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 1 कोच सहित कुल 18 कोच होंगे।

## जागनाथ महोत्सव: लोकगीतों पर देर रात तक खूब थिरके लोग

- अल्मोड़ा के पनुवानौला में जागनाथ महोत्सव जारी
- माया उपाध्याय, बलवीर राणा व सूरज प्रकाश ने बांधा समा

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** गांधी इंटर कॉलेज पनुवानौला में जागनाथ महोत्सव जारी है। मंगलवार रात लोकगायिका माया उपाध्याय ने स्टार नाइट में गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। लोकगीतों की धुन पर लोग खूब थिरके।

मंगलवार रात महोत्सव में जय मां नंदा लोक कला समिति ने वंदना की प्रस्तुति दी। महोत्सव की स्टार नाइट लोकगायकों के नाम रही। महोत्सव में लोकगायक माया उपाध्याय भी गीतों का गायन करने पहुंची। उन्होंने छोरी लछिमा, किरिम पॉडरा, लाली होसिया, चहा


प्रस्तुति देतीं लोकगायिका माया उपाध्याय।


नृत्य की प्रस्तुति देती लोक कलाकार।

कौ होटल जैसे कई पहाड़ी गीत प्रस्तुत किए। वहीं बलवीर राणा ने तू तू तू किले व सूरज प्रकाश ने हफ्ते में इतवारा को दिन गीत प्रस्तुत किए। इसके अलावा विभिन्न सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यक्रम हुए। महोत्सव में कलाकारों की प्रस्तुति देखने के लिए काफी संख्या में दर्शक पहुंचे और महोत्सव का आनंद लिया। यहां यहां प्रेम बिष्ट, नवीन तोलिया, मनोज चम्याल, अजय सुयाल, मनीष नेगी, विवेक सुयाल, महेंद्र सिंह मेहरा, पंकज सुयाल, पवन गैड़ा, रवि जोशी, रोहित गैड़ा रहे।

## चितई के पास खाई में गिरी बाइक, दो युवक घायल

संवाददाता, अल्मोड़ा

**हादसा**

- फायर कर्मियों ने रेस्क्यू कर दोनों को बाहर निकाला, बेस अस्पताल में भर्ती
- मंगलवार रात हुआ हादसा इस स्थान पर हो चुके हैं कई हादसे

**अमृत विचार:** चितई से कुछ आगे कालीधार के पास मंगलवार रात एक बाइक अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे फायर कर्मियों ने रेस्क्यू कर दोनों को बाहर निकाला। दोनों का मेडिकल कॉलेज के अधीन बेस में उपचार किया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक 23 वर्षीय रोहित सिंह पुत्र नंदन सिंह रौतेला निवासी मनीआगर और 24 वर्षीय राजू सिंह सिंह पुत्र दीवान सिंह निवासी लमगड़ा बाइक से आ रहे थे। इस दौरान कालीधार के पास बाइक अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। खाई में गिरने से दोनों युवकों में चीख पुकार मच गई। इससे आसपास के लोगों को घटना का पता चल सका। लोगों ने इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी। अग्निशमन अधिकारी महेश चंद्र के नेतृत्व में टीम घटनास्थल पहुंची और रेस्क्यू शुरू कर दिया।

गंभीर रूप से घायल हुए दोनों युवकों को बमुश्किल खाई से सड़क तक लाया जा सका, जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए बेस अस्पताल ले जाया गया, जहां दोनों का उपचार चल रहा है। टीम में किशन सिंह, बलवंत सिंह, प्रकाश पाण्डेय, रवि चंद, मेनिका, स्वाति, कल्पना शामिल रही।

## वनाग्नि की घटनाओं पर नियत्रंण के लिए प्रभावी उपाय करने पर दिया बल

- वन बीट अधिकारी संघ की बैठक में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा
- बिनसर अग्निकांड के मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि

संवाददाता, अल्मोड़ा


अल्मोड़ा के बिनसर में बुधवार को वनाग्नि के मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई।

**अमृत विचार :** वन बीट संघ की बुधवार को बिनसर में बैठक हुई। बैठक में वनाग्नि पर प्रभावी नियंत्रण के लिए बदलाव समेत अन्य समस्याओं की मांग उठाई गई।

साथ ही बिनसर अभ्यारण्य क्षेत्र में आग बुझाने के दौरान वनाग्नि की चपेट में आकर जान गंवाने वाले पांच वन कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में वन बीट अधिकारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष हर्षवर्धन गड़िया ने कहा कि वनाग्नि नियंत्रण नीतियों में बदलाव की जरूरत है। कहा कि आग व धुंए के गुबार में अपने प्राणों की परवाह किए बिना प्रवेश कर लेना व मौत को गले लगाना कहीं न कहीं प्रथम पंक्ति के कर्मचारियों पर अत्यधिक दबाव को दर्शाता है। वहीं, वन बीट अधिकारी 24 घंटे वनाग्नि सुरक्षा कार्य में भूखे प्यासे लगे रहते हैं। लेकिन विभाग कर्मचारियों की अनदेखी करता आया है। कर्मचारियों को न तो समय पर एसीपी का लाभ दिया जा रहा है और न ही विभाग समय पर पदोन्नति दे रहा है। चेतावनी दी कि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो समस्त वन बीट अधिकारी प्रदेश भर में आंदोलन को बाध्य होंगे। बैठक में जिलाध्यक्ष बलवंत भंडारी, सतीश मिश्रा, कमल यादव, मनोज सनवाल समेत कुमाऊं भर के वन बीट अधिकारी मौजूद रहे।

## रानीधारा सड़क की बदहाली से लोगों में गुस्सा

- धरना स्थल पहुंचे पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, शीघ्र निराकरण का भरोसा दिलाया
- लिंक मार्ग के सुधारीकरण को पांच दिनों से धरने में बैठे हैं स्थानीय लोग

संवाददाता, अल्मोड़ा


अल्मोड़ा में रानीधारा मार्ग के सुधारीकरण को लेकर बुधवार को धरने पर बैठे लोग। ● अमृत विचार


रानीधारा मार्ग का निरीक्षण करते पूर्व विधायक कैलाश शर्मा।

**अमृत विचार :** रानीधारा सड़क की बदहाली को लेकर लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बुधवार को पांचवें दिन भी स्थानीय लोग धरने पर डटे रहे। इस दौरान लोगों ने शासन-प्रशासन पर क्षेत्र की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। वहीं, धरना स्थल पहुंचे पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने कुछ लोगों पर मार्ग के सुधारीकरण को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया।

लंबे समय से रानीधारा लिंक मार्ग खस्ताहाल बनी हुई है। यहां से गुजरने वाले लोगों समेत स्कूली बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में सीवर लाइन के नाम पर खोदी गई सड़क में जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं। सड़क से खोदा हुआ मलबा लोगों के लिए परेशानी का सबब बना है, जो हर समय दुर्घटना को दावत दे रहा है। मार्ग के निर्माण को लेकर स्थानीय लोग बीते पांच दिनों से धरना दे रहे हैं। इधर, बुधवार को धरना स्थल पर पहुंचे पूर्व विधायक कैलाश शर्मा ने कहा कि मार्ग के सुधारीकरण को लेकर उनकी सरकार प्रयासरत है। कहा कि कई लोग अपनी राजनीति चमकाने के चलते मामले को बेवजह बढ़ा रहे हैं। जबकि शासन-प्रशासन स्तर पर सुधारीकरण को लेकर जल्द कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। वहीं, स्थानीय लोगों ने मार्ग कार्य शुरू नहीं होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी है।

### ये लोग रहे मौजूद

धरना स्थल पर विनय किरौला, कुंदन सिंह रावत, भावना रावत, राहुल पंत, पवन पंत, डॉ. अनुपमा पंत, कवींद्र पंत, माया काण्डपाल, मीरा पंत, हरीश चंद्र जोशी, दीप चंद बिष्ट, प्रमोद सिंह, अमरेश पवार, मोहित गुप्ता, कमला द्रमवाल, दीपाली पांडे, मनीषा पंत, गीता पंत, भगवती डोगरा, चतुर सिंह अलमिया, दीप्ति गुप्ता, पान सिंह बिष्ट, मोहन सिंह बिष्ट, बिना पंत, किरण भाकुनी, गिरीश चंद्र पंत, उमा अलमिया, गिरीश चंद्र पंत, मीनू पंत, हंसी रावत, कमला बिष्ट, कैलाश चंद्र जोशी, प्रतिभा सिजनाली, भूपेंद्र मोहन पंत, चंद्र कला, अर्चना पंत, पुष्पा तिवारी, हेमा तिवारी, देवकी बिष्ट, नीमा पंत, बिना पंत आदि लोग मौजूद रहे।

**अभियान** — अंतर्राष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस पर लोगों को बताईं नशे की बुराइयां, दूर रहने का किया आह्वान

## दफ्तरों में कार्मिकों को दिलाई नशामुक्ति की शपथ


रानीखेत फायर स्टेशन में जवानों को नशामुक्ति की शपथ दिलाते अधिकारी।

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस पर जिले के शासकीय कार्यालयों में बुधवार को कार्मिकों को नशे से दूर रहने तथा अन्य लोगों को भी नशे की बुराई से बचाने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान सभी कर्मचारियों और अन्य लोगों से नशे से दूर रहने की अपील की गई।

साथ ही नशा करने वालों को नशे के दुष्परिणाम बताए गए। एनआरएलएम योजना के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने भी नशा मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य पर अपने क्षेत्र को नशामुक्त रखने की शपथ ली गई।

### नशा मुक्त भारत अभियान के तहत दिलाई शपथ

**रानीखेत :** नशामुक्त भारत अभियान सप्ताह के तहत फायर स्टेशन परिसर में एसपी अल्मोड़ा के निर्देश के तहत अग्निशमन अधिकारी वंश नारायण अधिकारी ने सभी कर्मचारियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सप्ताह भर चलने वाले इस जागरूकता अभियान में कर्मचारियों को अपने क्षेत्र में इस अभियान को चलाकर नशा मुक्त भारत अभियान को सफल बनाना है। इस अवसर पर अग्निशमन के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

### अल्मोड़ा में नशामुक्ति को चलाया अभियान

**अल्मोड़ा।** नशामुक्ति अभियान के तहत बुधवार को महिला थाना पुलिस और ऑपरेशन स्माइल की टीम ने जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान दन्या के काभड़ी में लोगों को पोस्टर-पम्पलेट के माध्यम से नशे के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया। साथ ही टीम ने नशे से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दी। सार्वजनिक स्थानों, कस्बों में नशा मुक्ति अभियान को लेकर पोस्टर चिपकाए गए।

### पुलिस ने ली नशामुक्त जिला बनाने की शपथ

**अल्मोड़ा :** नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस पर पुलिस कार्यालय में समेत विभिन्न थाना चौकियों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं पुलिस कार्यालय में आयोजित हुए कार्यक्रम में एसएसपी देवेंद्र पींचा ने पुलिस कार्मिकों को जनपद और प्रदेश को नशामुक्त बनाने की शपथ दिलाई। नशा मुक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर एसएसपी ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा होते हैं। युवाओं का समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। ऐसे में नशामुक्त भारत अभियान में सर्वाधिक संख्या में युवाओं को जोड़ें।

## राज्य कर अधिकारी के पदों पर कटौती से भड़के कार्मिक

**अल्मोड़ा :** राज्य कर अधिकारी के पदों पर कटौती की आशंका से कार्मिकों में आक्रोश है। नाराज कार्मिकों ने उत्तराखंड वाणिज्य कर मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन के बैनर तले राज्य कर भवन अल्मोड़ा में गेट मीटिंग की। एक भी पद पर कटौती होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। कार्मिकों ने कहा कि राज्य में जीएसटी लागू होने के बाद विभाग के पुनर्गठन को वर्तमान में अधिकारियों का ढांचा राज्य कर मुख्यालय की तरफ से शासन को भेजा गया है। कहा कि राज्य कर अधिकारी के 50 प्रतिशत पदों पर तृतीय श्रेणी के कार्मिकों की लंबी सेवा अवधि के बाद पदोन्नति होती है। कहा कि पदों पर कटौती होना कार्मिकों और मूल निवासियों के हितों पर सीधा कुठाराघात है।


रानीखेत में शास्त्रीय संगीत कार्यशाला के समापन पर प्रतिभागी छात्र व अतिथि।

## कार्यशाला के समापन पर शास्त्रीय संगीत से जमाया रंग

**रानीखेत :** सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पिछले एक माह से जारी लोक एवं शास्त्रीय संगीत कार्यशाला का संगीत प्रस्तुतियों के साथ समापन हुआ। समापन समारोह में छावनी परिषद सभासद मोहन नेगी, कार्यशाला के संरक्षक रंगकर्मी विमल सती और संगीत प्रशिक्षिका मीनाक्षी उप्रेती ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में प्रशिक्षणर्थियों ने सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद प्रशिक्षणर्थियों ने संगीत के प्रारंभिक ज्ञान की प्रस्तुति दी तथा विभिन्न रागों राग बिहाग, राग दरबारी, राग यमन, राग वृंदावनी, सारंग की सुंदर प्रस्तुतियां दी गई। तबले पर संगत प्रदीप कुवार्बी ने दी। कार्यक्रम के अंत में लोकगीत व रागों पर आधारित फिल्मी गीतों की प्रस्तुति से कार्यक्रम का समापन किया गया। सभी प्रशिक्षार्थियों को शिव मंदिर कमेटी अध्यक्ष कैलाश चंद्र पांडे और रंगकर्मी विमल सती ने प्रतीक चिन्ह प्रदान किए। अतिथियों ने कार्यशाला आयोजित करने के लिए संगीत शिक्षिका मीनाक्षी उप्रेती जोशी की प्रशंसा की। उम्मीद जताई कि भविष्य में भी बच्चों को संगीत कार्यशाला का लाभ मिलेगा। कार्यशाला में सभी आयु वर्ग के 30 से 40 प्रतिभागी शामिल रहे। कार्यक्रम में लक्ष्मीकांत पांडे, संचिता मैनाली, नेहा साह माहरा, जीवन तिवारी, मनीष सद्भावना, देवकुमार आदि मौजूद रहे।

## मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक– 900 फ्लैग– 1050 बोल्ड– 1100 डीएमओ– 850
**रामपुर :** शिवालिक–925 फ्लैग– 1035 डीएमओ–825 बोल्ड–1100

## हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती– 5800 मसूरी– 4750 बासमती– 9400 परमल– 3700 दाल दलहन : काला चना– 7500–7600 साबुत चना दाल– 7000–7600 मूंग साबुत– 10500 राजमा– 11800–18000 दाल उड़द– 10500–11400 साबुत मसूर दाल– 7300 मसूर दाल– 7500–8500 उड़द साबुत– 12000 काबुली चना– 12000–12700 अरहर दाल– 16500–17000 लोबिया/करमानी– 8500–8700 सोयाबीन– 4300 मूंगफली– 11000–11500 मटर (सूखी)– 5100–5300 मक्का– 2000–3000

# 7% की दर से बढ़ेगी अर्थव्यवस्था

## निवेश, वृद्धि और व्यापक आर्थिक स्थिरता और सामान्य मानसून से बढ़ोत्तरी की आशा

नई दिल्ली, एजेंसी

सामान्य से बेहतर मानसून की उम्मीद और अबतक कोई ज्ञात वैश्विक जोखिम नहीं होने के कारण भारत की अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष (2024-25) में सात प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ेगी। ये अनुमान आर्थिक शोध संस्थान एनसीएईआर का है।

एनसीएईआर ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सात प्रतिशत से अधिक और 7.5 प्रतिशत के आसपास रहेगी। संस्थान ने अपनी मासिक समीक्षा में कहा कि प्रमुख आर्थिक संकेतकों से पता चलता है कि घरेलू अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है और सभी एजेंसियों ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने वृद्धि अनुमान में संशोधन किया है। नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लायड इकनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) की महानिदेशक पूनम गुप्ता ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के दौरान जीडीपी की वृद्धि दर सात प्रतिशत से अधिक तथा 7.5 प्रतिशत के करीब हो सकती है। यह संभावना पहली तिमाही में आर्थिक गतिविधियों में तेजी, निवेश, वृद्धि और व्यापक आर्थिक स्थिरता पर गहन नीतिगत ध्यान और मानसून की उम्मीदों पर आधारित है।



- आर्थिक शोध संस्थान एनसीएईआर का अनुमान भारत की जीडीपी 7 से 7.5 प्रतिशत रहने की उम्मीद

उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति के चरम पर पहुंचने के साथ मौद्रिक नीति को और कड़ा करने की संभावना नहीं है। अंततः, वैश्विक वातावरण भी अनुकूल प्रतीत होता है, क्योंकि अबतक कोई ज्ञात वैश्विक जोखिम नहीं है। गुप्ता ने कहा कि खाद्य कीमतों पर काबू पाना एक चुनौती है। इस समस्या से निपटने के लिए व्यापक नीतिगत ढांचे की जरूरत है, जिसमें जलवायु-अनुकूल खाद्य आपूर्ति का निर्माण तथा डिब्बा बंद और संरक्षित खाद्य आपूर्ति की ओर धीरे-धीरे बदलाव करना शामिल है, ताकि समय पर आपूर्ति और मांग के बीच के अंतर को पाटा जा सके।

### रिजर्व बैंक ने भी इसी महीने लगाया था यही अनुमान

इसी महीने, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। खुदरा मुद्रास्फीति मई में घटकर 12 महीने के निचले स्तर 4.7 प्रतिशत पर आ गई, हालांकि खाद्य मुद्रास्फीति ऊंची बनी रही।

## धन प्रेषण बढ़ने से चालू खाता अधिशेष में मदद मिली : क्रिसिल

**कोलकाता।** पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में वस्तुओं के व्यापार घाटे में कमी, विदेशों से धनप्रेषण में वृद्धि और सेवा व्यापार में अधिशेष से देश का चालू खाता अधिशेष की स्थिति में रहा। क्रिसिल ने बुधवार को एक रिपोर्ट में यह बात कही।

हाल ही के आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी-मार्च, 2024 की अवधि में देश के चालू खाते में 5.7 अरब डॉलर का अधिशेष रहा, जो जीडीपी का 0.6% है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने कहा कि 2023-24 की तीसरी तिमाही में चालू खाता 8.7 अरब डॉलर के घाटे में था, जो जीडीपी का 1% है। 2022-23 की चौथी तिमाही में चालू खाता 1.3 अरब डॉलर के घाटे में था, जो जीडीपी का 0.2% है और चौथी तिमाही में सुधार के साथ जीडीपी का 0.6% होना तीनों मोर्चों पर सुधार दिखाता है।

# दूसरे दिन ही खत्म स्पेक्ट्रम नीलामी 12% से भी कम बोलियां मिलीं

नई दिल्ली, एजेंसी

स्पेक्ट्रम नीलामी दूसरे दिन बोली शुरू होने के कुछ घंटों में ही समाप्त हो गई। इसमें दूरसंचार कंपनियों ने कुल मिलाकर 11,300 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का स्पेक्ट्रम खरीदा, जो कि सरकार द्वारा रखी गई रेडियो तरंगों के अनुमानित मूल्य 96,238 करोड़ का 12% से भी कम है।

सूत्रों ने बताया कि नीलामी में 800 मेगाहर्ट्ज से 26 गीगाहर्ट्ज के बीच 10 गीगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम की पेशकश हुई। कुल 11,340 करोड़ की बोलियां हुईं। सात दौर की बोलियों में केवल 140-150 मेगाहर्ट्ज ही बेचे गए हैं। पहले दिन 25 जून को पांच दौर की बोलियां लगीं। बुधवार को ज्यादा बोलियां नहीं मिलीं, जिससे अधिकारियों ने पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे नीलामी खत्म करने की घोषणा कर दी। 2024 की नीलामी में 800, 900, 1,800, 2,100, 2,300, 2,500, 3,300 मेगाहर्ट्ज और 26 गीगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम बैंड की पेशकश हुई थी।



- दूरसंचार कंपनियों ने कुल 11,300 करोड़ का स्पेक्ट्रम खरीदा

### एयरटेल ने 6,857 करोड़ का 97 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम खरीदा

भारती एयरटेल ने स्पेक्ट्रम नीलामी में 6,857 करोड़ रुपये में 97 मेगाहर्ट्ज रेडियो तरंगों को खरीदा है। जो बेचे गए स्पेक्ट्रम का 60% है। एयरटेल ने कहा कि दूरसंचार कंपनी की अनुषंगी कंपनी भारती हेक्साकॉम ने 1,001 करोड़ के परिव्यय से 15 मेगाहर्ट्ज का अधिग्रहण किया है। एयरटेल ने 900, 1,800 और 2,100 मेगाहर्ट्ज बैंड में 6,857 करोड़ में 97 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम हासिल किया है।

इस बार स्पेक्ट्रम के लिए बोलियां उम्मीद से कम मिलीं। नीलामी में रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया उच्च गति मोबाइल सेवा को समर्थन देने वाली रेडियो तरंगों के लिए होड़ में रहीं।

## एफएचआरएआई ने की जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने की मांग

**नई दिल्ली।** फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) ने सरकार से सभी श्रेणियों के होटल और 10 करोड़ या इससे अधिक की परियोजना लागत पर निर्मित सम्मेलन केंद्रों को बुनियादी ढांचे का दर्जा देने का अनुरोध किया।

एफएचआरएआई का मानना है कि इससे होटल उद्योग में बजट खंड को बढ़ावा मिल सकेगा। अपनी बजट-पूर्व सिफारिश में एफएचआरएआई ने जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने की भी मांग की है तथा सभी होटल पर 12% की जीएसटी का प्रस्ताव रखा है। एफएचआरएआई के अध्यक्ष प्रदीप शेट्टी ने कहा कि सभी शहरों में होटल और सम्मेलन केंद्रों को बुनियादी ढांचे का दर्जा देना निवेश आकर्षित करने और आतिथ्य क्षेत्र में वृद्धि को गति देने के लिए महत्वपूर्ण है। महासंघ ने रेस्तरां के शुल्क को कमरे के शुल्क से अलग करने की भी मांग की।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 89300 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 73325 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54650–54850 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 72,550 |
| सोना रवा | 72,300 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 90,100 |
| चांदी (999) | 90,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 90,5000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72100 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71100 |
| सिल्वर (पक्की) | 875 (अनुमानित)) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,500 |
| चांदी आभूषण | 88,800 |

## बजट में मानक कटौती दोगुनी करने या कर छूट की सीमा बढ़ाकर 3.5 लाख करने पर हो विचार

नई दिल्ली, एजेंसी

- कर और सलाहकार कंपनी ईवाई ने बजट में कराधान सुधारों पर दिया जोर

सरकार को बजट में नई रियायती कर व्यवस्था के तहत मानक कटौती को दोगुना करके एक लाख रुपये करना चाहिए या मूल कर छूट की सीमा को बढ़ाकर 3.5 लाख करना चाहिए। कर और सलाहकार कंपनी ईवाई ने यह राय दी।

बजट में कराधान सुधारों की प्राथमिकताओं पर ईवाई ने कहा है कि सरकार को कर ढांचे को सुव्यवस्थित करने, आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत ढांचे को बेहतर बनाने और निवेश तथा वृद्धि के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देने को प्राथमिकता देनी चाहिए। ईवाई ने सुझाव दिया कि कॉरपोरेट कर की दरों में स्थिरता रखी जाए, टीडीएस प्रावधान को युक्तिसंगत बनाया जाए, तथा विवाद समाधान को सुव्यवस्थित किया जाए। कंपनी ने कहा कि व्यक्तिगत कर के मोर्चे पर छूट/कटौती के बिना रियायती कर व्यवस्था जारी रहनी चाहिए। ईवाई ने नई सरकार के समक्ष नीतिगत प्राथमिकताओं को सूचीबद्ध करते हुए कहा कि इसे और अधिक आकर्षक बनाने के लिए रियायती कर व्यवस्था के तहत मानक कटौती को मौजूदा 50,000 से बढ़ाकर एक लाख रुपये किया जा सकता है या कर छूट सीमा को तीन लाख से बढ़ाकर 3.5 लाख रुपये किया जा सकता है। वर्तमान प्रणाली के तहत करदाता पुरानी व्यवस्था और कम दरों और नई रियायती व्यवस्था के बीच चयन कर सकते हैं।

## एसबीआई ने बॉण्ड से 10,000 करोड़ जुटाए

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने बुधवार को अपने पांचवें बुनियादी ढांचा बॉण्ड से 10,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता ने यह राशि 7.36% की कूपन दर पर जुटाई है। शेयर बाजार को दी सूचना में एसबीआई ने कहा कि इस निर्गम को निवेशकों से जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली और 19,884 करोड़ से अधिक की बोलियां लगीं। इसे 5,000 करोड़ रुपये के आधार निर्गम आकार के मुकाबले चार गुना अधिक अभिदान मिला। उसे 143 बोलियां मिलीं, जो विविधता के साथ व्यापक भागीदारी का संकेत देता है। निवेशक भविष्य निधि, पेंशन कोष, बीमा कंपनियों, म्यूचुअल फंड, कॉरपोरेट्स आदि से थे। बैंक ने कहा कि बॉण्ड से मिलने वाली राशि का उपयोग बुनियादी ढांचे और किफायती आवास क्षेत्रों के वित्तपोषण के लिए किया जाएगा।

### मुलाकात



इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी के अध्यक्ष राकेश शर्मा ने मीडिया उद्योग के लिए आगामी बजट प्रस्तावों पर चर्चा के लिए बुधवार की शाम को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भेंट की। बैठक बहुत सौहार्दपूर्ण और परिणाम मूलक रही।



### एक नजर

#### मणिपुर में कुकी उग्रवादियों का जिरीबाम पर हमला

**इम्फाल।** संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने मणिपुर के जिरीबाम जिले में बुधवार को बम और अत्याधुनिक हथियारों के जरिए हमला किया। पुलिस ने बताया कि हमले में बोरोबेकरा इलाके में तीन घर पूरी तरह से नष्ट हो गये। संदिग्ध उग्रवादियों ने कथित तौर पर पहले बम फेंके और बाद में घरों में आग लगा दी। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने हाल ही में सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह और डीजीपी राजीव सिंह से कार्रवाई में विफलता को लेकर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा था, जबकि मुख्यमंत्री कार्यालय ने उन्हें सूचित किया था कि 200 कुकी उग्रवादी जिरीबाम पर हमला करने की योजना बना रहे हैं।

#### जम्मू-कश्मीर में ग्रेनेड धमाके में जवान घायल

**सांबा/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में बुधवार को शिविर के अंदर ग्रेनेड विस्फोट होने से एक जवान गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि जवान दियानी स्थित शिविर के अंदर प्रशिक्षण के लिए ग्रेनेड को संभाल रहा था जो उसके हाथ में फट गया। अधिकारियों ने बताया कि घायल जवान को सांबा के सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

#### पुनर्वास: माओवादियों के परिजन को मिली राशि

**चतरा (झारखंड)।** झारखंड सरकार की पहल के तहत हथियार डालने वाले चार माओवादियों को उनके पुनर्वास के लिए बुधवार को चतरा के पुलिस अधीक्षक कार्यालय में इनामी राशि के चेक दिये गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि भाकपा (माओवादी) की क्षेत्रीय समिति के सदस्य इंदल गंजू उर्फ ललन गंजू और नवीन उर्फ सरबजीत यादव के परिवार के सदस्यों को 15–15 लाख रुपये का चेक दिया गया। इनाम की यह राशि, माओवादियों के सिर पर घोषित थी। इंदल गंजू ने मई 2023 और ललन गंजू ने नवंबर 2023 में आत्मसमर्पण किया था। अमरजीत यादव उर्फ टिंगू और सहदेव यादव उर्फ लटन यादव के परिवार के सदस्यों को क्रमशः 10 लाख और पांच लाख के चेक दिये गए।

#### बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष पुलिस हिरासत में

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर की विशेष अदालत ने 2020 में साथी वकील बाबर कादरी की हत्या की साजिश के मामले में उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मियां अब्दुल कयूम को बुधवार को एक जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। कयूम को मंगलवार को गिरफ्तार कर श्रीनगर से जम्मू लाया गया और उन्हें विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने बंद कमरे में हुई सुनवाई के दौरान पुलिस रिमांड का आदेश दिया।

# दो विधायक धरने पर, राज्यपाल का इंतजार

## प. बंगाल के राज्यपाल के अनुरोध को अस्वीकार कर टीएमसी विधायकों ने किया प्रदर्शन

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस द्वारा विधानसभा में शपथ ग्रहण कराने के अनुरोध को अस्वीकार कर टीएमसी के दो नवनिर्वाचित विधायकों ने बुधवार को विधानसभा परिसर में विरोध प्रदर्शन किया।

दोनों विधायक सायंतिका बंदोपाध्याय और रायत हुसैन सरकार ने कहा कि वे शाम चार बजे तक विधानसभा में राज्यपाल के आने का इंतजार करेंगे, ताकि वे उन्हें पद की शपथ दिला सकें या अध्यक्ष को ऐसा करने के लिए अधिकृत कर सकें। राजभवन ने हाल ही में हुए विधानसभा उपचुनाव में निर्वाचित दोनों विधायकों को बुधवार को गवर्नर हाउस में शपथ लेने के लिए आमंत्रित किया था। टीएमसी ने दावा किया कि उपचुनाव जीतने वालों के मामले में परंपरा यह है कि राज्यपाल विधानसभा अध्यक्ष या उपाध्यक्ष को शपथ दिलाने का काम सौंपते हैं। सरकार ने कहा हि हमने राज्यपाल से अनुरोध किया है कि वे आएं और पद की शपथ दिलाएं या यह जिम्मेदारी अध्यक्ष को सौंप दें। उन्होंने इसे अस्वीकार कर दिया है। इसलिए हम विधानसभा की सीढ़ियों पर इंतजार कर रहे हैं।

### शपथ ग्रहण गतिरोध



- दोनों ने कहा- शाम चार बजे तक वह राज्यपाल का इंतजार करेंगे, ताकि वह उन्हें शपथ दिलाएं या अध्यक्ष को अधिकृत करें
- राजभवन ने विधानसभा उपचुनाव में निर्वाचित दोनों विधायकों को गवर्नर हाउस में शपथ लेने के लिए किया था आमंत्रित

सरकार और बंदोपाध्याय तख्तियों पर उन्हें निर्वाचित प्रतिनिधियों के रूप में कर्तव्यों का पालन करने की अनुमति दी जाए जैसे नारे लिखकर राज्यपाल से अनुरोध करते दिखे। बंदोपाध्याय ने कहा कि जब तक हम शपथ नहीं ले लेते तबतक हम विधायक के तौर पर काम नहीं कर सकते। सरकार ने बताया कि वह और बंदोपाध्याय शाम 4 बजे तक राज्यपाल द्वारा शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करने या विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की मौजूदगी में शपथ ग्रहण के लिए सहमति देने का इंतजार करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह संवैधानिक शिष्टाचार है और यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमें ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। अगर राज्यपाल इच्छुक हैं तो वह आकर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित कर सकते हैं।

## पठानकोट में दो संदिग्ध आंतकी, हाई अलर्ट जारी

**पठानकोट।** पंजाब के पठानकोट में दो संदिग्ध आंतकवादियों के घुसने की सूचना पर बुधवार को सीमावर्ती जिलों गुरदासपुर और पठानकोट में हाई अलर्ट जारी किया गया है।

पुलिस को मंगलवार देर रात अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास कोट भठियां गांव के एक व्यक्ति ने नियंत्रण कक्ष को सूचना दी कि दो नकाबपोश भारी हथियारों से लैस उसके फार्म हाउस में घुस आए और उसके सिर पर बंदूक तान दी और खाना बनाने को कहा। दोनों खाना खाने के बाद पठानकोट के लिए रवाना हो गए। पठानकोट एसएसपी सुहैल कासिम मीर ने वरिष्ठ अधिकारियों, गुरदासपुर के पुलिस प्रमुख हरीश दियामा और गुरदासपुर जिले के सभी थानेदारों से बैठक की। बैठक के बाद सेना और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को सूचना दे दी गई है। मामून छावनी और पठानकोट वायु सेना स्टेशन को भी सुरक्षित कर लिया गया है। पुलिस ने दोनों आतंकियों को पकड़ने के लिए गुरदासपुर, धारीवाल, दीनानगर और पठानकोट के रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर चेकिंग शुरू कर दी है।

## 3 और उपमुख्यमंत्रियों की मांग पर कांग्रेस का फैसला होगा अंतिम

बेंगलुरु,एजेंसी

- कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा- आलाकमान लेगा फैसला
- एससी/एसटी व ओबीसी के नेताओं को उपमुख्यमंत्री बनाने की वकालत

कर्नाटक में 3 और उप मुख्यमंत्रियों की मांग के बीच मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने बुधवार को कहा कि इस पर कांग्रेस आलाकमान का फैसला अंतिम है। दरअसल, राज्य के कुछ मंत्री वीरशैव-लिंगायत, एससी/एसटी और ओबीसी के नेताओं को उपमुख्यमंत्री पद देने की वकालत कर रहे हैं।

वर्तमान में डीके शिवकुमार उपमुख्यमंत्री हैं और वोक्कालिगा समुदाय से हैं। सिद्धरमैया ने कहा कि आलाकमान जो भी फैसला लेता है, वह अंतिम है। कांग्रेस के एक वर्ग का मानना है कि तीन और उपमुख्यमंत्री बनाने की मांग संबंधी मंत्रियों के बयान सिद्धरमैया खेमे की खास योजना का हिस्सा है और उसका मकसद शिवकुमार को काबू में रखना है। ऐसी चर्चा है कि शिवकुमार सरकार के ढाई साल के कार्यकाल के बाद मुख्यमंत्री पद की मांग कर सकते हैं। सहकारिता मंत्री के एन राजन्ना, आवास मंत्री बी जेड ज़मीर अहमद खान, लोक निर्माण मंत्री सतीश जरकीहोली और कुछ अन्य नेताओं ने तीन और उप मुख्यमंत्रियों की मांग कीथी। इन्हें सिद्धरमैया का करीबी माना जाता है। पिछले साल चुनाव के बाद मुख्यमंत्री पद के लिए शिवकुमार और सिद्धर मैया में प्रतिस्पर्धा के मद्देनजर कांग्रेस ने फैसला किया था कि शिवकुमार एकमात्र उप मुख्यमंत्री होंगे। शिवकुमार ने कहा था कि पार्टी इसका जवाब देगी। शिवकुमार कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष भी हैं।

## अन्नाद्रमुक के सदस्यों को सदन से किया गया निलंबित

चेन्नई, एजेंसी

- तमिलनाडु विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष समेत विधायकों ने सदन की कार्यवाही में डाला व्यवधान

तमिलनाडु विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ईके पलानीस्वामी समेत अखिल भारतीय अन्नाद्रविड मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के विधायकों को सदन की कार्यवाही में व्यवधान डालने पर बुधवार को मौजूदा सत्र से निलंबित कर दिया गया।

मंगलवार को एक दिन के लिए निलंबित हुए विपक्षी दल के सदस्य काली टी-शर्ट पहनकर सदन पहुंचे और उन्होंने कल्लाकुरिची जहरीली शराब त्रासदी मामले को फिर से उठाने की कोशिश की तथा इस मुद्दे पर चर्चा के लिए लिए कार्य स्थगन की मांग की, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष एम अप्पावु ने कहा कि वह इस मामले पर फैसला लेंगे। अन्नाद्रमुक के विधायक ज्वलंत मुद्दे पर जल्द से जल्द चर्चा कराने पर जोर देते हुए खड़े होकर प्रदर्शन करने लगे। अध्यक्ष ने हंगामा कर रहे सदस्यों को अपनी सीट पर वापस जाने का कई बार अनुरोध किया, इसके बाद भी जब सदस्य हंगामा करते रहे। इसके बाद अध्यक्ष ने उन्हें सदन से बाहर निकालने का आदेश दिया। इसके बाद सदन ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर अन्नाद्रमुक के सदस्यों के मौजूदा सत्र के अंतिम दिन 29 जून तक शेष कार्यवाही से निलंबित कर दिया। निलंबन के बाद अध्यक्ष ने अन्नाद्रमुक के सदस्यों पर सदन में समस्या खड़ी करने के इरादे से आने और बहस में भाग लेने के इच्छुक नहीं होने का आरोप लगाया।

### सदन की मर्यादा को ठेस पहुंचाई : विस अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष एम अप्पावु ने कहा कि अन्नाद्रमुक के सचेतक ने इस मुद्दे के लिए नोटिस दिया था, लेकिन वह मेरा जवाब सुनने को तैयार नहीं थे। इसके बजाय, उन्होंने प्रश्नकाल के दौरान कार्यवाही बाधित किया और अपने आचरण से सदन की मर्यादा को ठेस पहुंचाई। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि सदन कल्लाकुरिची शराब त्रासदी पर चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन पलानीस्वामी ही इसके लिए तैयार नहीं हैं। स्टालिन ने कहा कि ऐसा लगता है जैसे वह सदन छोड़कर बाहर जाने और मीडिया को संबोधित करने में अधिक रुचि रख रहे हैं। विधानसभा भवन के बाहर पलानीस्वामी ने आरोप लगाया कि मुख्य विपक्ष को जहरीली शराब से हुई मौतों का मुद्दा उठाने से रोकने का जानबूझकर प्रयास किया गया।



**जागरूकता** उत्तर दिनाजपुर में बुधवार को नशे के दुष्प्रभाव और तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर साइकिल रैली में भाग लेते बीएसएफ के जवान।

## लालू के करीबी अमित कात्याल को मिली जमानत

नई दिल्ली, एजेंसी

### जमीन के बदले नौकरी

- धनशोधन मामले में स्वास्थ्य आधार पर दिल्ली हाईकोर्ट ने छह हफ्ते की अंतरिम जमानत दी

दिल्ली हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद के करीबी अमित कात्याल को भारतीय रेलवे में जमीन के बदले कथित नौकरी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में स्वास्थ्य आधार पर बुधवार को छह हफ्ते की अंतरिम जमानत दे दी।

ईडी ने कात्याल को पिछले साल 11 नवंबर को धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया था। कात्याल ने अदालत में दलील दी कि वजन घटाने संबंधी 'बेरियाट्रिक' सर्जरी कराने के बाद उन्हें और उपचार व देखभाल की जरूरत है, जो तिहाड़ जेल में नहीं हो सकती। न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा की अवकाशकालीन पीठ ने कात्याल की अंतरिम जमानत मंजूर करते हुए कहा कि उनकी आहार संबंधी आवश्यकताएं ऐसी हैं, जो जेल में मुहैया नहीं की जा सकतीं। अदालत ने कहा कि बेरियाट्रिक सर्जरी के बाद उन्हें पर्याप्त शारीरिक, मानसिक और मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य के लिए उपयुक्त आहार की आवश्यकता है। वह फिलहाल जेल में प्रदान नहीं की जा सकती। इसमें कोई दो राय नहीं है कि लंबे समय तक जेल में, हर दिन घर का बना खाना उपलब्ध कराना काफी मुश्किल है।

# राजस्थान में फैक्ट्री में लगी आग, चार लोगों की मौत

अलवर, एजेंसी

राजस्थान में खैरथल तिजारा जिले के भिवाड़ी के समीप खुशखेडा औद्योगिक क्षेत्र स्थित दवा और केमिकल बनाने वाली फैक्ट्री में लगी आग में अब तक चार लोगों की मौत हो गई तथा कई अन्य झुलस गये। ये हादसा खैरथल तिजारा जिले अंतर्गत भिवाड़ी के खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में स्थित वर्तिका केमिकल्स एंड फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड में मंगलवार को हुआ था।

बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त फैक्ट्री में 50 कर्मचारी काम कर रहे थे। बताया गया है कि इस हादसे में 12 से अधिक कर्मचारी झुलस गए थे जिनमें से कई की हालत गंभीर है। आग की सूचना के मौके पर पहुंची 10 दमकलों ने करीब डेढ़ घंटे में आग पर काबू पाने में सफलता हासिल की। आग लगने के बाद वहां के हालात देखने के बाद अधिकारी भी सकते में आ गए कि वहां इंतजाम सही नही थे। मजदूरों को निकलने का रास्ता भी सकरा था। फैक्ट्री में आग लगने से अंदर धुआं हो गया। इससे कई कर्मचारी बेहोश हो गए थे और आग में चार मजदूर बुरी तरह जल गये। फायर अधिकारी नरेश मीणा ने बताया कि कंपनी में शॉर्टकट से आग लगी थी और शॉर्ट सर्किट के बाद ही ब्लास्ट हुआ था जिसमें चार शव मिले हैं। एक शव मंगलवार को मिल गया था। तीन शव रेस्क्यू के दौरान मिले हैं। तीन शव दीवार से चिपके मिले क्योंकि इस ब्लास्ट में दीवार गिर गई थी और 11 व्यक्ति घायल हो गए थे। तीन मजदूरों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

- हादसा खैरथल तिजारा जिले के भिवाड़ी के खुशखेड़ा क्षेत्र में दवा और केमिकल बनाने वाली फैक्ट्री में हुआ

### मृतकों में उत्तर प्रदेश दो लोग शामिल

हादसे में उत्तर प्रदेश निवासी विकास, अजय और विशाल सिंह तथा जम्मू कश्मीर निवासी राजकुमार की मौत हुई है। विकास, अजय और विशाल ऑपरेटर हैं जबकि राजकुमार शिफ्ट इंचार्ज है। तिजारा के उप पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया फैक्ट्री में शाम 6:30 बजे आग लगी थी। फैक्ट्री के सामने ही 100 मीटर दूर खुशखेड़ा रीको फायर स्टेशन आफिस है। भिवाड़ी और तिजारा से भी दमकलों को बुलाया गया। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। फैक्ट्री में केमिकल रिएक्शन के कारण धमाके के बाद आग लगी।

## नगालैंड में 20 साल बाद हुआ नगर निकाय चुनाव

**कोहिमा।** नगालैंड में 25 नगर निकायों के लिए दो दशक बाद कराये जा रहे चुनाव के तहत बुधवार को मतदान संपन्न हो गया। मतदान सुबह साढ़े सात बजे शुरू हुआ था और यह शाम चार बजे तक जारी रहा। मतगणना 29 जून को होगी। नगालैंड राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि पहली बार महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण के साथ शहरी स्थानीय निकाय चुनाव कराये गए।

अधिकारियों ने कहा कि मतदान प्रतिशत का आंकड़ा उपलब्ध नहीं हुआ है। पूर्वोत्तर के तीन नगरपालिकाओं और 22 नगर परिषद के लिए चुनाव 20 वर्ष के अंतराल के बाद कराया गया। इससे पहले, निकाय चुनाव 2004 में हुआ था। सरकार ने पहले कई बार निकायों के लिए चुनाव की घोषणा की थी लेकिन महिलाओं के लिए आरक्षण, भूमि तथा संपत्तियों पर कर के खिलाफ जनजातीय संगठनों और नागरिक संस्थाओं की आपत्तियों से चुनाव नहीं कराया जा सका। इसमें 1,13,521 महिलाओं सहित 2.23 लाख से अधिक मतदाता 11 राजनीतिक दलों के 523 उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत का फैसला करेंगे।



# टी20 विश्वकप फाइनल में जगह बनाने उतरेंगे दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान



तारोबा (त्रिनिदाद), एजेंसी

टूर्नामेंट में इतिहास रचने वाले अफगानिस्तान का सामना टी20 विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में गुरुवार को यहां जब सदाबहार दक्षिण अफ्रीका से होगा तो यह मुकाबला परिणाम के बावजूद ऐतिहासिक होगा। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने टूर्नामेंट में अपने सातों मैच जीते हैं लेकिन इस आईसीसी प्रतियोगिता का आकर्षण अफगानिस्तान रहा है। टीम अपने देश में युद्ध की तबाही से ऊपर उठी और संघर्ष के जज्बे की बदौलत 2021 के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को भी शिकस्त दी, जिसे उन्होंने पहले कभी नहीं हराया था।

अफगानिस्तान के शानदार प्रदर्शन के कई नायक हैं- कप्तान राशिद खान ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है, तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी और नवीन उल हक ने टीम को शुरुआती सफलताएं दिलाई, गुलबदिन नायब ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चमत्कारिक स्पेल डाला जबकि मोहम्मद नबी ने भी शानदार प्रदर्शन किया। सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज 281 रन के साथ टूर्नामेंट के सबसे सफल बल्लेबाज जबकि फारूकी 16 विकेट के साथ सबसे सफल गेंदबाज हैं।

दक्षिण अफ्रीका के घाव भी गहरे हैं लेकिन वे विशुद्ध रूप से क्रिकेट से जुड़े हैं। अतीत में दक्षिण अफ्रीका ने कुछ मजबूत टीमें तैयार की लेकिन 1991 में विश्व क्रिकेट में पुनः प्रवेश के बाद से कभी भी टी20 या 50 ओवर के विश्व कप के खिताबी दौर में प्रवेश नहीं कर पाया। दक्षिण अफ्रीका ने अब तक अपना धैर्य बरकार रखते हुए कुछ बेहद करीबी मुकाबले जीते हैं। टीम ने टूर्नामेंट में एक रन (नेपाल के खिलाफ), चार रन (बांग्लादेश के खिलाफ) और तीन विकेट (वेस्टइंडीज के खिलाफ) की करीबी जीत दर्ज की। दक्षिण अफ्रीका की अतीत की टीमें इन परिस्थितियों में विफल हो सकती थी लेकिन एडेन मार्कराम की टीम ने उल्लेखनीय दृढ़ता दिखाई है। टूर्नामेंट के शीर्ष 10 बल्लेबाजों की सूची में केवल एक दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी है। क्विंटन डिकॉक सात मैच में 199 रन बनाकर छठे स्थान पर हैं जबकि उनका कोई भी गेंदबाज शीर्ष 10 में शामिल नहीं है। लेकिन वे यहां सेमीफाइनल में खेल रहे हैं।

### द. अफ्रीका का सफर

- श्रीलंका को 6 विकेट से हराया
- नीदरलैंड को 4 विकेट से हराया
- बांग्लादेश को 4 रन से हराया
- नेपाल को 1 रन से हराया
- अमेरिका को 18 रन से हराया
- इंग्लैंड को 7 रन से हराया
- वेस्टइंडीज को 3 विकेट से हराया

### टीम इस प्रकार हैं

**अफगानिस्तान :** राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदिन नायब, करीम जनत, नांग्याल खारोटी, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, नवीन उल हक, फजलहक फारूकी और फरीद अहमद मलिक।

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डिकॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नोर्किया, कागिसो रबादा, रेयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी और ट्रिस्टन स्टब्स।

**समय :** मैच गुरुवार को भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे शुरू होगा।

### अफगानिस्तान का सफर

- युगांडा को 125 रन से हराया
- न्यूजीलैंड को 84 रन से हराया
- पीएनजी को 7 रन से हराया
- वेस्टइंडीज से 104 रन से हारे
- भारत से 47 रन से हारे
- ऑस्ट्रेलिया को 21 रन से हराया
- बांग्लादेश को 8 रन से हराया



# अंग्रेजों से हार का बदला लेने को तैयार टीम इंडिया

## भारत-इंग्लैंड के बीच मैच में बारिश होने की स्थिति में अंक तालिका में शीर्ष पर होने के कारण भारतीय टीम सीधे फाइनल में पहुंच जाएगी

नई दिल्ली, एजेंसी

- इंग्लैंड से वर्ष 2022 में टी-20 सेमीफाइनल में मिली थी मात
- गुयाना में आज होगा भारत और इंग्लैंड का आमना-सामना

रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय क्रिकेट टीम गुरुवार को गुयाना में पिछले टी-20 विश्वकप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड के हाथों मिली हार का बदला लेकर इस बार फाइनल में प्रवेश के इरादे से उतरेगी। टूर्नामेंट में भारतीय बल्लेबाजों और गेंदबाजों का विश्वकप में अब बेहतरीन प्रदर्शन रहा है। इसी के बलबूते पर वह दक्षिण अफ्रीका के बाद एकमात्र ऐसी टीम है, जिसे अब तक इस संस्करण में हार का सामना नहीं करना पड़ा है। परिस्थितियों को देखते हुए ऐसा लगा रहा कि भारतीय टीम इतिहास रचने के करीब है और उसे इंग्लैंड से वर्ष 2022 में टी-20 सेमीफाइनल में मिली हार का बदला चुकाना है।

मौसम को देखते हुए माना जा रहा है कि भारत-इंग्लैंड मैच में बारिश हो सकती है। इस मैच के लिए कोई रिजर्व डे भी नहीं है। अगर बारिश के कारण मैच धुल जाता है तो अंक तालिका में शीर्ष पर होने के कारण भारतीय टीम सीधे फाइनल में पहुंच जाएगी। शीर्ष क्रम में भारत विराट कोहली के बल्ले से रन की उम्मीद है। हालांकि उच्च मानकों के अनुसार इस टूर्नामेंट में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। वहीं उनके सलामी जोड़ीदार और कप्तान रोहित से सेमीफाइनल में अधिक उम्मीदें है। रोहित ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि वह व्यक्तिगत उपलब्धियों की परवाह किए बिना पावरप्ले में आक्रामक बल्लेबाजी करने का इरादा रखते हैं।

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का इंग्लैंड के खिलाफ शानदार रिकार्ड रहा है और इस विश्व कप में वह लय में हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाजो के खिलाफ वह और भी अधिक घातक रहे हैं। टी-20 में जॉस बटलर ने अब तक बुमराह का 12 पारियों में सामना किया है और उसमें केवल 5.19 की रनरेट से रन बनाते हुए चार बार आउट हुए हैं। वहीं सैम करन तो पांच पारियों में चार बार बुमराह का शिकार बने हैं। इसी तरह लियम लिविंगस्टन और मोईन अली जैसे खिलाड़ियों भी नाम हैं, जिनका बल्ला बुमराह के खिलाफ शांत रहा है। इसके अलावा अर्शदीप सिंह की गेंदबाजी में धार गेंदबाजी कर तथा हार्दिक पंड्या ने अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से सबको प्रभावित किया है। रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल और कुलदीप की स्पिन तिकड़ी से भी बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद है।

जॉस बटलर टी-20 विश्व कप में 900 से अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की अगर लिस्ट निकाली जाए तो सबसे अधिक स्ट्राइक रेट के मामले में वह बहुत आगे हैं। उन्होंने इस टूर्नामेंट में अब तक 45 की औसत और 147.1 के स्ट्राइक रेट से 990 रन बनाए हैं। 2016 के बाद से बटलर ने हर टी-20 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन किया है। बटलर ने इंग्लैंड के अंतिम सुपर आठ मैच में रन बनाए और भारतीय आक्रमण से अच्छी तरह परिचित हैं। उनके सलामी जोड़ीदार सॉल्ट बहुत जल्दी खेल को विरोधी टीम से दूर ले जा सकते हैं और भारत को उन्हें पावरप्ले में आउट करना होगा। जॉनी बेयरस्टो और मोईन अली से इंग्लैंड अधिक रन की उम्मीद है। मोईन ऑफ स्पिन गेंदबाज है तथा लियाम लिविंगस्टोन लेग और ऑफ स्पिन दोनों में माहिर हैं।

### इंग्लैंड को असाधारण करने की जरूरत होगी: पॉल कॉलिंगवुड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व ऑलराउंडर पॉल कोलिंगवुड के अनुसार टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में फॉर्म में चल रहे भारत को हराने के लिए इंग्लैंड को असाधारण प्रदर्शन करना होगा और उन्हें लगता है कि रोहित शर्मा की टीम के गत चैंपियन के खिलाफ हारने की संभावना नहीं है। भारत और इंग्लैंड एडीलेड में 2022 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मैच की पुनरावृत्ति में गुरुवार को भिड़ने के लिए तैयार हैं। तब जोस बटलर की टीम ने 10 विकेट से जीत दर्ज की थी। कोलिंगवुड ने 'स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम' कार्यक्रम में कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैं इस बार भारत को हारते हुए नहीं देखता। इंग्लैंड को उन्हें हराने के लिए कुछ असाधारण करने की जरूरत होगी। जसप्रीत बुमराह शानदार फॉर्म में हैं। पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान जैसी टीमों को उनके खिलाफ रन बनाने के लिए जूझना पड़ा।



## खेल डायरी

### इंग्लैंड के ओली रॉबिन्सन ने महंगा ओवर फेंका



**ब्राइटन (इंग्लैंड)।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन ने बुधवार को काउंटी चैम्पियनशिप मैच में 43 रन लुटाकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट इतिहास में दूसरा सबसे महंगा ओवर फेंकने का अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। दायें हाथ के गेंदबाज रॉबिन्सन (30 वर्ष) ने इंग्लैंड के लिए 2021 में पदार्पण के बाद 20 टेस्ट खेले हैं। उन्होंने होव में यहां ससेक्स के लिए खेलते हुए लीसेस्टरशर के खिलाफ डिवीजन दो मैच में अपना ओवर पूरा करने के लिए कुल नौ गेंद फेंकी जिन पर 43 रन बने। लीसेस्टरशर के लुईस किम्बर ने रॉबिन्सन पर पांच छक्के (तीन नोबॉल पर लगे), तीन चौके और एक रन से 43 रन बनाये। उन्होंने पूर्व टेस्ट तेज गेंदबाज एलेक्स ट्यूडर के 38 रन देने के ओवर के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।

### ग्रैंड शतरंज टूर: गुकेश खिताब के प्रबल दावेदार

**बुखारेस्ट (रोमानिया)।** विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश गुरुवार से यहां शुरू होने वाले सबसे बड़े इनामी टूर्नामेंट ग्रैंड शतरंज टूर में खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे जबकि आर प्रज्ञाननंदा की निगाह भी सफलता हासिल करने पर होगी। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में दुनिया के कुछ शीर्ष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जो अपनी बादशाहत साबित करने और मोटी धनराशि हासिल करने के लिए किसी तरह की कसर नहीं छोड़ेंगे। बुखारेस्ट का इस टूर्नामेंट में करीबी मुकाबले होने की पूरी संभावना है।

### रिलायंस फाउंडेशन ने बनाया इंडिया हाउस

**नई दिल्ली।** रिलायंस फाउंडेशन ने भारतीय ओलंपिक संघ के साथ साझेदारी के तहत पेरिस ओलंपिक खेलों में देश का पहला कंट्री हाउस यानी इंडिया हाउस बनाया है। इंडिया हाउस पेरिस के प्रतिष्ठित पार्क डे ला विलेट में बनाया गया है। इंडिया हाउस के दरवाजे दुनिया भर के एथलीटों, गणमान्य व्यक्तियों और खेल प्रेमियों के लिए खुले रहेंगे। इस हाउस भारत की प्रतिभा, क्षमता और महत्वाकांक्षा, संस्कृति से लेकर कला और खेल से लेकर योग, हस्तशिल्प, संगीत की झलक मिलेगी और पारंपरिक भारतीय व्यंजन परोसे जाएंगे।

### भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर के अध्यक्ष बने कपिल देव



**नई दिल्ली।** भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान रहे कपिल देव ने भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) के नए अध्यक्ष का पद संभाल लिया है। यह पद इस प्रतिष्ठित पूर्व क्रिकेटर के लिए एक नई शुरुआत है, जिन्होंने एमेच्योर गोल्फ खिलाड़ी के रूप में भी शानदार प्रदर्शन किया है। 65 वर्षीय कपिल पहले से ही उपाध्यक्ष के रूप में पीजीटीआई बोर्ड के सदस्य थे। उन्हें सर्वसम्मति से चुना गया। वह एचआर श्रीनिवासन की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल समाप्त हो गया है। कपिल ने अपने नए पद के बारे में कहा, पीजीटीआई का अध्यक्ष बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं पिछले कुछ वर्षों से इस संगठन से जुड़ा हुआ हूं।

### मध्यप्रदेश के पूर्व रणजी कप्तान विजय नहीं रहे

**इंदौर।** मध्यप्रदेश की रणजी ट्रॉफी टीम के पूर्व कप्तान विजय नायडू (79) का बुधवार को लम्बी बीमारी के बाद मुंबई में निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे। मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) के सचिव संजीव राव ने यह जानकारी दी। राव ने बताया कि नायडू ने 1968-69 से 1970-71 तक तीन सत्रों में मध्यप्रदेश की रणजी ट्रॉफी टीम का नेतृत्व किया था। नायडू ने 1960-61 से 1977-78 के बीच 47 प्रथम श्रेणी और तीन लिस्ट-ए मैच खेले थे। एमपीसीए सचिव ने बताया, नायडू एक भरोसेमंद बल्लेबाज थे जो प्रभावी गेंदबाजी भी कर सकते थे।

### जयवर्धने ने सलाहकार कोच पद से इस्तीफा दिया

**कोलंबो।** पूर्व कप्तान माहेला जयवर्धने ने श्रीलंका के सलाहकार कोच पद से इस्तीफा दे दिया है। श्रीलंका क्रिकेट ने बुधवार को यह जानकारी दी। श्रीलंका के टी20 विश्व कप के पहले दौर से बाहर को जाने के बाद उन्होंने इस्तीफा देने का फैसला किया जो तुरंत प्रभाव से लागू होगा। श्रीलंका क्रिकेट ने बयान ने कहा, जयवर्धने ने अपने कार्यकाल के दौरान राष्ट्रीय टीम के तंत्र में महत्वपूर्ण बदलाव करने में अहम भूमिका निभाई। श्रीलंका क्रिकेट भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं देता है और अपनी सेवाएं देने के लिए उनका आभार व्यक्त करता है।

# सूर्या को पछाड़कर हेड बने नंबर एक टी20 बल्लेबाज



- दिसंबर 2023 से शीर्ष पर थे सूर्यकुमार यादव
- हेड ने टी20 विश्वकप में दो अर्धशतक की मदद से 255 रन बनाए
- भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 24वें स्थान पर पहुंच गए
- स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल आठवें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय गेंदबाज
- इंग्लैंड के आदिल राशिद गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर

**दुबई, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड बुधवार को जारी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम रैंकिंग में भारत के सूर्यकुमार यादव को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बन गए। सूर्यकुमार यादव दिसंबर 2023 से शीर्ष पर थे। हेड ने टूर्नामेंट में दो अर्धशतक की मदद से 255 रन बनाए, जिसमें सुपर आठ मुकाबले में भारत के खिलाफ 76 रन की पारी भी शामिल है। हेड सूर्यकुमार (842 अंक) से दो अंक आगे हैं। सूर्यकुमार दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं, लेकिन उनके पास दोबारा नंबर एक रैंकिंग हासिल करने का मौका है क्योंकि भारत टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बना चुका है। इंग्लैंड के फिल सॉल्ट और पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम तथा मोहम्मद रिजवान भी शीर्ष पांच में शामिल हैं। वेस्टइंडीज के जॉनसन चार्ल्स शीर्ष 10 में जगह बनाने वाले एकमात्र नए खिलाड़ी हैं। अफगानिस्तान के स्टार बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज को भी पांच स्थान का फायदा हुआ है। भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह 44 स्थान की लंबी छलांग के साथ 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि स्पिनर कुलदीप यादव भी 20 स्थान के फायदे से 11वें पायदान पर हैं। स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल आठवें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय गेंदबाज हैं। इंग्लैंड के आदिल राशिद गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन से दूसरे स्थान पर हैं।

# श्रीहरि और धीनिधि को मिला यूनिवर्सेलिटी कोटा

नयी दिल्ली, एजेंसी

- एसएफआई विकल्प के लिए दोनों जेंडर के लिए किया था अनुरोध

भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज और 14 वर्षीय धीनिधि देसिंघु 'यूनिवर्सेलिटी कोटा' के जरिये पेरिस ओलंपिक 2024 में प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारतीय तैराकी महासंघ (एसएफआई) ने बुधवार को घोषणा करते हुए कहा कि श्रीहरि नटराज और 14 वर्षीय धीनिधि देसिंघु यूनिवर्सेलिटी कोटा के जरिये पेरिस ओलंपिक की तैराकी स्पर्धा में हिस्सा लेंगे।

पुरुषों की 100 बैकस्ट्रोक स्पर्धा में नटराज, वहीं महिला वर्ग की 200 मीटर फ्रीस्टाइल प्रतियोगिता में धीनिधि हिस्सा लेंगी। एसएफआई विकल्प के तौर पर दोनों जेंडर के लिए यूनिवर्सेलिटी कोटा के लिए अनुरोध किया था। विश्व एक्वेटिक्स की अनापत्ति के लिए यूनिवर्सेलिटी स्थानों की पुष्टि करने की समय सीमा तीन जुलाई है और एनओसी को चार जुलाई तक इन्हें स्वीकार करना होगा। एसएफआई ने बताया कि श्रीहरि और देसिंघु के नाम स्वीकार कर लिए गए हैं। टोक्यो 2020 के बाद यह श्रीहरि नटराज का दूसरा ओलंपिक है। जबकि देसिंघु पेरिस में अपना ओलंपिक पर्दापण करेंगी। पेरिस ओलंपिक 2024 में तैराकी प्रतियोगिताएं 27 जुलाई से चार अगस्त के बीच पेरिस ला डिफेंस एरिना में आयोजित की जायेगी।

# ओलंपिक के लिए हॉकी टीम की घोषणा

नयी दिल्ली, एजेंसी

हॉकी इंडिया ने अगले महीने होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए बुधवार को 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें हरमनप्रीत सिंह को कप्तान और हार्दिक सिंह को उप कप्तान बनाया गया। भारतीय टीम में पांच खिलाड़ी ओलंपिक में पदार्पण करेंगे, इनके अलावा टीम में पिछले चरण में हिस्सा ले चुके कुछ सीनियर खिलाड़ी भी शामिल हैं।

तोक्यो ओलंपिक 2020 में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम को गत चैम्पियन बेल्जियम, आस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड और आयरलैंड के साथ पूल बी में रखा गया है। पूल अंक तालिका में शीर्ष चार में रहने वाली टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी। भारतीय खिलाड़ी इस समय बेंगलुरु के साई केंद्र में राष्ट्रीय शिविर में ओलंपिक की तैयारी में व्यस्त हैं।

अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश और मिडफील्डर मनप्रीत सिंह चौथी बार ओलंपिक में भाग लेंगे जबकि कप्तान हरमनप्रीत का यह तीसरा ओलंपिक होगा। वहीं पांच खिलाड़ी भारत के लिए ओलंपिक में पदार्पण करेंगे, जिसमें जरमनप्रीत सिंह, संजय, राज कुमार पाल, अभिषेक और सुखजीत सिंह शामिल हैं।

### भारत का अभियान

- 27 जुलाई को न्यूजीलैंड
- 29 जुलाई को अर्जेंटीना
- 30 जुलाई को आयरलैंड
- एक अगस्त को बेल्जियम
- दो अगस्त को ऑस्ट्रेलिया

### हाईलाइटर

- भारत अभी तक आठ स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य से कुल 12 ओलंपिक पदक जीत चुका है।
- पूल ए में नीदरलैंड, जर्मनी, ब्रिटेन, स्पेन, दक्षिण अफ्रीका और मेजबान देश फ्रांस शामिल है।

### भारतीय टीम

**गोलकीपर :** पी आर श्रीजेश **डिफेंडर :** जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय **मिडफील्डर :** राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद **फॉरवर्ड :** अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, मंदीप सिंह, गुरजंत सिंह **वैकल्पिक खिलाड़ी :** नीलकांत शर्मा, जुगराज सिंह, कृष्ण बहादुर पाठक।

# मो. वसीम पाकिस्तान महिला टीम के कोच बने

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मध्यक्रम के पूर्व बल्लेबाज और मुख्य चयनकर्ता मोहम्मद वसीम को जुलाई में होने वाले एशिया कप के लिए महिला टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। पीसीबी अध्यक्ष के रूप में रमीज राजा के कार्यकाल के दौरान मुख्य चयनकर्ता का पद संभालने वाले वसीम का साथ पूर्व टेस्ट गेंदबाज जुनैद खान और अब्दुल रहमान देंगे, जिन्हें क्रमशः गेंदबाजी और सहायक कोच नियुक्त किया गया है।

पाकिस्तान को श्रीलंका के दाम्बुला में 19 जुलाई से शुरू होने वाले एशिया कप के लिए भारत के ग्रुप में जगह मिली है। भारत, पाकिस्तान और मेजबान श्रीलंका के अलावा बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, मलेशिया और थाईलैंड टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेंगे।

### शिविर में हिस्सा ले रहीं संभावित खिलाड़ी

आलिया रियाज, अनूशा नासिर, आयशा जफर, डायना बेग, दुआ मजीद, इमान फातिमा, फातिमा सना, गुल फिरोजा, हुमना बिलाल, इरम जावेद, महम मंजूर, मुनीबा अली, नजीहा अल्वी, नशरा संधू, नतालिया परवेज, निदा डार, ओमैमा सोहेल, कुरतुलैन, रमीन शमीम, सदाफ शमास, सादिया इकबाल, सिदरा अमीन, सईदा अरूब शाह, तस्मिया रुबाब, तुबा हसन, युसरा आमिर, उम्म ए हनी और वहीदा अख्तर।

# कनाडा ने पेरू को 1-0 से हराया

कन्सास सिटी (अमेरिका), एजेंसी

- 24 वर्षों में दक्षिण अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ पहली जीत
- मैच के दौरान एक सहायक रेफरी की हालत बिगड़ गई

जोनाथन डेविड के 74वें मिनट में दागे गोल की मदद से कनाडा ने कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट में पेरू को 1-0 से हरा दिया। कनाडा की 24 वर्षों में अपने दक्षिण अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ यह पहली जीत है। जैकब शैफेलबर्ग के खिलाफ टैकल के लिए मिगुएल अराउजो को लाल कार्ड दिखाए जाने के कारण पेरू को 59वें मिनट के बाद एक खिलाड़ी के बिना खेलना पड़ा। यह निर्णय वीडियो समीक्षा के बाद लिया गया।

कनाडा ने पिछले महीने कोच के रूप में नियुक्त अमेरिकी जेसी मार्श के मार्गदर्शन में चार मैचों में पहली जीत दर्ज की। डेविड का यह कनाडा के लिए 27वां गोल है। इस गोल से राष्ट्रीय टीम ने 391 मिनट के गोल के सूखे को भी खत्म किया। खेल को पहले हाफ के इंजरी टाइम में रोकना पड़ा जब स्टेडियम के गैर छायादार हिस्से पर दौड़ रहे एक सहायक रेफरी की हालत बिगड़ गई और उन्हें स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर ले जाया गया।

### चिली को 1-0 से हराकर अर्जेन्टीना क्वार्टर फाइनल में

**ईस्ट रदरफोर्ड (अमेरिका)।** लॉटेरो मार्टिनेज ने 88वें मिनट में रिबाउंड पर गोल दागा, जिससे गत चैंपियन अर्जेंटीना ने चिली पर 1-0 की जीत के साथ कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। दिग्गज खिलाड़ी लियोनल मेस्सी की कॉर्नर किक पर लगाए शॉट को चिली के गोलकीपर क्लॉडियो ब्रावो ने रोक दिया लेकिन रिबाउंड होकर आई गेंद को मार्टिनेज ने गोल में पहुंचाकर टूर्नामेंट का अपना दूसरा गोल किया। खिलाड़ी खड़े होकर तीन मिनट तक इंतजार करते रहे जिसके बाद वीडियो समीक्षा में गोल की पुष्टि हुई। मार्टिनेज का राष्ट्रीय टीम के लिए यह 26वां गोल है। अर्जेंटीना छह अंकों के साथ ग्रुप ए में सबसे आगे है। कनाडा तीन अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। चिली और पेरू के एक-एक अंक हैं। अर्जेन्टीना की टीम शनिवार को फ्लोरिडा के मियामी गार्डन्स में पेरू के खिलाफ अपना अंतिम ग्रुप मैच खेलेगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

## एक नजर

### मंगोलिया में चुनावों के दौरान शराब पर रोक

**उलन बटोर।** मंगोलिया में आगामी संसदीय चुनावों के दौरान राजधानी में सभी प्रकार के शराब की बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा। शहर के मेयर के प्रेस कार्यालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंगोलिया में शुक्रवार को देश की संसद, स्टेट ग्रेट खुराल के लिए चुनाव कराए जाएंगे। उलानबटोर में गुरुवार से शनिवार तक शराब की बिक्री पर 72 घंटे का प्रतिबंध लागू किया जाएगा, जहां देश की कुल आबादी के आधे लोग निवासरत हैं।

### पाकिस्तान में पोलियो का छठा मामला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में इस साल पोलियो का छठा मामला सामने आया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में एक बच्चे में पोलियो की पुष्टि हुई है। देश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान में पोलियो के लिए क्षेत्रीय प्रयोगशाला ने रिपोर्ट दी है कि किला अब्दुल्ला जिले में 18 महीने के बच्चे से एकत्र नमूनों के परीक्षण में वाइल्ड पोलियोवायरस टाइप 1 पाया गया है।

### डेंगू के मामले बढ़ने पर सतर्क रहने के निर्देश

**न्यूयॉर्क।** दुनिया भर में डेंगू के मामले बढ़ने पर अमेरिकी स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार को चिकित्सकों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। डेंगू मच्छरों के काटने से फैलता है और इसके मामले तेजी से पूरी दुनिया में बढ़ रहे हैं। छह माह के भीतर ही अमेरिका में डेंगू के मामलों ने साल भर का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। जलवायु परिवर्तन को भी डेंगू के मामले बढ़ने के लिए जिम्मेदार माना जा रहा है।

### मार्क रूटे अगले नाटो महासचिव होंगे

**मॉस्को।** नाटो ने नीदरलैंड्स (डच) प्रधानमंत्री मार्क रूटे को संगठन के अगले महासचिव चुने जाने की बुधवार को पुष्टि की। नाटो की ओर से जारी बयान के मुताबिक सहयोगियों ने रूटे को नाटो के अगले महासचिव के रूप में नियुक्त करने का निर्णय लिया है। वह जेन्स स्टोलटेनबर्ग का स्थान लेंगे जिनका कार्यकाल आगामी एक अक्टूबर को समाप्त हो जाएगा।

### जापान में अमेरिकी सैनिक पर यौन उत्पीड़न का आरोप

**टोक्यो।** जापान के ओकिनावा द्वीप क्षेत्र में एक अमेरिकी सैनिक पर गत दिसंबर में 16 वर्ष से कम उम्र की किशोरी का कथित रूप से अपहरण करने और उसके साथ बिना सहमति के यौन संबंध बनाने का आरोप लगा है। क्योडो न्यूज ने मंगलवार को स्थानीय अधिकारियों के हवाले से बताया कि नाहा जिला लोक अभियोजक कार्यालय ने 27 मार्च को 25 वर्षीय ब्रेनन वाशिंगटन के खिलाफ आरोप दायर किए।

### रूस और अमेरिका के रक्षा मंत्रियों ने की चर्चा

**मॉस्को।** रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलौसोव और अमेरिका के राक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने यूक्रेन के मुद्दे पर बातचीत की है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को अपने टेलीग्राम चैनल पर यह जानकारी दी।

## ट्रंप-बाइडेन चुनावी बहस में तीसरी बार होंगे आमने-सामने

वाशिंगटन, एजेंसी

- 2020 के चुनाव के बाद आज पहली बार एक मंच पर होंगे साथ



अमेरिका के राष्ट्रपति पद की दौड़ में रिपब्लिकन व डेमोक्रेटिक पार्टियों के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप व जो बाइडेन तीसरी बार गुरुवार को चुनावी बहस के मंच पर एक दूसरे के सामने होंगे। यह वर्ष 2024 की पहली बहस होगी।

मिशिगन विश्वविद्यालय में डिबेट कार्यक्रम के निदेशक आरोन कॉल ने अमेरिकी मीडिया को बताया कि जेसी वाटर्स प्राइमटाइम पर सीएनएन प्रेसिडेंशियल डिबेट में दोनों के लिए बहुत जोखिम है। कॉल ने कहा दोनों में से किसी ने भी बहस नहीं की है (उनके पिछले आमना-सामना के बाद से), जो कि एक तरह से अनोखा है। दोनों नेताओं ने 2020 के बहस में एक दूसरे का सामना नहीं किया है। इस कारण से वे एक तरह से बहस के लिए तैयार नहीं है और उन्हें नियमित बहस शैली में वापस आने में थोड़ा समय लग सकता है। बहस में रूस, यूक्रेन युद्ध और गाजा में इजरायल के युद्ध और चीन के बारे में सवालों के अलावा आव्रजन, अर्थव्यवस्था और मुद्रास्फीति के मुद्दे केंद्र में रहने की उम्मीद है।

## इटली में भारतीय की मौत के जिम्मेदार लोगों पर तुरंत कार्रवाई हो : भारत

**लंदन/रोम।** भारत ने बुधवार को इटली से उस भारतीय श्रमिक की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने को कहा, जिसे भारी कृषि मशीनरी से उसका हाथ कट जाने के बाद उसके नियोक्ता ने उसे बिना चिकित्सकीय सहायता के सड़क पर फेंक दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। इटली में भारतीय दूतावास ने कहा कि विदेश मंत्रालय में काउंसलर, पासपोर्ट, वीजा और प्रवासी भारतीय मामलों के सचिव मुक्तेश परदेशी ने विदेश में इतालवी नागरिक व प्रवासन नीतियां के महानिदेशक लुइगी मारिया विग्नाली को सतनाम सिंह (31) की मौत पर भारत की गहरी चिंता से अवगत कराया है।

## अमेरिका से समझौते के तहत असांजे ने स्वीकारा दोष

वाशिंगटन, एजेंसी

विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे ने बुधवार को उत्तरी मारियाना द्वीप समूह की राजधानी साइपन स्थित संघीय अदालत में जासूसी अधिनियम का उल्लंघन करने के एक मामले में दोषी होने की दलील दी। यह असांजे व अमेरिकी न्याय विभाग के साथ हुए एक समझौते के तहत किया गया, ताकि उन्हें आगे सजा से बचाया जा सके और वर्षों से चल रही कानूनी लड़ाई को समाप्त किया जा सके।

राष्ट्रीय रक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी को अवैध रूप से प्राप्त करने और प्रसारित करने के एक मामले में अपराध स्वीकार करने के बावजूद असांजे को अमेरिका में किसी तरह की जेल की सजा नहीं काटनी पड़ेगी और उन्हें ऑस्ट्रेलिया वापस जाने की अनुमति दी जाएगी। असांजे अमेरिका नहीं आना चाहते थे, इसलिए अमेरिकी न्याय विभाग ने प्रशांत महासागर में स्थित अमेरिकी राष्ट्रमंडल के सुदूर द्वीप में सुनवाई करने पर सहमति जताई। असांजे 2009 और 2011 के बीच वर्गीकृत सैन्य और राजनयिक दस्तावेजों को हासिल करने और जारी करने में अपनी भूमिका के कारण अमेरिकी सरकार के साथ लंबी कानूनी लड़ाई में उलझे हुए थे।



एयरपोर्ट पर पत्नी के साथ हाथ उठाकर जश्न मनाते जूलियन असांजे। ● एजेंसी

### लड़ाई खत्म होने के बाद अपने देश ऑस्ट्रेलिया लौटे

**कैनबरा।** असांजे बुधवार को विशेष विमान से अपने देश ऑस्ट्रेलिया लौट आए। असांजे ने एक समझौते के तहत अमेरिकी सेना से जुड़े गोपनीय दस्तावेज हासिल करने और उन्हें प्रकाशित करने का जुर्म स्वीकार कर लिया है, जिसके बाद इस मामले में कानूनी लड़ाई खत्म हो गई है। इससे पहले उनका विमान नार्दन मारियाना द्वीप समूह की राजधानी साइपन से ऑस्ट्रेलिया रवाना हुआ था।

# सुरक्षा परिषद में सुधार की जरूरत : भारत

## कहा- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 80 वर्ष पूरे होने तक स्थायी व अस्थायी सदस्यों का विस्तार जरूरी

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी।

वैश्विक संघर्षों से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में भारत ने सुरक्षा परिषद में ही सुधार किए जाने के मुद्दे को जोरशोर से उठाया। भारत ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के अगले साल 80 वर्ष पूरे होने वाले हैं इसलिए सुरक्षा परिषद के स्थायी तथा अस्थायी सदस्यों का विस्तार करने की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में मंत्री प्रतीक माथुर ने कहा कि वैश्विक शासन सुधारों पर चर्चा के तौर पर संयुक्त राष्ट्र में प्रदर्शन आकलन पर ध्यान केंद्रित होने के साथ ही सुरक्षा परिषद को भी अपनी विश्वसनीयता साबित करने और अपने प्रदर्शन में सुधार करने की आवश्यकता है।

माथुर ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की वार्षिक रिपोर्ट पर संयुक्त राष्ट्र महासभा में चर्चा के दौरान भारत की ओर से मंगलवार को कहा कि 2024 में अब वक्त आ गया है कि परिषद संपूर्ण सदस्यता की ओर से काम करने के लिए अपने चार्टर की जिम्मेदारियों के अनुरूप सुधार करे। उन्होंने कहा कि सुरक्षा परिषद ही दुनियाभर में मौजूदा संघर्षों से प्रभावी रूप से निपट सकती है। भारत वर्षों से सुरक्षा परिषद में सुधार की वकालत करते हुए कहता रहा है कि वह संयुक्त राष्ट्र की इस शीर्ष संस्थान का स्थायी सदस्य बनने का हकदार है। भारत आखिरी बार 2021-22 में परिषद में अस्थायी सदस्य के तौर पर शामिल हुआ था। उसने 2028-29 के कार्यकाल के लिए संयुक्त राष्ट्र के इस शक्तिशाली संस्थान के अगले कार्यकाल के लिए उम्मीदवारी की घोषणा की है। पंद्रह सदस्यीय सुरक्षा परिषद में केवल पांच स्थायी सदस्य- चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका हैं जिनके पास वीटो का अधिकार है। बाकी के 10 सदस्यों का चुनाव दो साल के कार्यकाल के लिए अस्थायी सदस्यों के रूप में किया जाता है और उनके पास वीटो का अधिकार नहीं होता है।



सुरक्षा परिषद की बैठक में उपस्थित सदस्य।

### कश्मीर पर निराधार बयानों के लिए पाकिस्तान की आलोचना

**संयुक्त राष्ट्र।** पाकिस्तान की ओर से संयुक्त राष्ट्र महासभा में कश्मीर का जिक्र किए जाने के बाद भारत ने निराधार और मिथ्या बयानों के लिए पड़ोसी देश की आलोचना की है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में मंत्री प्रतीक माथुर ने मंगलवार को कहा कि मंगलवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने निराधार और मिथ्या बातें फैलाने के लिए इस मंच का दुरुपयोग किया जो कोई हैरानी की बात नहीं है। उन्होंने कहा मैं केवल इस प्रतिष्ठित संस्थान का कीमती वक्त बचाने के लिए किसी भी तरह की प्रतिक्रिया देकर इन टिप्पणियों को बढ़ावा नहीं दूंगा। माथुर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की वार्षिक रिपोर्ट पर संयुक्त राष्ट्र महासभा की चर्चा में भारत की ओर से बयान दे रहे थे।

### कतर में होने वाली बैठक में भाग लेगा तालिबान

**इस्लामाबाद।** तालिबान ने मंगलवार को पुष्टि की है कि अफगानिस्तान पर कतर में संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में होने वाली आगामी बैठक में उसका प्रतिनिधिमंडल शामिल होगा। इससे पहले, आयोजकों ने पिछले सप्ताह कहा था कि महिलाओं को इस बैठक में शामिल नहीं होने दिया जाएगा। कतर की राजधानी दोहा में 30 जून और 1 जुलाई को होने वाली बैठक अफगान संकट पर संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रायोजित तीसरी बैठक है। पहली बैठक में तालिबान को आमंत्रित नहीं किया गया था।

### गाजा, वेस्ट बैंक में बढ़ते संकट की दी चेतावनी

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने मंगलवार को सुरक्षा परिषद को गाजा और वेस्ट बैंक में संकट की चेतावनी दी है। मध्य पूर्व शांति प्रक्रिया के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष समन्वयक टोर वेन्नेसलैंड ने सुरक्षा परिषद ब्रीफिंग के दौरान गाजा में विनाशकारी और भयावह मानवीय संकट का वर्णन किया, जहां नागरिक शत्रुता के प्रभाव में पीड़ित हैं और नागरिक सुरक्षा व्यवस्था लगभग पूरी तरह से खत्म हो गई है। मैं इजरायल सरकार से सभी गतिविधियों को तुरंत बंद करने का आग्रह करता हूं।

## अमेरिका में काम को मजबूर करने पर दंपत्ति को सजा

वाशिंगटन, एजेंसी

- रिश्तेदार को स्कूल में दाखिला दिलाने का लालच देकर अमेरिका लेकर आए थे
- तीन साल से अधिक समय तक अपने गैस स्टेशन और डिपार्टमेंटल स्टोर पर करवाया काम

अमेरिका की एक अदालत ने एक भारतीय-अमेरिकी दंपत्ति को अपने रिश्तेदार को स्कूल में दाखिला दिलाने का लालच देकर अमेरिका लाने और उसे तीन साल से अधिक समय तक अपने गैस स्टेशन और डिपार्टमेंटल स्टोर पर काम करने के लिए मजबूर करने के आरोप में जेल की सजा सुनाई है। हरमनप्रीत सिंह (31) को अदालत ने 135 महीने (11.25 साल) और कुलबीर कौर (43) को 87 महीने (7.25 साल) की जेल की सजा सुनाई है। साथ ही अपने चचेरे भाई एवं पीड़ित को लगभग 1.87 करोड़ रुपये का मुआवजा देने के लिए भी कहा गया है। दंपत्ति का अब तलाक हो चुका है।

न्याय विभाग के नागरिक अधिकार प्रभाग की सहायक अटॉर्नी जनरल क्रिस्टन क्लार्क ने कहा आरोपियों ने पीड़ित के साथ अपने संबंधों का फायदा उठाकर उसे अमेरिका में लाने के लिए झूठे वादे किए कि वे उसे स्कूल में दाखिला दिलाने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा प्रतिवादियों ने पीड़ित के आव्रजन दस्तावेज जब्त कर लिए तथा न्यूनतम वेतन पर लंबे समय तक काम करने के लिए मजबूर करने के लिए उसे धमकियां दीं, शारीरिक बल का प्रयोग किया तथा मानसिक रूप से प्रताड़ित किया।

### होटल में झगड़ा करने के लिए भारतीय मूल के नागरिक को जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर के एक होटल में दो गुटों में हुए हिंसक झगड़े में शामिल भारतीय मूल के 25 वर्षीय युवक को एक वर्ष से ज्यादा जेल की सजा सुनाई गयी और उस पर दो हजार सिंगापुर डॉलर का जुर्माना लगाया गया। झगड़े में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। द स्ट्रैट्स टाइम्स समाचार पत्र की खबर के मुताबिक, शर्विन जय नायर को मोहम्मद इसरत मोहम्मद इस्माइल को जानबूझकर चोट पहुंचाने के आरोप में मंगलवार को दोषी करार दिया गया।

## यात्रियों की पुनः जांच खत्म करने के लिए भारत से समझौते की मांग

**वाशिंगटन।** अमेरिका के परिवहन सुरक्षा निकाय ने भारत के साथ एक विशेष समझौता करने की मांग की है जिससे यात्रियों की हवाईअड्डे पर पुनः जांच की प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी। अमेरिका के परिवहन सुरक्षा प्रशासन (यूएसटीएसए) के प्रशासक डेविड पेकोस्के ने मंगलवार को यहां भारत-अमेरिका विमानन शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सभी समस्याओं का एक ही जगह (वन-स्टॉप) पर समाधान उपलब्ध कराने वाले इस समझौते की अवधारणा देशों के बीच आसानी से पहुंच बनाने वाली है। उन्होंने कहा यह ऐसी अवधारणा है जो स्थानांतरण बिंदुओं पर सुरक्षा जांच के दोहराव को समाप्त करके यात्रियों और सामान को उनके गंतव्य तक पहुंचाने में तेजी लाती है।

## मोदी 3.0 में अमेरिका-भारत रक्षा प्रौद्योगिकी में कर सकते हैं प्रगति

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिकी राजदूत ने कहा सपनों को वास्तविकता में बदलने का समय



अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा है कि नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान जब महत्वाकांक्षी भारत और महत्वाकांक्षी अमेरिका मिलकर काम करेंगे तब रक्षा साझेदारी, महत्वपूर्ण उभरती प्रौद्योगिकियों और आर्थिक समृद्धि में और अधिक प्रगति हासिल की जा सकती है।

प्रधानमंत्री मोदी भाजपा और एनडीए को उनकी जीत के लिए बधाई देते हुए गार्सेटी ने कहा कि मोदी 3.0 द्विपक्षीय संबंधों के सपनों को वास्तविकता में बदलने का समय है। गार्सेटी ने कहा मुझे लगता है कि मोदी 3.0 हमारे लिए अपने सपनों को साकार करने का समय है। भारत में हाल में हुए आम चुनावों के बाद बाइडन प्रशासन के किसी वरिष्ठ अधिकारी द्वारा दिया गया यह पहला साक्षात्कार है। लोकसभा चुनावों के बाद प्रधानमंत्री मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता में आए हैं। गार्सेटी ने कहा चाहे वह काम हो जिसे हम अपनी रक्षा साझेदारी में साथ मिलकर कर रहे हैं, चाहे वह हमारी महत्वपूर्ण उभरती हुई प्रौद्योगिकियां हों, या फिर वह काम हो जिसे हम आर्थिक समृद्धि के लिए कर रहे हैं। उन्होंने कहा मेरी राय में 3.0 इस बारे में है कि हम अमेरिका और भारत के बीच किस तरह का रिश्ता बनाते हैं जो न केवल हमारे लोगों के लिए बल्कि दुनिया के लिए भी अच्छा हो सकता है। यह दुनिया को दिखा सकता है कि लोकतंत्र तानाशाही से बेहतर है।

## नेपाल और चीन द्विपक्षीय संबंधों को गति देने पर सहमत

**काठमांडू।** नेपाल और चीन के शीर्ष राजनयिकों ने द्विपक्षीय संबंधों की समग्रता में समीक्षा की और पंचशील, आपसी विश्वास और सद्भावना के सिद्धांतों के आधार पर परस्पर क्षेत्रों के बीच सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया। चीन के उपविदेश मंत्री सन वेइडोंग और नेपाल के विदेश सचिव सेवा लामसाल ने यहां नेपाल-चीन राजनयिक परामर्श तंत्र की 16वीं बैठक के दौरान व्यापक वार्ता की।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि बैठक में द्विपक्षीय संबंधों की संपूर्ण आयाम में समीक्षा की गई और समझौतों के क्रियान्वयन में हुई प्रगति और पूर्व में लिए गए निर्णयों का आकलन किया। दोनों पक्षों ने पारस्परिक रूप से सहमत क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ावा देने के लिए दृढ़ प्रतिबद्धता व्यक्त की है और पारस्परिक लाभ के लिए आर्थिक अवसरों की प्राप्ति में काम करने की प्रतिबद्ध जताई है।

## केन्या के राष्ट्रपति विवादित वित्त विधेयक पर नहीं करेंगे हस्ताक्षर

नैरोबी, एजेंसी

- दशकों बाद केन्या की सरकार के खिलाफ हुए थे उग्र प्रदर्शन, टैक्स से धन जुटाना चाहती थी सरकार



केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो ने बुधवार को घोषणा की कि वह नए कर प्रस्ताव करने वाले वाले विधेयक पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे। राष्ट्रपति का यह बयान विधेयक के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन, प्रदर्शनकारियों के संसद पर हमला करने और कई लोगों के मारे जाने के एक दिन बाद आया है। दशकों बाद केन्या की सरकार के खिलाफ इतने उग्र प्रदर्शन हुए हैं।

सरकार ऋष्ण चुकाने के लिए नए कर से धन जुटाना चाहती थी, लेकिन केन्या के लोगों का कहना है कि इस विधेयक से आर्थिक मुश्किलें बढ़ेंगी क्योंकि लाखों लोगों को जीवनयापन के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। विवादित वित्त विधेयक को लेकर मंगलवार को देश में पैदा हुई अराजकता के मद्देनजर सरकार को सेना तैनात करनी पड़ी और रुटो ने प्रदर्शनकारियों की कार्रवाई को देशद्रोही करार दिया था। राष्ट्रपति ने अब कहा है कि इस विधेयक के कारण व्यापक असंतोष पैदा हुआ है और उन्होंने लोगों की बात सुनी है तथा उनकी बात मान ली है। उन्होंने कहा हमारे लिए एक राष्ट्र के रूप में इस बात पर चर्चा करना आवश्यक है कि हम देश के मामलों को एक साथ कैसे प्रबंधित करें। केन्या के लोगों को बुधवार को सड़कों पर आंसू गैस और सेना का सामना करना पड़ा।

## अमेरिकी पत्रकार पर रूस में जासूसी का मुकदमा

**येकातेरिनबर्ग।** जासूसी के आरोप में 15 माह पहले रूसी शहर येकातेरिनबर्ग में गिरफ्तार किए गए वॉल स्ट्रीट जर्नल के संवाददाता इवान गेर्शकोविच को बुधवार को मामले की सुनवाई शुरू होने पर अदालत में पेश किया गया। अदालत की कार्यवाही समाप्त होने से पहले पत्रकारों को कुछ मिनटों के लिए अदालत कक्ष में जाने की अनुमति दी गई।

दूतावास के अनुसार, मॉस्को स्थित अमेरिकी दूतावास के दो अधिकारियों को भी कुछ समय के लिए अदालत में जाने की अनुमति दी गई। अदालत के अधिकारियों ने बताया कि इवान गेर्शकोविच के मामले की अगली सुनवाई 13 अगस्त को निर्धारित की गई है। जर्नल के प्रकाशक, डॉव जोन्स के कार्यकारी उपाध्यक्ष और महाधिवक्ता जे कोन्टी ने एसोसिएटेड प्रेस के साथ एक साक्षात्कार में इस मुकदमे को एक दिखावा बताया।

## बॉलीवुड हलचल

### निरहुआ ने फिल्म संकल्प की शूटिंग पूरी की



**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ ने अपनी आने वाली फिल्म संकल्प की शूटिंग पूरी कर ली है। फिल्म संकल्प के निर्माता आदित्य कुमार झा और निर्देशक अशोक त्रिपाठी अतरी हैं। निरहुआ ने कहा, अभिनय मेरा मूल कार्य है और हमारी पार्टी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भी कहती है कि जिस काम से पहचान मिलती है, उसको प्राथमिकता से करते रहना चाहिए। उसके साथ समाज के लिए भी वक्त निकालना चाहिए। जनता के आदेश से मैंने सेवा की और अब फिल्मों के माध्यम से उनका मनोरंजन करूंगा। फिल्म संकल्प की शूटिंग चुनाव के पहले लगभग हो चुकी थी। कुछेक शेड्यूल की शूटिंग बाकी थी, जिसे हमने चुनाव बाद करने को तय किया था।

### पिता यश जौहर की पुण्यतिथि पर भावुक हुए करण जौहर



**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर अपने पिता यश जौहर की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें याद कर भावुक हो गए। करण जौहर ने अपने पिता यश जौहर की 20वीं पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए इंस्टाग्राम पर कई सारी तस्वीरें और एक नोट शेयर किया है। करण जौहर ने नोट में लिखा, मैं विश्वास नहीं कर सकता कि आपको गए हुए 20 साल हो गए। मेरे को इस बात का सबसे बड़ा डर था। 2 अगस्त 2003 को आपने मुझे बताया कि आपको ट्यूमर है। मेरा सबसे बुरा सपना मुझे देख रहा था और फिर भी उनके बच्चे के रूप में यह मेरा कर्तव्य था कि मैं पॉजिटिव रहूं और विश्वास बनाए रखूं। लेकिन भीतर की आवाज की सबसे बुरी बात ये है कि वो कभी गलत नहीं होते। इस घटना के 10 महीने बाद वो हमें छोड़कर चले गए।

### कमल हासन की फिल्म इंडियन 2 का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार कमल हासन की आने वाली फिल्म इंडियन 2 का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। वर्ष 1996 में प्रदर्शित फिल्म इंडियन में कमल हासन ने सेनापति नाम के स्वतंत्रता सेनानी का रोल किया था, जो भ्रष्टाचार से लड़ता है और फिल्म इंडियन के सीक्वल इंडियन 2 में उन्होंने इसी रोल में दमदार वापसी की है। ट्रेलर की शुरुआत एक वॉइस ओवर से होती है, जिसमें देश के हालात के बारे में बताया जाता है। कहा जाता है- कैसा देश है ये। पढ़े-लिखे लोगों के लिए काम नहीं, और काम है तो पगार नहीं। चोर चोरी करता रहेगा और अपराधी भी अपराध करता रहेगा।

**लक्ष्य** उपग्रह का प्रमुख लक्ष्य गामा-किरण विस्फोटों की तलाश व रहस्यों को समझना होगा

## ब्रह्मांड की थाह पाने के लिए फ्रांस व चीन का मिशन लॉन्च

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** ब्रह्मांड की थाह पाने के लिए फ्रांस ने चीन के साथ उपग्रह लॉन्च कर दिया है। इस उपग्रह का प्रमुख लक्ष्य गामा-किरण विस्फोटों की तलाश व रहस्यों को समझना है। यह उपग्रह लॉन्ग मार्च 2-सी रॉकेट द्वारा लॉन्च किया गया है।

इस मिशन में उपग्रह के साथ पेलोड स्पेस वेरिएबल ऑब्जेक्ट मॉनिटर (एसवीओएम) चार उपकरणों को ले जा रहा है, जो गामा-किरण विस्फोटों की खोज करेंगे। इस उपग्रह का भार 930 किलोग्राम है। दक्षिण-पश्चिमी सिचुआन प्रांत के जिचांग स्थित अंतरिक्ष अड्डे से बुधवार सांय 3 बजे उड़ान भरी। बता दें कि गामा-किरण विस्फोट आम तौर पर विशाल सितारों के विस्फोट के बाद होता है - जो सूर्य से 20 गुना से अधिक बड़े होते हैं। इसके अलावा कॉम्पैक्ट सितारों के संलयन के बाद होते हैं। यह भयानक विस्फोट हैं, जो एक अरब से अधिक सूर्यों के बराबर ऊर्जा का विस्फोट कर सकते हैं। इन विस्फोटों का प्रकाश हम तक पहुंचने में लंबा समय लगता है। मगर इस उपग्रह के जरिए जल्द विस्फोट की जानकारी जुटाई जानी आसान हो जाएगी।

मिशन में शामिल न्यूयॉर्क के फ्लैटिरॉन इंस्टीट्यूट, सेंटर फॉर एस्ट्रोफिजिक्स के खगोल भौतिकीविद ओरे गोटलिब के अनुसार ब्रह्मांड के इतिहास और विकास को बेहतर ढंग से समझने के लिए मूल्यवान डेटा जुटाएगा। यह मिशन ब्रह्मांड में सबसे दूर के जीआरबी का पता लगाने में भी मददगार साबित होगा। अब तक पहचाने गए सबसे दूर के विस्फोट बिग बैंग के ठीक 630 मिलियन वर्ष बाद उत्पन्न हुए थे। यह समय ब्रह्मांड के प्रारंभिक अवस्था का था। पेरिस इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स के खगोल भौतिकीविद् फ्रेडरिक डेग्ने ने कहा कि वैज्ञानिक गामा-किरण विस्फोटों में रुचि रखते हैं, क्योंकि वे बहुत चरम ब्रह्मांडीय विस्फोट हैं जो हमें कुछ सितारों की मृत्यु को बेहतर ढंग से समझने की अनुमति देते हैं।



फ्रांस व चीन द्वारा लांच किया गया अंतरिक्ष मिशन। ● अमृत विचार

### दुनिया के वैज्ञानिकों के लिए मददगार होगा यह मिशन

अंतरिक्ष मिशन बेहद खर्चीले व इनके निर्माण में लंबा समय लगने के कारण किसी एक देश के बल पर निर्भर नही हो सकता है। इसलिए दुनिया के देश साझा परियोजना बनाते हैं। जिनका लाभ पूरी दुनिया के वैज्ञानिकों को मिलता है। यह परियोजना फ्रांसीसी और चीनी अंतरिक्ष एजेंसियों के साथ-साथ कई अन्य देशों के वैज्ञानिक और तकनीकी समूहों के बीच साझेदारी है।